* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 351

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

अंबानी बने भारत के सबसे रइस अरबपति, हिंडनबर्ग की वजह से अडानी को बड़ा नुकसान







PARADISE FURNITURES
EXCLUSIVE FURNITURE DISCOUNT 15%OFF
World Class Furniture....
7 DAYS OPEN
BIGGEST SHOWROOM SUNDAY OPEN
A HOUSE OF INNOVATIVE (INDIAN) IMPORTED INDOOR & OUTDOOR FURNITURE



Buy Sofa set & get Centre Table FREE
Buy Bed set & get Mattress FREE
Buy Dinning Table & get Cabinet FREE
Buy Mattress & get Bedsheet + Pillow FREE
.... and many more
Exchange Your old furniture Get Flat 30% *off on new furniture! Enjoy Flat 15% off without exchange
0% FINANCE FACILITY
BAJAJ FINSERV
Argora By Pass Road, Harmu, Ranchi
Phone : 0651-2244167, 7781014100
7781014101, 7781014102

KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharma
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177


# राजकीय सम्मान से होगा कार्डिनल का अंतिम संस्कार

- मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने जारी किया आदेश
- पार्थिव शरीर संत मरिया महागिरजा चर्च लाया गया
- चर्च में लगा अंतिम दर्शन करनेवालों का तांता
- राज्यपाल और मुख्यमंत्री आज श्रद्धांजलि देने जायेंगे

अजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर छह दिनों के बाद मांडर के लिवंस अस्पताल से रांची संत मरिया महागिरजा चर्च लाया गया। उनके सम्मान में संत जॉन्स स्कूल, उर्सुलाइन, संत अलोइस और संत जेवियर कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद रहे। इस दौरान कार्डिनल के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पी टोप्पो की आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जायेगी। वहीं 11 अक्टूबर को रांची के लोयला मैदान में कार्डिनल का धर्म विधि संस्कार किया जायेगा और राज्यभर के लगभग 10 बिशप और 400 से अधिक पल्ली पुरोहित और फादर की अगुवाई में संत मरिया महागिरजा घर में उन्हें दफनाया जायेगा। राज्यपाल और मुख्यमंत्री बुधवार को कार्डिनल टोप्पो को श्रद्धांजलि देने आयेंगे।



**दोपहर 1 बजे होगा अंतिम संस्कार**

राज्य सरकार ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्णय लिया है। रांची के पुरुलिया रोड स्थित सेंट मैरी कैथेड्रल में 11 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा। उधर, बुधवार को राज्य भर के सभी मिशनरी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की गयी है।

### अंतिम दर्शन के लिए रखा जायेगा पार्थिव शरीर

गौरतलब है कि कार्डिनल्आ तेलेस्फोर पी टोप्पो का निधन 4 अक्टूबर को मांडर स्थित लिवंस अस्पताल में हुआ था। उन्होंने 84 साल की उम्र में अंतिम सांस ली थी। छह दिनों तक उनके पार्थिव शरीर को मार्चरी में रखा गया था। मंगलवार को कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर को विधि संस्कार के साथ लिवंस हॉस्पिटल से रांची लाया गया। इस दौरान हजारों धर्म बहनों ने दो किमी लंबी मानव श्रृंखला बना कर कार्डिनल टोप्पो के पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा कर अंतिम विदाई दी। लिवंस हॉस्पिटल से लेकर मांडर बाजार तक कार्डिनल टोप्पो के अंतिम दर्शन के लिए सड़क की एक साइड में दो कतारें लगी थीं।

## सीएम झारखंड पुलिस अकादमी के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

# आप ग्रामीण युवाओं के आइकॉन बनें : हेमंत



- मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु पदाधिकारियों को दी बधाई
- परेड का किया निरीक्षण सलामी भी ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज आपके लिए अत्यंत गर्व का दिन है। आप एक नयी जिंदगी की शुरुआत करने जा रहे हैं। अब आपको कर्तव्य पथ पर चलना है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपने यहां जो राष्ट्र सेवा की शपथ ली है, उस पर आप खरा उतरेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग में 7वीं से 10वीं बैच के 39 प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों और 14 जिला समादेष्टाओं, गृह रक्षा वाहिनी के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के युवा बड़े- बड़े पदों पर आ रहे हैं। वे अपनी मेहनत और लगन से अपना अलग मुकाम बना रहे हैं। आपने पुलिस सेवा में आकर जो उपलब्धि हासिल की है, वह युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करेगा। मेरा मानना है कि आप ग्रामीण नौजवानों के लिए आइकन बनें। इस अवसर पर उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। उन्होंने सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों और उनके अभिभावकों को नयी शुरुआत के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर अमर शहीद जवानों को नमन किया।

### प्रशिक्षण से बढ़ेगा आत्म बल और विश्वास

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने यहां जो कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह आपके जीवन में ऐतिहासिक कार्य के रूप में अंकित होगा। प्रशिक्षण से आपका आत्मबल और विश्वास बढ़ेगा। यह आपकी कार्य कुशलता को बढ़ायेगा। खासकर प्रशिक्षण के दौरान आपने जो सीखा है, वह कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान जो चुनौतियां मिलेंगी, उससे निपटने में मददगार साबित होगा।

### आपकी सेवा आम नागरिकों को समर्पित है

हेमंत सोरेन ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आपकी सेवा आम नागरिकों को समर्पित है। आप सभी इस बात से भली-भांति वाकिफ हैं कि झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। यहां के लोग काफी भोले-भाले, सीधे और सरल होते हैं। वे जब आपके पास अपनी परेशानियों को लेकर आयेंगे, तो आपसे उम्मीद है कि उनकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनेंगे और उसका समाधान करेंगे।

### अमर्त्य सेन के निधन की खबर झूठी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रख्यात अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन की मौत को लेकर एक फर्जी ट्वीट से मंगलवार को हड़कंप मच गया। 89 वर्षीय भारतीय अर्थशास्त्री ठीक हैं और अपने परिवार के साथ हैं। उनकी मौत की अफवाह अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन के नाम से बने एक फर्जी ट्विटर हैंडल से किये गये ट्वीट के बाद उड़ी थी। बता दें कि इस साल नोबेल अर्थशास्त्र का पुरस्कार आर्थिक इतिहासकार क्लाउडिया गोल्डिन को मिला है। फर्जी ट्वीट वायरल होने के बाद खुद अमर्त्य सेन के परिवार ने उनकी मौत की अफवाहों का खंडन किया है।

# झारखंड में लगे राष्ट्रपति शासन : बाबूलाल

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्यपाल को लिखी चिट्ठी, किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को पत्र लिख कर झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने का आग्रह किया है। बाबूलाल ने लिखा है कि झारखंड में संवैधानिक तंत्र विफल हो गया है। राज्य में मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार की जांच कर रही जांच एजेंसियों के प्रति राज्य सरकार और उसके अधिकारियों का रवैया ठीक नहीं है। जांच एजेंसियां 2022 से राज्य के मुख्य सचिव के कार्यालय को पत्र लिख रही हैं और उनसे कार्रवाई करने का अनुरोध कर रही हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मनी लांड्रिंग के कुछ मामलों में इडी की तरफ से कई अनुरोध भेजे गये हैं, लेकिन उन पर ना कोई कार्रवाई हुई और न ही जवाब दिया गया।

### अधिकारियों के खिलाफ मामले लंबित



बाबूलाल ने कहा कि मुख्य सचिव के कार्यालय में भ्रष्टाचार के मामलों में उच्च अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के दस से अधिक मामले लंबित हैं। जांच एजेंसियों को न तो कोई जवाब दिया गया है और न ही कोई कार्रवाई की गयी है, खासकर उन मामलों में, जहां एजेंसियों द्वारा उक्त अनुरोध के साथ भारी सबूत उपलब्ध कराये गये हैं। बाबूलाल ने कहा कि इसे लेकर उन्होंने मुख्य सचिव के साथ-साथ मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा था, लेकिन दोनों में से किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। इससे यह साबित होता है कि राज्य सरकार सक्रिय रूप से आरोपी व्यक्तियों को बचा रही है। सरकार संविधान की मूल भावना के विपरीत कार्य कर रही है, जिसके कारण संवैधानिक तंत्र टूट गया है। बाबूलाल ने राज्यपाल से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

# इजराइल के पीएम ने मोदी को किया फोन

- प्रधानमंत्री ने कहा- हम हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ
- इजराइल में हमास से लड़ने के लिए यूनिटी गवर्नमेंट बनेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** हमास के खिलाफ जंग के चौथे दिन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया। इस दौरान उन्होंने मोदी को जंग के बारे में पूरी जानकारी दी। इसके बाद पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजराइल के साथ हैं। हम हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ हैं। इससे पहले इजराइल की सेना ने घोषणा कि है कि हमने गाजा के बॉर्डर पर कब्जा कर उसे पूरी तरह से सील कर दिया है। सेना ने रातभर गाजा में 200 जगहों पर स्ट्राइक की। अब तक हमास के 1500 लड़ाके मारे जा चुके हैं। वहीं, जंग में इजराइल के 123 सैनिकों की मौत हो चुकी है। इजराइल में 1973 के बाद पहली बार यूनिटी गवर्नमेंट बनेगी। इसके लिए सत्ताधारी लिकुड पार्टी के गठबंधन ने हामी भर दी है। यानी इजराइल में ऐसी सरकार बनेगी, जिसमें सभी पार्टियां शामिल होंगी। यूनिटी गवर्नमेंट या वॉर कैबिनेट जंग के वक्त बनती है।

## राहुल गांधी ने जयपुर का एक वीडियो यूट्यूब पर डाला


# बिजी रहने के कारण शादी के बारे में सोच नहीं सका

- कॉलेज में लड़कियों के साथ की बातचीत, दिये कई जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राजस्थान के जयपुर स्थित महारानी कॉलेज में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्राओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने निजी जीवन से जुड़े सवालों के जवाब दिये। राहुल गांधी से जयपुर में लड़कियों ने पूछा कि अब तक आपने शादी क्यों नहीं की? इस पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि अपने काम और कांग्रेस पार्टी के भीतर इतना बिजी हो गया कि शादी के बारे में सोच ही नहीं सका। छात्राओं ने राहुल से यह भी पूछा कि अगर आपको एक दिन के लिए देश का प्रधानमंत्री बना दिया जाये तो आप क्या करेंगे? हालांकि, इस सवाल का जवाब वाला हिस्सा वीडियो में नहीं दिया गया।

दरअसल, राहुल पिछले दिनों जयपुर स्थित महारानी कॉलेज गये थे। वहां छात्राओं के साथ संवाद किया था। उन्होंने एक छात्रा के साथ स्कूटी की सवारी भी की थी। कॉलेज छात्राओं ने उनसे पसंदीदा खाने से लेकर फेवरेट प्लेस तक कई सवाल किये। राहुल गांधी के 13 मिनट का यह वीडियो उनके यूट्यूब चैनल में अपलोड किया गया है। इस संवाद के दौरान एक छात्रा ने सवाल किया, कि सर, आप इतने स्मार्ट हैं, इतने अच्छे दिखते हैं, फिर अब तक शादी के बारे में क्यों नहीं सोचा? इसके जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि क्योंकि मैं अपने काम में, कांग्रेस पार्टी में बिल्कुल उलझ गया हूं।



### जाति जनगणना को लेकर किया सवाल

छात्राओं ने जाति जनगणना को लेकर भी सवाल किया। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि वह पूरी तरह जाति जनगणना के पक्ष में हैं, क्योंकि यह जाति जनगणना एक 'एक्स-रे' की तरह है, जिससे अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी), दलितों और आदिवासी समुदायों की वास्तविक स्थिति के बारे में पता चल सकेगा।

### सिर्फ पानी से धोते हैं चेहरा

एक छात्रा ने राहुल गांधी से उनके चेहरे की चमक का राज पूछना चाहा तो कांग्रेस नेता ने कहा कि वह अपने चेहरे को धोने के लिए साबुन और क्रीम का इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि सिर्फ पानी से चेहरा साफ करते हैं। एक छात्रा ने पूछा अगर आप नेता नहीं बनते तो क्या बनते? राहुल ने कहा कि मैं बहुत कुछ बन सकता था। जैसे- टीचर या फिर कुक। एक अन्य छात्रा ने पूछा, आपकी कॉलेज क्रश का नाम क्या है? राहुल ने जवाब नहीं दिया। इसी तरह एक छात्रा ने पसंदीदा खाना के बारे में पूछा, तो कहा कि करेला, मटर और पालक को छोड़ कर किसी चीज से कोई दिक्कत नहीं है। एक छात्रा ने पूछा कि अगर आप एक दिन के लिए प्रधानमंत्री बने, तो क्या करना चाहेंगे? वीडियो में इस सवाल के जवाब का हिस्सा नहीं है।

## न्यूज रील्स

### लावा इंटरनेशनल के एमडी सहित चार गिरफ्तार

नयी दिल्ली। इडी ने मंगलवार को चीनी कंपनी वीवो मोबाइल के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ये गिरफ्तारियां हुई हैं। इनमें चीनी नागरिक गुआंगवेन क्यांग, लावा इंटरनेशनल के एमडी हरिओम राय, चार्टर्ड अकाउंटेंट राजन मलिक और नितिन गर्ग शामिल हैं।

### आप विधायक अमानतुल्ला के घर इडी की रेड

नयी दिल्ली। इडी ने मंगलवार को आप विधायक अमानतुल्ला खान के घर छापा मारा। ये कार्रवाई मनी लांड्रिंग से जुड़े एक केस में की जा रही है। इडी ने ये कार्रवाई दिल्ली एसीबी की तरफ से दाखिल दो एफआइआर के तहत की है। ये एफआइआर दिल्ली वक्फ बोर्ड में नौकरियों में अनियमितताओं से जुड़ी हैं। अमानतुल्ला खान वक्फ बोर्ड में चेयरमैन हैं।

### सांसद संजय सिंह की रिमांड 13 तक बढ़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली शराब नीति घोटाले में गिरफ्तार आप सांसद संजय सिंह की रिमांड कोर्ट ने तीन दिन के लिए बढ़ा दी है। इडी ने मंगलवार को पांच दिन की रिमांड पूरी होने के बाद दोबारा उन्हें कोर्ट में पेश किया।


KUNDAN MARBLE & SANITATIONS



HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 54,600 रु./10 ग्राम
चांदी 740रु,000 रु./प्रति किलो



# राजस्थान में कांग्रेस के सामने मुश्किलें हजार

## ■ सत्ता विरोधी लहर के अलावा कई मुद्दों पर घिर रही है पार्टी

## ■ टिकट वितरण से ही शुरू हो गया है पार्टी का अंदरूनी कलह

## ■ हर चुनाव में सत्ता परिवर्तन का रहा है प्रदेश का ट्रैक रिकॉर्ड

**अगले महीने जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होगा, उनमें कांग्रेस के लिए राजस्थान की राह सबसे कठिन दिख रही है, क्योंकि पार्टी अभी सत्ता में है और उसे सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है। राजस्थान के मतदाताओं ने हर चुनाव में सत्ता परिवर्तन की परंपरा बना कर रखी है और इस बार भी यह कायम रही, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। हालांकि कांग्रेस की ओर से लगातार दावा किया जा रहा है कि इस बार यह परंपरा टूटेगी और वह सत्ता में लौटेगी। लेकिन पार्टी नेता राहुल गांधी ने पिछले दिनों साफ कहा था कि राजस्थान में मुकाबला कांटे का है। तमाम सर्वेक्षण भी यहां कांग्रेस की राह मुश्किल बता रहे हैं। ऐसे में यह जानना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस की सत्ता में वापसी की राह में क्या चुनौतियां हैं। वास्तव में कांग्रेस के सामने यहां सत्ता विरोधी लहर के अलावा कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनके कारण टिकट वितरण से ही उसके भीतर का कलह सामने आने लगा है। इनमें भ्रष्टाचार से लेकर हिंदू विरोधी छवि और कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति तक शामिल है। प्रदेश में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच रार किसी से छिपी नहीं है। हालांकि अब दोनों नेताओं में समझौता हो गया है, लेकिन इसका असर आनेवाले चुनावों में जरूर पड़ेगा। कांग्रेस की इस कमजोरी के कारण भाजपा खेमे में नया उत्साह है। वह उम्मीद कर रही है कि कांग्रेस की कमजोरी का लाभ वह उठा सकेगी। क्या हैं राजस्थान में चुनावी मुद्दे और कांग्रेस के सामने चुनौती, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

रजवाड़ों के रंगीले प्रदेश राजस्थान की दो सौ सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही राज्य का सियासी माहौल एकदम से गरम हो गया है। 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने एक सौ सीटों पर जीत दर्ज कर सत्ता हासिल की थी, जबकि भाजपा को 73 विधानसभा सीटों पर जीत मिली थी। अन्य के खाते में 27 सीटें आयी थीं। कांग्रेस को कुल 39.3 फीसदी और भाजपा को 38.8 फीसदी वोट मिले थे।

राजस्थान के 5.27 करोड़ मतदाताओं का मिजाज ही कुछ ऐसा रहा है कि राज्य में 30 साल से कोई भी पार्टी दोबारा जीत कर सिंहासन पर नहीं बैठ पाती है। इसका सबूत है कि विधानसभा चुनाव 2013 में 163 सीट के साथ बड़ी जीत दर्ज कर सत्ता में आयी भाजपा को 2018 में मतदाताओं ने सिंहासन से हटा दिया। साल 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को महज 21 सीटों से संतोष करना पड़ा था। वहीं, तब अन्य के खाते में 16 विधानसभा सीटें आयी थीं। साल 2013 के चुनाव में भाजपा को 45.2 फीसदी और कांग्रेस को 33.1 फीसदी वोट मिले थे।

### कांग्रेस को कई मोर्चों पर मिलेगी चुनौती

राजस्थान में विधानसभा की कुल दो सौ में से 59 सीटें एससी-एसटी प्रत्याशियों के लिए आरक्षित हैं। राज्य में 1993 से जनता ने किसी भी मुख्यमंत्री को लगातार दो बार सत्ता की चाबी नहीं सौंपी है। लेकिन इस बार कांग्रेस को भरोसा है कि यह परंपरा 2023 में टूटेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस बार जनकल्याण योजनाओं के भरोसे चुनावी रण में उतर रहे हैं, लेकिन उन्हें और कांग्रेस को भाजपा से कड़ी टक्कर मिलती हुई दिख रही है। यही नहीं, सीएम गहलोत को अपनी ही पार्टी के अंदर से भी कड़ी चुनौती मिल सकती है। ऐसे में इस बार फिर सत्ता पर काबिज होने के लिए उन्हें कई मोर्चों पर लड़ कर जीतना पड़ेगा।



### पायलट खेमे से गहलोत को निपटना होगा

सीएम गहलोत और कांग्रेस को लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए पहले तो सत्ता विरोधी लहर से निपटना पड़ेगा। फिर हर बार सीएम बदलने की परंपरा से दोचार होना पड़ेगा। कांग्रेस ने 2023 की शुरुआत में एक निजी कंपनी को अपनी छवि को बेहतर बनाने के काम पर लगाया है। वहीं, मुख्यमंत्री गहलोत को उम्मीद है कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गयी जनकल्याण योजनाओं का चुनाव में उनको फायदा मिलेगा। यही नहीं, गहलोत सरकार ने कई मुफ्त योजनाएं भी शुरू की हैं। हालांकि सियासी दांवपेचों के जादूगर माने जाने वाले गहलोत को कांग्रेस के अंदरूनी कलह से भी निपटना होगा। उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि सचिन पायलट के खेमे के नेता उनका खेल बिगाड़ ना दें।

### भाजपा को पीएम मोदी के करिश्मे का सहारा

भारतीय जनता पार्टी राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में पूरी तरह से पीएम नरेंद्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व पर निर्भर है। पार्टी को उम्मीद है कि राजस्थान की जनता पीएम मोदी के नाम पर वोट करेगी। पिछले चार विधानसभा चुनावों के उलट इस बार भाजपा वसुंधरा राजे सिंधिया को मुख्यमंत्री के तौर पर पेश नहीं कर रही है। इसके बजाय वह कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिक तनाव और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर मौजूदा गहलोत सरकार को घेरने की रणनीति पर चल रही है। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्रामीण इलाकों में हर मतदाता तक पहुंचने की रणनीति को अमल में लाने में जुट गया है।

### पेपर लीक और ध्रुवीकरण बनेगा मुसीबत

कांग्रेस के लगातार दूसरी बार राजस्थान की सत्ता में लौटने की राह में पेपर लीक और ध्रुवीकरण जैसे मुद्दे मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। बीते पांच साल में राजस्थान में 14 सरकारी नियुक्ति परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। इस वजह से इन परीक्षाओं में बैठने वाले एक करोड़ से ज्यादा युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। उनकी कड़ी मेहनत पर पेपर लीक की वजह से पानी फिर गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर रैली में इस मुद्दे पर खुल कर बोल रहे हैं। इसके अलावा त्योहारी मौसम में सांप्रदायिक तनाव राजस्थान के लिए आम बात बन गयी है। जून 2022 में एक दर्जी की गला काट कर हत्या का मुद्दा सुर्खियों में रहा था। वहीं, राजस्थान हाइकोर्ट ने 2008 में हुए जयपुर बम धमाकों के सभी आरोपियों को छोड़ दिया, तो कांग्रेस पर तुष्टिकरण के आरोप लगे।

### भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं छोड़ रहा पीछा

गहलोत सरकार पर भ्रष्टाचार के भी कई आरोप हैं। जयपुर के दोनों मेयर को निलंबित करना पड़ा, क्योंकि उनके पतियों पर घूसखोरी के आरोप लगे। एंटी-करप्शन ब्यूरो ने कई आइएएस और आइपीएस अधिकारियों को भ्रष्टाचार के मामलों में पकड़ा। बात यहीं खत्म नहीं हो जाती है। ग्रामीण इलाकों में कई पटवारियों और तहसीलदारों को, जबकि निकायों में बाबुओं को घूसखोरी के मामलों में गिरफ्तार किया गया। कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार से जुड़े ये सभी मुद्दे विधानसभा चुनाव 2023 में भारी पड़ सकते हैं। इसके अलावा राजस्थान चुनाव में कानून-व्यवस्था भी बड़ा मुद्दा बन सकती है। बीते पांच साल में राजस्थान में स्ट्रीट क्राइम, गैंग वार, वसूली और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में उछाल दर्ज किया गया है। साल 2021 में राजस्थान महिलाओं के साथ दुराचार के मामले में देश में सबसे ऊपर रहा है। हाल में ही भीलवाड़ा में एक नाबालिग बच्ची को गैंगरेप के बाद जला कर मारने की घटना पूरे देश में चर्चा का विषय बनी।

### राजस्थान चुनाव में कौन-कौन बड़े चेहरे

अगर राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में बड़े चेहरों की बात करें, तो सबसे पहला नाम मौजूदा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आता है। कांग्रेस के 72 वर्षीय वरिष्ठ नेता चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बन कर इतिहास रचना चाहते हैं। गहलोत बिना थके, बिना रुके काम कर रहे हैं। बीते पांच साल में उन्होंने कई बार अपनी राजनीतिक सूझबूझ का परिचय भी बखूबी दिया है। उन्होंने सचिन पायलट से कांग्रेस के अंदर ही मिल रही चुनौती को पटखनी देकर अपनी राजनीति के जादूगर के तमगे को चरितार्थ किया।

वहीं, भाजपा की ओर से 70 वर्षीय वसुंधरा राजे को इस बार सीएम प्रत्याशी के तौर पर पेश नहीं किया जा रहा है। इससे नाराज वसुंधरा राजे ने पार्टी की परिवर्तन संकल्प यात्रा से किनारा कर लिया था। हालांकि, अगर वह सक्रिय हो जाती हैं, तो भाजपा को बड़ा फायदा होगा। वहीं, राज्य के नाराज नेताओं की सूची में कांग्रेस के बड़े नेता सचिन पायलट का नाम भी शुमार है। वह कई बार पार्टी और गहलोत को अपने तेवर दिखा चुके हैं।

इन तमाम परिस्थितियों में कांग्रेस के लिए सत्ता में वापसी की राह में कई मुश्किलें दिखाई दे रही हैं। पार्टी नेता राहुल गांधी ने पिछले दिनों कहा भी था कि राजस्थान में मुकाबला कांटे का होनेवाला है। ऐसे में अब 3 दिसंबर का ही इंतजार करना होगा, जब यह देखने को मिलेगा कि राजस्थान की सत्ता परिवर्तन की परंपरा कायम रहती है या नहीं।

# वे मुद्दे, जो छत्तीसगढ़ में करा सकते हैं भाजपा की सत्ता में वापसी

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बीजेपी को 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। सत्ता विरोधी लहर के अलावा, भ्रष्टाचार के आरोप, पार्टी संगठन और उसके नेतृत्व वाली सरकार के बीच समन्वय की कमी और अन्य पिछड़ा वर्ग द्वारा कांग्रेस के पक्ष में मतदान करना, पांच साल पहले उसकी हार के कुछ प्रमुख कारणों में से एक था। 2018 के चुनाव में बीजेपी ने संख्या के आधार पर प्रभावशाली अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साहू समुदाय से आनेवाले 14 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा, लेकिन उनमें से 13 को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने पिछले साल साहू समाज से आनेवाले पार्टी सांसद अरुण साव को अपनी राज्य इकाई का प्रमुख नियुक्त किया। पार्टी का यह कदम इस बार उसके पक्ष में काम कर सकता है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में 90 सीटें हैं। भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए 85 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने किसी एक व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश किये बिना सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

### मोदी फैक्टर और आरएसएस की सक्रियता भी करेगी काम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता राज्य में पार्टी के पक्ष में काम कर सकती है। 2018 में कांग्रेस से करारी हार झेलने के बाद भाजपा ने मोदी की मजबूत छवि के दम पर 2019 में राज्य की 11 लोकसभा सीटों में से नौ पर कब्जा करके प्रभावशाली वापसी की थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जिसने 2018 में खुद को भाजपा की राज्य इकाई से दूर कर लिया था, इस बार जमीन पर सक्रिय दिख रहा है। भाजपा वर्तमान कांग्रेस शासन के दौरान बेमेतरा और कबीरधाम जिलों में हुई सांप्रदायिक हिंसा और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में कथित धर्मांतरण की घटनाओं को सामने रख कर अपनी पारंपरिक हिंदुत्व विचारधारा को पेश करने की कोशिश कर रही है।

### भाजपा के लिए अवसर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग और शराब व्यापार में कथित घोटालों को लेकर सत्ताधारी दल कांग्रेस के खिलाफ लोगों में गुस्सा है। राज्य में ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस के अग्रिम पंक्ति के नेताओं के बीच कथित मतभेद अब नहीं हैं, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक कांग्रेस के भीतर मचे घमासान से भाजपा को फायदा हो सकता है। भाजपा को उम्मीद है कि आम आदमी पार्टी (आप) और सर्व आदिवासी समाज के उम्मीदवार कांग्रेस के आधार क्षेत्र में सेंध लगा सकते हैं।

### कांग्रेस की कमजोरियां

कांग्रेस की राज्य इकाई में गुटबाजी और अंदरुनी कलह है। पिछले पांच वर्षों में, पार्टी में मुख्यमंत्री बघेल के धुर विरोधी टीएस सिंहदेव ने कई बार विद्रोह का झंडा उठाया है। आखिरकार पार्टी को इस साल की शुरूआत में उन्हें उपमुख्यमंत्री नियुक्त करके संतुष्ट करना पड़ा। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के भी बघेल के साथ अच्छे संबंध नहीं थे। हालांकि, कुछ महीने पहले ही उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। इन सबके बावजूद पार्टी में अंदरूनी कलह अभी भी बरकरार बतायी जाती है। बघेल सरकार राज्य में कोयला परिवहन, शराब बिक्री, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) कोष के उपयोग और लोक सेवा आयोग भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रही है। वर्तमान शासन के दौरान राज्य में धर्मांतरण, सांप्रदायिक हिंसा और झड़पों की कुछ घटनाएं हुईं, जिससे विपक्षी दल भाजपा को कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाने का मौका मिला।

## राजनीतिक हलचल

# डोला रे डोला जीतन का मन डोला

### क्या नीतीश की सियासी खिचड़ी चख चुके हैं मांझी, एनडीए के लिए कहीं फीका पकवान न साबित हो जायें जीतन राम मांझी

बिहार के सीएम नीतीश कुमार की सियासी स्ट्रेटेजी को समझना आसान नहीं। आसान कैसे होगा, क्योंकि नीतीश के दायें हाथ को भी पता नहीं होता कि उनका बायां हाथ क्या करनेवाला है। कब उनका मन किस ओर लुढ़क जाये कहा नहीं जा सकता। नीतीश कुमार आजकल गोपनीय बैठकें कर रहे हैं। नीतीश अपना जनाधार बढ़ाना चाहते हैं। पहले महागठबंधन के साथ आने पर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू से जिस तरह लोगों ने नाता तोड़ना शुरू किया, उससे तो यही लगा था कि अब पार्टी का बचना मुश्किल है। एनडीए के नेता भी दावा करने लगे कि कि जेडीयू में भगदड़ रुकनेवाली नहीं है। कई तो यह भी मानने लगे कि नीतीश अब अधिक दिनों तक सीएम की कुर्सी पर नहीं रह पायेंगे। ऐसा कहने-मानने वालों में न सिर्फ नीतीश के विरोधी दलों के लोग शामिल थे, बल्कि महागठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी आरजेडी की ओर से भी ऐसे बयान लगातार आ रहे थे। जब से बिहार में जाति सर्वेक्षण की रिपोर्ट जारी हुई है, उसके बाद से बड़े राजनीतिक उलट-फेर की सुगबुगाहट शुरू हो गयी है। सर्वे में आये आंकड़ों पर कई दलों ने प्रत्यक्ष तौर पर आपत्ति भले जतायी है, लेकिन उनके मन में अपने जाति-समुदाय के आंकड़े देख कर खुशी भी है। जिन लोगों ने आंकड़ों पर संदेह जताया है, उन्हें तेजस्वी यादव ने सलाह दे डाली है कि बीजेपी से कह कर दोबारा सर्वेक्षण करा लें। इसलिए कि आपत्ति जतानेवालों में ज्यादातर एनडीए के ही नेता हैं। बहरहाल, बिहार के पूर्व सीएम और महागठबंधन छोड़ कर कुछ ही महीने पहले एनडीए का हिस्सा बने जीतन राम मांझी के बारे में एक चौंकानेवाली खबर आयी है। अगर नीतीश कुमार का प्लान जे यानी जीतन राम मांझी के बारे में सही सूचनाएं हैं तो मांझी फिर पाला बदल कर महागठबंधन का हिस्सा बन जायें, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।

### नीतीश की तरह जीतन भी पाला बदलने में माहिर

जीतन राम मांझी अगर एनडीए छोड़ते हैं ,तो यह पहली बार नहीं होगा, जब उन्होंने पाला बदल किया हो। अब तक अलग-अलग दलों-गठबंधनों में वह आठ बार आवाजाही कर चुके हैं। नीतीश कुमार ने कुछ महीनों के लिए मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था। बाद में उन्हें कुर्सी से बेदखल कर दिया। मांझी इतने नाराज हुए कि उन्होंने अपनी पार्टी हिंदुस्तान आवाम मोर्चा, हम बना ली। नीतीश कुमार महागठबंधन के नेता के रूप में 2015 में बिहार के सीएम बने, लेकिन 2017 में एनडीए के साथ चले गये। जीतन राम मांझी ने महागठबंधन के साथ अपनी राजनीति का अगला अध्याय शुरू किया, लेकिन 2020 के विधानसभा चुनाव में उनका मन बदला और महागठबंधन छोड़ एनडीए के साथ आ गये। नीतीश कुमार ने जेडीयू कोटे से मांझी को चार विधानसभा सीटें दीं। सब पर उनके उम्मीदवार जीत भी गये। बेटे संतोष सुमन नीतीश कैबिनेट में मंत्री भी बने। नीतीश ने जब 2022 में एनडीए छोड़ी, तो मांझी को यह पसंद नहीं आया। उनका मन एनडीए में ही रहने का था। आखिरकार, उन्होंने महागठबंधन से रिश्ता तोड़ा और उनके बेटे ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। फिलहाल जीतन राम मांझी एनडीए में हैं।

### कास्ट सर्वे में तीन प्रतिशत आबादी से जीतन राम मांझी में उत्साह

जाति गणना की रिपोर्ट में मांझी की बिरादरी की आबादी तीन प्रतिशत बतायी गयी है। इससे मांझी का उत्साह बढ़ा है। वह तो यह भी सपना देखने लगे हैं कि बिहार की दलित-महादलित आबादी अगर एक हो जाये, तो बड़ी आबादी के वह नेता बन सकते हैं। बिहार में दलित-महादलित आबादी करीब 20 प्रतिशत है। इन जातियों के नेताओं में अभी जीतन राम मांझी, चिराग पासवान, पशुपति पारस और जनक राम की गिनती होती है। संयोग से ये सभी अभी एनडीए के साथ हैं। अगर तीनों एक हो जायें, तो बिहार की राजनीति की दिशा और दशा बदल सकती है। भाजपा को इनकी जाति के वोटों पर भरोसा है। भाजपा का मानना है कि दलितों-महादलितों की 20 प्रतिशत आबादी और सवर्णों की 14 प्रतिशत आबादी ने साथ दे दिया, तो उसकी वैतरणी पार होने में कोई मुश्किल नहीं होगी।

### भाजपा के दलित नेताओं को तोड़ना चाहते हैं नीतीश

नीतीश किसी भी तरह भाजपा के दलित नेताओं को तोड़ना चाहते हैं, जिससे लोकसभा चुनाव में बड़ी ताकत बन सकें। हाल ही में नीतीश ने अपनी पार्टी के मुस्लिम नेताओं से मुलाकात की थी। मुस्लिम वोटर नीतीश से नाराज बतायें जा रहे हैं। इसका संकेत 2020 के विधानसभा चुनाव में ही मिल गया था। नीतीश ने जेडीयू से 11 मुस्लिम कैंडिडेट उतारे थे, लेकिन एक भी जीत नहीं पाया। उल्टे असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम ने बिहार में पांच सीटें हथिया लीं। बाद में इस पार्टी के चार विधायक राजद में चले गये। यही वजह है कि नीतीश कुमार बारी-बारी से उन तमाम लोगों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जो उनसे बिदक कर दूर जा चुके हैं।

### जीतन का मन लगा है डोलने

नीतीश कुमार जाति सर्वे रिपोर्ट जारी होने के दूसरे ही दिन 4 अक्टूबर को नालंदा गये थे। नालंदा से वापसी के क्रम में उनकी मुलाकात जीतन राम मांझी से राजगीर में हुई। मुलाकात अचानक हुई या पूर्व प्रायोजित थी, यह किसी को नहीं पता, पर घंटा भर से अधिक देर तक दोनों के बीच संवाद चला। दोनों ने क्या बात की, यह भी किसी को मालूम नहीं, लेकिन मुलाकात की गोपनीयता बहुत कुछ संकेत दे देती है। माना जा रहा है कि नीतीश ने मांझी को महागठबंधन में पुनर्वापसी की सलाह दी है। सूचना आ रही है कि वह भी शायद तैयार हो गये हैं। अगर ऐसा हुआ तो बिहार में एनडीए को बड़ा झटका लग सकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 21.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.44 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 11 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



# जेएमएम, कांग्रेस और राजद सरकार से नहीं होगा झारखंड का भला : बाबूलाल

**पोटका विधानसभा में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान**

**झारखंड में लूटनेवालों को मिल रही सुरक्षा और व्यापारियों की हो रही है हत्या, पुलिस से आग्रह के बाद भी नहीं मिली सुरक्षा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संकल्प यात्रा के आठवें चरण के दौरान पोटका विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोला और भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी गांव गरीबों की चिंता करते हैं। केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी ने गरीबी को करीब से देखा है। मां बहनों की कठिनाइयों को देखा है, इसलिए प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने मां-बहनों को ध्यान में रख कर सबसे पहले इज्जत घर (शौचालय) का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध करवाया, जबकि घोषणावीर हेमंत सोरेन ने एक लाख अतिरिक्त तो क्या मोदीजी द्वारा भेजे जा रहे पैसों की भी बंदरबांट कर दी। प्रधानमंत्री गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने गैस कनेक्शन के साथ-साथ गैस पर सब्सिडी भी दी, जबकि कांग्रेस शासन में शहर वालों को ही मिलता था। आज गांव-गांव तक गैस पहुंच गयी है। मोदीजी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33% बहनों को इसका लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लांच की। ट्रेनिंग के दौरान स्टाइफन भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने नाई, बढ़ई, लोहार, मोची की चिंता की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनधन खाते खुलवा कर एक-एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में जब कल कारखाने बंद हुए, तो मोदी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मोदी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं, किंतु हेमंत सोरेन अनाजों की कालाबाजारी करवा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में गरीब पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पाते थे। मोदी ने आयुष्मान योजना लाकर हर गरीब को पांच लाख तक आयुष्मान से इलाज की सुविधा दी, जबकि हेमंत सरकार की लापरवाही के कारण कई गरीब इस योजना से वंचित हो गये हैं। भाजपा की सरकार बनी, तो घर-घर जाकर अधिकारी राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनायेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले छह महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है, जिनमें से नौ व्यापारियों ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी, बावजूद सुरक्षा नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा मांगने के बावजूद नहीं मिलना सरकार की नीतियों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। लापरवाह अधिकारी पर कार्रवाई होनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार बालू, कोयला, पत्थर, जमीन लूटने वाले, भ्रष्ट अधिकारियों, दलालों, बिचौलियों को सुरक्षा मुहैया करवा रही है, जबकि व्यापारियों की हत्या हो रही है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष शासन करनेवाली कांग्रेस ने अलग राज्य झारखंड नहीं बनाया। झारखंड के लोगों को कभी सम्मान नहीं दिया। आजाद भारत में आदिवासी समाज को सिर्फ भाजपा ने ही सम्मान दिया है। अलग झारखंड राज्य की सौगात, अलग आदिवासी मंत्रालय, संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करना, भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को गौरव दिवस, आदिवासी बहन द्रौपदी मूर्मू को राष्ट्रपति बनाना और यहां तक कि आजादी के बाद पहली बार मोदी मंत्रिमंडल में आठ आदिवासी को मंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा कि सरकार बनने पर गांव-गांव तक सड़क, पुल पुलिया और बिजली पहुंची। आज भाजपा द्वारा बनायी सड़कों की मरम्मत तक नहीं करवा पा रहे हैं हेमंत सोरेन। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। प्रत्येक दिन चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण, दुष्कर्म हो रहा है। अपराधी बेखौफ हैं। आम आदमी डरा हुआ है। झारखंड सरकार की पुलिस वसूली में व्यस्त है। बालू गाड़ियों से वसूली में लगी है, जबकि दूसरे प्रदेशों में अवैध तरीके से बालू की ढुलाई हो रही है।

उन्होंने कहा कि जो लोग पैसे और परिवार के लिए राजनीति करते हैं, उनसे इस देश और प्रदेश का भला नहीं हो सकता है। पैसे और परिवार की राजनीति करनेवाले सोरेन परिवार ने झारखंड में सबसे ज्यादा जमीन अर्जित की है। कांग्रेस, जेएमएम और राजद ने मिल कर झारखंड को लूटा है। इनसे झारखंड का कभी भला नहीं हो सकता है। चोर लुटेरे मिल कर मोदी की को रोकना चाहते हैं। हम सब को संकल्प लेकर जाना है कि उन्हें 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

## सीएम की याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई आज

रांची (आजाद सिपाही)। सीएम हेमंत सोरेन द्वारा इडी के समन के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को सुनवाई होनी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी की ओर से पक्ष रखने और डिफेक्ट दूर करने के लिए 11 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की थी। सीएम की ओर से झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता पियूष चित्रेश पक्ष रख रहे हैं।

## कमांडेंट अनूप लाल भगत की सेवा बीएसएफ को वापस

रांची (आजाद सिपाही)। आइआरबी-5 गुमला के कमांडेंट अनूप लाल भगत की सेवा उनके पैतृक संगठन बीएसएफ को वापस कर दी गयी। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बीएसएफ के कमांडेंट अनूप लाल भगत की सेवा उनके पैतृक संगठन महानिदेशालय बीएसएफ भारत सरकार को वापस की जाती है। साथ ही उनके राज्य में प्रतिनियुक्ति अवधि पैतृक संगठन वापसी के लिए विरमित संबंधी आदेश निर्गत की तिथि से विस्तारित किया जाता है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी।
- **वृष** — नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** — आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** — धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।
- **सिंह** — क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आंशका।
- **कन्या** — नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — परिवार में संतान के विवाहादि मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।
- **वृश्चिक** — संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार।
- **धनु** — इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** — आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** — स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव,इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** — आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# सीएम से पंजाबी हिंदू बिरादरी के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पंजाबी हिंदू बिरादरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 24 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण दहण कार्यक्रम मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष रावण दहण कार्यक्रम के दौरान भव्य आतिशबाजी के साथ-साथ स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की जायेगी, जो मुख्य आकर्षण होंगे। इस अवसर पर पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, महासचिव राजेश मेहरा, प्रवक्ता-सह-मीडिया प्रभारी अरुण चावला, अध्यक्ष दशहरा कमेटी 2023 रंदीप आनंद, सचिव कुणाल अजमानी उपस्थित थे।

# पांकी विधायक शशिभूषण मेहता को हाइकोर्ट से नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** चुटिया स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल की दिवंगत वार्डन सुचित्रा मिश्रा की हत्या के आरोपों से बरी हो चुके भाजपा के पांकी विधायक शशि भूषण मेहता को झारखंड हाइकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। अब अदालत इस मामले में 29 नवंबर को सुनवाई करेगा। निचली अदालत के फैसले को चुनौती देनेवाली गोविंद मिश्रा की याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने बहस की। दरअसल वर्ष 2019 में ऑक्सफोर्ड स्कूल की वार्डन सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड मामले में रांची सिविल कोर्ट ने शशि भूषण मेहता, राजनाथ सिंह, प्रदीप कुमार पासवान, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर, अनूप सिंह और सत्य प्रकाश को निर्दोष करार देते हुए बरी कर दिया था। सुचित्रा मिश्रा की हत्या 11 मई 2012 को हुई थी।

# स्मृति इरानी ने आंगनबाड़ी सेविका गीता पूर्ति को किया सम्मानित

**कुपोषित बच्चों के इलाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए गीता पूर्ति को मिला सम्मान**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य पोषण मिशन अपने लक्ष्यों के प्रति नित नये आयाम गढ़ रहा है। कुपोषित बच्चों के समुचित इलाज संबंधित कार्यों के सफल क्रियान्वयन को लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिले के रेंगड़ाहातु आंगनबाड़ी की सेविका गीता पूर्ति सम्मानित किया गया मिला है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन इरानी के द्वारा पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती टोंटो प्रखंड के रेंगड़ाहातु आंगनबाड़ी की सेविका गीता पूर्ति को 10 अक्टूबर 2023 को विज्ञान भवन-नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी सेविका को यह सम्मान क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को समुचित इलाज के लिए कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) में रेफरल हेतु उत्कृष्ट कार्य करने तदर्थ प्रदान किया है।

# इम्तियाज और सद्दाम की जमानत पर 19 को सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम के दो आरोपी इम्तियाज और सद्दाम की जमानत याचिका पर मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने दोनों की बेल पर 19 अक्टूबर को विस्तृत सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। बता दें कि इम्तियाज और सद्दाम ने अपनी अधिवक्ता स्नेह सिंह के माध्यम से रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में जमानत की गुहार लगायी है। गौरतलब है कि इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने सद्दाम और इम्तियाज को अप्रैल माह में गिरफ्तार किया था। इडी ने राजधानी के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड की भूमि की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री मामले में दोनों संलिप्त बताते हुए गिरफ्तार किया था।

# चिटफंड कंपनी डीजेएन के संचालक को बेल देने से सीबीआइ कोर्ट का इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चिटफंड कंपनी डीजेएन ग्रुप के संचालक राम किशुन ठाकुर को रांची सीबीआइ की स्पेशल कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। राम किशुन ठाकुर की ओर से दायर जमानत अर्जी पर कोर्ट में सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी।

## निवेशकों से करोड़ों की ठगी का आरोप

राम किशुन पर ऑनलाइन बिजनेस के नाम पर निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी का आरोप है। जांच में यह बात सामने आयी है कि राम किशुन ने अधिक ब्याज का झांसा देकर निवेशकों से करोड़ों की ठगी की और ठगी करने के बाद फरार हो गया। इसके बाद निवेशकों ने लालपुर थाना में कांड संख्या 220/2016 दर्ज करवाया था, जिसे सीबीआइ ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू की। सीबीआइ ने इस संबंध में कांड संख्या 16/2017 दर्ज की है। इस मामले की जांच के बाद सीबीआइ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है।

# अपराधी अमन साहू पलामू जेल शिफ्ट किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चाइबासा जेल में बंद अपराधी अमन साहू को पलामू जेल शिफ्ट किया जायेगा। इसको लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। दरअसल पुलिस संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी कड़ी में हर तीन से चार महीने में अमन साहू को दूसरे जेल में शिफ्ट किया जाना है। इसलिए अमन साहू को चाइबासा जेल से पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। इससे पहले बीते 20 अगस्त को अमन साहू को दुमका जेल से चाइबासा जेल शिफ्ट किया गया था। बता दें कि कोयला कारोबारी संगठित आपराधिक गिरोहों के निशाने पर हैं। राज्य के रांची, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और लातेहार सहित अन्य जिलों के कोयला कारोबारियों को लगातार धमकियां मिल रही हैं। डीजीपी के आदेश के बाद एटीएस और सीआइडी संयुक्त रूप से अमन साहू गिरोह पर नकेल कसने की कोशिश कर रही है। अमन और उसके गैंग की गतिविधियों की समीक्षा के बाद पाया गया कि अमन साहू ने गिरिडीह के एक व्यक्ति के पते पर फर्जी तरीके से सिम कार्ड हासिल किया। उस सिम कार्ड का इस्तेमाल दुमका जेल से किया जा रहा था।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट सिस्टम" पर ई-निविदायें आमंत्रित है। **(i) बिड संख्या एवं दिनांक:** GeM Bid No. GEM/2023/B/4060377 दिनांक 09/10/2023 **(ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद मंडल से खुलने वाली ट्रेनों में ऑन बोर्ड (यानी ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग सर्विस और लिनेन डिस्ट्रीब्यूशन) का चार साल के लिए ठेका। कार्य समापन अवधि-04 वर्ष **(iii) कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 33,93,59,100.40 (तैंतीस करोड़ तिरानबे लाख उनसठ हजार एक सौ रूपये एवं चालीस पैसे) मात्र। **(iv) बयाना राशि:** रू. 18,46,800.00 (अठारह लाख छियालीस हजार आठ सौ रूपये) मात्र **(v) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय, ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** तारीख 30/10/2023 को 17:00 बजे, तारीख 30/10/2023 को 17:30 बजे **(vi) प्री-बिड मिटिंग दिनांक एवं समय 13.10.2023-11:00 बजे:** प्री-बिड मिटिंग स्थान: वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग)/धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/पू.म.रे./धनबाद **(vii) वेबसाईट विवरण:** https://gem.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल यांत्रिक अभियंता(समाडि)/धनबाद
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01374/डीएचएन/एमईसीएच/टी/23-24/36


## भय की जगह सरकार के प्रति विश्वास ग्रामीणों को बना रहा सबल

# बूढ़ा पहाड़ की बदल रही फिजा

**कम्युनिटी पुलिसिंग से जुड़ रहे ग्रामीण, जवान दे रहें बच्चों को शिक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत ने दिसंबर 2022 में जब दशकों से उपेक्षित बूढ़ा पहाड़ का दौरा किया, तो सहसा किसी को यकीन नहीं हुआ कि यहां की फिजा देखते ही देखते बदल जायेगी। बूढ़ा पहाड़ के चौमुखी विकास हेतु प्रस्तुत रूप रेखा बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अनुरूप संपन्न हो रहे कार्यों ने क्षेत्र के लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है।

**विभिन्न योजनाओं से ग्रामीण हो रहे लाभान्वित :** बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत कुल 27 ग्रामों का सर्वेक्षण कर सामाजिक एवं आधारभूत संरचनाओं का आकलन कराया गया। इसी प्रकार बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत कुल 3809 परिवारों का सर्वेक्षण कर विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक पैमानों पर आवश्यकताओं का आकलन किया गया। बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत रहनेवाले कुल 19836 व्यक्तियों का भी व्यक्तिगत सर्वेक्षण कर रणनीति बनायी गयी कि सरकार की किस योजना के तहत किस व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सकता है। यहां 100 बिरसा आवास का आवंटन एवं 08 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र शुरू करने की योजना और छूटे हुए ग्रामों का विद्युतीकरण करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।




## सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास बढ़ा

मुख्यमंत्री के दौरा के बाद स्थानीय जनमानस में सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा सुरक्षाबलों को जनता का सहयोग प्राप्त हो रहा है। बूढ़ा पहाड़ के क्षेत्र की सुरक्षा हेतु कुल्ही से बूढ़ा पहाड़ तक कुल पांच कैंप कूल्ही, हेसातु, बेहराटोली झालुडेरा तथा जेटीएफ पुंदाग स्थापित हैं तथा जिनमें क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा को समर्पित सीआरपीएफ, जैप, झारखंड जगुआर, तथा जिला बल की 8 कंपनियां प्रतिनियुक्त हैं। सुरक्षाबलों द्वारा क्षेत्र में नियमित रूप से विभिन्न अभियान संचालित कर स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित किया जाता है।

## ग्रामीणों को मिल रहा बाजार भयमुक्त हो रहा आवागमन

बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में आधारभूत संरचना के निर्माण में बदलाव नजर आ रहा है। सड़क की जर्जर और दयनीय स्थिति को ठीक किया गया। क्षेत्रीय बाजार से ग्रामीण जुड़े। परिणामस्वरूप वे अपनी कृषि उत्पाद को बाजार में अच्छी कीमतों पर बेच कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहें हैं। सिंचाई कूप निर्माण, सोलर पंप सेट आदि की उपलब्धता में भी प्रगति देखी जा रही है।

## जवान दे रहे बच्चों को शिक्षा

बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सीआरपीएफ बाल के जवानों के द्वारा ड्यूटी से समय निकालकर बूढ़ा गांव और आसपास के बच्चों के लिए एक अस्थायी विद्यालय का संचालन किया जा रहा है, जहां बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जा रही है। आरंभ में बच्चों की संख्या 8-10 थी, जो वर्तमान में बढ़ कर 46 हो गयी है। आसपास के विद्यालयों में बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है, जिसमें उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में दिख रहा बदलाव

क्षेत्र में नये स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण एवं पुराने का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही सुरक्षाबलों की कंपनी में प्रतिनियुक्त प्रशिक्षित मेडिकल प्रैक्टिशनर द्वारा भी अभियान के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जाती है। सहिया की सहायता से डोर टू डोर चिकित्सा सर्वे की जा रही है।

## कम्युनिटी पुलिसिंग से जुड़ रहे ग्रामीण

सुरक्षाबलों के द्वारा पूर्व में भी जनता के सहयोग हेतु कम्युनिटी पुलिसिंग की जाती रही है। लेकिन मुख्यमंत्री के दौरा के बाद लोगों के सहयोगात्मक रवैया में अभूतपूर्व प्रगति आई है। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक गढ़वा, श्री दीपक कुमार पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) विशेष अभियान के तहत कुछ दिनों पूर्व बूढ़ा पहाड़ पहुंचे। कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत भारी संख्या में ग्रामीण उनसे मिलने पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने उनसे संवाद स्थापित कर बारी-बारी से सबकी समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित समाधान हेतु मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों के साथ भोजन भी किया तथा स्कूली बच्चों के लिए पुस्तक कॉपी, पेंसिल, कलम, बैग युवाओं के लिए फुटबॉल तथा क्रिकेट किट, महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों के लिए साड़ी धोती, कबल, टोपी, तथा कामगारों के लिए कुदाल, फावड़ा, बेलचा इत्यादि का वितरण किया।


विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2023
के उपलक्ष्य में समस्त राज्य एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान
सन् 1925 से सेवारत
रिनपास
राँची तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं सम्बद्ध विज्ञान संस्थान

आत्महत्या रोकथाम हेल्पलाइन, मानसिक विकारो एवं रिनपास में उपलब्ध सेवाओं से संबंधित जानकारी के लिए
HELPLINE NO. : 9471136697 / 14499
दूरभाष: (0651) 2450813

अपनी समस्याओं के समाधान एवं अन्य जानकारी के लिये HELPLINE NO. पर संपर्क करें।

रिनपास चिकित्सकीय दल द्वारा प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन किया जाता है जिसकी जानकारी HELPLINE NO. से ली जा सकती है।

रिनपास में मानसिक रोग से ग्रसित व्यक्तियों को भर्ती कर उनके उपचार करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

बाह्य चिकित्सा विभाग की सुविधाएं
- मानसिक बीमारियों का इलाज
- आँख एवं दाँत से संबंधित बीमारियों की जाँच एवं इलाज
- सामान्य बीमारियों का इलाज, फिजीओथेरेपी
- मिर्गी एवं नशा मुक्ति के संबंध मे चिकित्सकीय परामर्श एवं इलाज
- वैवाहिक जीवन मे उत्पन्न तनाव, उलझनों एवं विविध समस्याओं के लिए परामर्श
- स्त्री रोग से संबंधित महिलाओं का इलाज स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा किया जाता है
- बाल एवं किशोर परामर्श

रिनपास में मानसिक बीमारियों के एवं नशामुक्ति नि:शुल्क उपचार के लिए निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध है
- तनाव प्रबंधन और मनोदैहिक क्लिनिक
- वैवाहिक और परिवार परामर्श क्लिनिक
- महिला मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक
- नशामुक्ति क्लिनिक (दवा और प्रौद्योगिकी)
- वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक
- बाल और किशोर मार्गदर्शन क्लिनिक
- मनोसामाजिक मार्गदर्शन क्लीनिक
- कानूनी सलाहकार केंद्र
- आत्महत्या रोकथाम सहायता केंद्र

आम जनता से आग्रह है कि रिनपास में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठायें
- One Stop Crisis Center (सखी) प्रताड़ित महिलाओं की सेवा में 24 घंटे तत्पर।
- विधिक, शारीरिक मनोवैज्ञानिक सहायता नि:शुल्क उपलब्ध।
- संस्थान में आधुनिक सुविधाओं के लिए पेइंग वार्ड की भी व्यवस्था है।

अति अल्प दर पर रिनपास में जाँच की सुविधाएं
- आम पैथोलॉजी जाँच अत्याधुनिक कम्प्यूटरीकृत यंत्रों द्वारा अति अल्प समय में।
- विभिन्न तरह के मनोवैज्ञानिक जाँच जैसे बुद्धि परीक्षण व्यक्तित्व अभिरुचि परीक्षण, डायग्नोस्टिक परीक्षण इत्यादि।
- न्यूरोफिजियोलॉजिकल एवं एर्डान मशीन द्वारा नींद न आना, हमेशा सिर दर्द रहना, मानसिक उन्माद, यौन संबंधी बीमारी का इलाज।

मानसिक रोगियो के लिए नि:शुल्क दवा उपलब्ध | BPL मरीजो के लिए सभी प्रकार की जाँच एवं इलाज की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है।

रिनपास, काँके, राँची-834006 | www.rinpas.nic.in | director-rinpas@jharkhandmail.gov.in | @director_rinpas

निदेशक, रिनपास, काँके, राँची

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## जेसीआइ रांची ने एक्सपो उत्सव 2023 की तैयारियां पूरी

# एक्सपो अवेयरनेस बाइक रैली निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के सबसे बड़े ट्रेड फेयर एक्सपो उत्सव 2023 को लेकर तैयारियां पूरी होने को है। यह आयोजन जेसीआइ रांची द्वारा 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक रांची के मोराबादी मैदान में किया जा रहा है। एक्सपो उत्सव को लेकर एक्सपो अवेयरनेस रैली निकली गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची सिटी एसपी राज कुमार मेहता थे।

उन्होंने कहा कि एक्सपो रांची का त्योहार है। वह भी बहुत वर्षों से एक्सपो घूमने आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक्सपो को टाउन हॉल से मोरहाबादी मैदान तक बड़ा होते हुआ देखा है। उन्होंने जेसीआइ के सदस्यों को बधाई देते हुए एक्सपो की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने झंडा दिखा कर रैली को फ्लैग ऑफ किया। अवेयरनेस ड्राइव में जेसीआइ सदस्यों के साथ साथ प्रोफेशनल बाइक राइडर्स ने भी हिस्सा लिया, जो सेफ्टी गियर्स पहने हुए थे। उन्होंने लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग का मैसेज भी दिया। रैली मोरहाबादी मैदान से निकल कर कचहरी रोड, मेन रोड, हरमू रोड, रातू रोड, कांके रोड होते हुए वापस मोराबादी मैदान आयी। इस कार्यक्रम के संयोजक रौनक जैन और प्रवीण अग्रवाल थे। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया, सचिव तरुण अग्रवाल, एक्सपो 2023 मुख्य संयोजक संजय जैन, सह संयोजक प्रतीक जैन, सनी केडिया, राहुल टिबड़ेवाल और अभिषेक केडिया, अभिनव मंत्री, मोहित वर्मा, सिद्धार्थ जयसवाल, सुशील केडिया, नवीन गाड़ोदिया, साकेत, वरुण जालान आदि मौजूद थे। यह जानकारी एक्सपो मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआइ रांची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दिया।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

## एसएसपी ने सभी थानेदारों को दिये निर्देश

**ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर रांची पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। शहर में एक साथ कई इलाकों में अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने सभी थानेदारों को अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इस दौरान दुकानदारों से दुकान के आगे सड़क किनारे सामान नहीं रखने और पार्किंग ना करने की चेतावनी दी जा रही है। चेतावनी के बाद भी दुकानदार ऐसा करते हैं, तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।**

**रांची।** एसएसपी के निर्देश पर शहर को जाममुक्त करने के लिए लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को भी रांची पुलिस और नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में मेनरोड, स्टेशन रोड और चुटिया रोड में सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए बीते 3 अक्टूबर को खुद सड़कों पर निकले थे। मेन रोड में एसएसपी के नेतृत्व में ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। इस दौरान दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया था।

साथ ही कई लोगों के सामान जब्त किये गये थे। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानदारों की मनमानी नहीं चलेगी। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाये। अभियान के दौरान सिटी एसपी के साथ-साथ शहर के थानेदार और डीएसपी मौजूद थे।

# बस से टक्कर होने के बाद कार में रखे 32 लाख रुपये हो गये गायब

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली के पास से एक कार से 32 लाख रुपये से भरा बैग तब गायब हो गया, जब कार की टक्कर एक बस से हो गयी और चालक बेहोश हो गया। इस संबंध में दीपाटोली निवासी मनीष कुमार अग्रवाल ने सदर थाना में 31 लाख 77 हजार 500 रुपये से भरा बैग चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मनीष कुमार आठ अक्टूबर को शाम 7.45 में अपने कार से रुपये से भरा बैग व सामान लेकर गया से रांची के लिए निकले थे। मनीष अग्रवाल के साथ उनके दो साथी भी थे। रात 11:30 बजे ओरमांझी में एक होटल में खाना खाने के बाद वे अपने घर के लिए निकले। उनके दोनों साथी रास्ते में उतर गये। दीपाटोली के पास वे घर का कुछ सामान खरीदने जा रहे थे इसी दौरान उनकी कार की टक्कर एक बस से हो गयी और वे बेहोश हो गये। पुलिस व स्थानीय लोगो ने उन्हें रिम्स में भर्ती कराया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मनीष के रिश्तेदारों को उस समय क्षतिग्रस्त गाड़ी वहां नहीं मिली। बताया गया कि गाड़ी को पुलिस ने क्रेन की मदद से वहां से हटा दिया था। वहीं उनकी कार को खेलगांव थाना में लगाया गया था, जब उन्हें होश आया तो उनके परिजन खेलगांव थाना पहुंचे। पुलिस ने उनका सामान जो गाड़ी में था, वह तो वापस कर दिये, लेकिन 31 लाख 77 हजार 500 रुपये से भरा बैग गायब मिला। इसके बाद उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# सीपी सिंह ने रातू रोड का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक सीपी सिंह ने मंगलवार को शास्त्री चौक गैलक्सी मॉल से लेकर पिस्का मोड़ होते हुए इटकी रोड सिटी हॉस्पिटल तक सड़क का निरीक्षण किया। इस क्रम में विधायक ने फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में लगी कंपनी के प्रोजेक्ट हेड जनरल मैनेजर साबिर खान से पूजा से पूर्व सड़क की मरम्मत करने को कहा। प्रोजेक्ट हेड ने 15 अक्टूबर तक सड़क की मरम्मत कराने की बात कही। इस पर विधायक ने कंपनी से 18 अक्टूबर तक सड़क की मरम्मत बेहतर तरीके से कराने का समय दिया, ताकि दुर्गा पूजा में घूमने आये श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। बता दें कि वर्तमान में रातू रोड में राज भवन के पास से पिस्का मोड़ लकड़ी टाल, इटकी रोड तक फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। निर्माण कार्य के कारण सड़क कई जगहों से टूट गयी है। सड़क खराब हो जाने के कारण वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी हो रही है।

# नरेंद्र मोदी अकेला शेर दहाड़ रहा : प्रदीप सिन्हा

**इडी के पत्रों पर कार्रवाई से राज्य सरकार को किसने रोका है?**

**युवाओं, किसानों, महिलाओं, गरीबों के लिए की गयी घोषणाओं को क्यों नहीं लागू कर रही हेमंत सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। वह मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भेड़िया तो इंडी एलायंस है, जिसके कर्णधारों ने जनता को, अपने प्रदेश को और मौका मिलने पर 60 वर्षों तक देश को लूटा है। भ्रष्टाचार के पंजों से नोचा खसोटा है। उन्होंने कहा कि इन भेड़ियों के खिलाफ जब आज देश का जननायक भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शेर की तरह दहाड़ रहे हैं, तो ये सभी अपने परिवार की राजनीति को बचाने, भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए एकजुट हो रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी केंद्रीय जांच एजेंसियों ने भ्रष्टाचार के अनेक मामले उजागर किये हैं। साक्ष्यों के साथ मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया है, लेकिन एक वर्ष से ज्यादा बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार के आला अधिकारी सहित स्वयं मुख्यमंत्री इस पर कुंडली मार कर बैठे हैं। कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों को बचाने के पीछे आखिर मुख्यमंत्री की कौन से मजबूरी है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि राज्य सरकार भ्रष्ट अधिकारियों, दलालों का संरक्षण कर रही है। इडी द्वारा लिखे पत्र में आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल, अरुण एक्का, अभियंता बीरेंद्र राम सहित विशाल चौधरी आदि पर कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। सेना की जमीन, हेहल की जमीन, साहिबगंज के अवैध खनन, फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन खरीद जैसे मामलों का उल्लेख इडी के पत्र में किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को केवल लूटने और लुटवाने की चिंता है। उन्हे जनता की सेवा से कुछ भी लेना देना नहीं है। मुख्यमंत्री केवल केंद्र सरकार पर बयान देकर अपनी कमजोरियों और विफलताओं को छुपाते हैं। कहा कि आखिर राज्य सरकार को प्रति वर्ष पांच लाख नौकरी देने से किसने रोका, बेरोजगारों को भत्ता देने से किसने रोका, किसानों के ऋण माफ करने से किसने रोका। उन्होंने कहा कि आज स्वास्थ्य मंत्री के बुलाने पर भी एंबुलेंस नहीं मिल रहा। गांव के गरीब खटिया पर मरीज को अस्पताल पहुंचाने को मजबूर हैं। महिलाओं का एंबुलेंस के अभाव में सड़क पर प्रसव कराने की मजबूरी है। उन्होंने कहा कि आज गरीबों के अनाज लूटे जा रहे, बहन बेटियों के साथ बलात्कार हो रहे, व्यापारियों की हत्या हो रही। आखिर इसे रोकने की जिम्मेवारी राज्य सरकार क्यों नहीं निभा पा रही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भाजपा को कोसना बंद कर अपनी जिम्मेवारी निभाये तो राज्य का बहुत भला होगा। आज की प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

# दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन ने किन्नरों को पेंशन योजना से जोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** तृतीय लिंग समुदाय के लिए पेंशन योजना घोषित की गयी थी। इस पेंशन योजना में ट्रांसजेंडर कार्डधारी व्यक्ति को प्रति माह 1000 रुपये देने की पहल की जा रही है। इसका शुभारंभ 10 अक्तूबर को जिला रांची में किया गया। असिस्टेंट डायरेक्टर रविशंकर मिश्रा की पहल पर रांची डीसी कार्यालय में किन्नर लोगों का फॉर्म भरा गया। सभी लोगों को जिनका टीजी कार्ड बन गया है, उन सभी को पेंशन योजना से जोड़ा जायेगा। संस्था की अध्यक्ष कुमुद झा ने बताया कि विगत कई वर्षों से किन्नरों के लिए कार्य कर रही हैं, जिसमें टीजी कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड के साथ बाकी योजनाओं से जोड़ना इत्यादि शामिल है। इस कार्यक्रम में ऑफिस के संदीप एक्का, दीपक पाठक, स्वीकृति (पीएचडी शोधार्थी), नगमा किन्नर, फरहाना किन्नर, माही मान, कनिका राजकमल इत्यादि उपस्थित थीं।

# सर्वधर्म सद्भावना समिति के सदस्यों ने की चादरपोशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष मो इसलाम के नेतृत्व में हजरत कुतुबुद्दीन शाह रिसालदार बाबा के उर्स के अवसर पर उनके दरगाह में चादर पोशी की गयी। राज्य व मूलक की उन्नति, विकास के साथ साथ आपसी सौहार्द एवं भाईचारा तथा अमन व शांति की दुआ मांगी। चादरपोशी कार्यक्रम के बाद रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अय्यूब गद्दी व महासचिव जावेद अनवर द्वारा सर्वधर्म सदभावना समिति के कारवां में शामिल मो. इसलाम सहित तमाम लोगों को पगड़ी बांधकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। चादरपोशी कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो इसलाम, फिरोज अंसारी, मो. परवेज, मो. सरफराज, मो. अब्दुल्लाह, मो. शाहनवाज, जसीम हसन, मो. शहबाज, मो. नौशाद, मो. इश्तेयाक, मो. साबिर सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

# सरकार को अपदस्थ करने में लगी है भाजपा : राजद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्यपाल को पत्र लिख कर झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की मांग करने पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में संपूर्ण विकास में जो जंक लग गया था, वह छुड़ाते हुए विकास पटरी पर आ चुका है, जिसका उदाहरण राज्य की जनता को देखने को मिल रहा है। झारखंड के वैसे गांव देहात जहां के किसान अपने खेतों में पानी के लिए परेशान रहते थे, वैसे किसानों के चेहरे पर हेमंत सरकार जब खुशी ला रही है, तो विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। राज्य का चतुर्मुखी विकास जब हो रहा है, राज्य में बेरोजगारी दूर हो रही है, मूलभूत समस्याओं से ग्रसित झारखंड महागठबंधन की सरकार की स्पष्ट नीति के चलते आम जनता को विभिन्न समस्याओं से राहत मिल रही है, वैसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्यपाल को पत्र लिख कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की जितनी भी निंदा की जाये, कम होगी। श्री पांडेय ने कहा कि झारखंड आज सुशासन और विकास की ओर बढ़ रहा है।

## डोला बनर्जी और अमित रोहिदास ने रेल मंत्री से मुलाकात की



**हाजीपुर (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ खेल अधिकारी और भारतीय दल की डिप्टी शेफ डी मिशन मिस डोला बनर्जी और ईस्ट कोस्ट रेलवे के सहायक खेल अधिकारी और स्वर्ण पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य अमित रोहिदास ने मंगलवार को रेल मंत्री से मुलाकात की। मंत्री ने हांगझू, चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेल, 2022 में भारतीय दल की शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी। भारतीय रेलवे (आइआर) के कुल 98 सदस्यों ने, जिसमें 90 खिलाड़ी, सात कोच और डिप्टी शेफ डी मिशन के रूप में डोला बनर्जी ने उक्त एशियाई खेलों में भाग लिया। इनमें से 39 खिलाड़ियों ने कुल 43 व्यक्तिगत और टीम खेल पदक जीते हैं। एशियाई खेलों में भारत के 107 पदकों में आइआर के खिलाड़ियों ने 22 पदकों का योगदान दिया है।

# एसबीयू की ओर से हरातू और बाड़ाम में उन्नत भारत अभियान की पहल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की ओर से उन्नत भारत अभियान के तहत मंगलवार को हरातु, सिलवे और बाडाम गांव में तीन दिवसीय सहयोगात्मक पहल की गयी। विश्वविद्यालय के वाणिज्य और व्यवसाय प्रबंधन के डीन और उन्नत भारत अभियान के समन्वयक डॉ संदीप कुमार के मार्गदर्शन में स्थानीय शासन और विकास पर चर्चा करने के लिए गोद लिये गये गांवों में वृक्षारोपण और ग्राम सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरातू के ग्राम प्रधान गोपाल मुंडा और ग्राम प्रधान नूतन पाहन भी इस अवसर पर मौजूद थे। डॉ संदीप कुमार ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के लाभों के बारे में बात की। साथ ही, योग शिविर, आउटरीच अध्ययन कार्यक्रम, चिकित्सा सलाहकारों के साथ नर्सिंग शिविर और कौशल विकास शिविरों के आयोजन के माध्यम से गांवों के विकास में एसबीयू के योगदान के बारे में बात की। ग्राम प्रधान नूतन पाहन ने विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गांव के सम्यक विकास की बात कही। बाडाम के मुखिया कृष्णा पाहन ने सरला बिरला यूनिवर्सिटी के कार्यों तथा ग्रामीण समस्याओं पर ध्यान देने के लिए सराहना की। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि ग्राम विकास के द्वारा ही राष्ट्र की उन्नति संभव है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने उन्नत भारत अभियान की योजनाओं को धरातल पर लागू करने के लिए अभियान के सदस्यों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# झारखंड छात्र परिषद ने अभियंता गुप्तेश्वर के खिलाफ मोर्चा खोला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड छात्र परिषद के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक प्रभारी पीयूष आनंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्तमान सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के रांची जिला परिषद सहित राज्य के कई जिलों में चल रहे अनियमित ट्रांसफर पोस्टिंग और लूट खसोट के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 11 अक्टूबर को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जानकारी देते हुए पीयूष आनंद ने बताया कि अभी वर्तमान में जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम को बनाया गया है, जिन्हें अगस्त 2023 में कनीय अभियंता (पथ निर्माण विभाग) से सहायक अभियंता (22 मई 2023) पदोन्नति के उपरांत बनाया गया और अगस्त 2023 में ही

गुप्तेश्वर राम को सहायक अभियंता से जिला अभियंता का प्रभार दिया गया है। यह नियम के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की जिला परिषद रांची में हो रहे अनियमित लूट खसोट को लेकर झारखंड छात्र परिषद का प्रतिनिधिमंडल इस विषय को लेकर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी से मिल कर ज्ञापन सौंप चुका है, लेकिन अभी तक ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ऐसे लोगो पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। पीयूष आनंद ने बताया कि कनीय अभियंता से सहायक अभियंता में प्रोन्नत हुए ई गुप्तेश्वर राम, जिन्हें सहायक अभियंता के कार्य का एक दिन का भी अनुभव नहीं है, उनसे कैसे उम्मीद की जा सकती है कि जिला अभियंता जैसे महत्वपूर्ण पद का कार्य ठीक ढंग से करेंगे।

उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार आरइओ कैडर के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता और कार्यपालक अभियंता जिला परिषद में कार्य नहीं कर सकते हैं, परंतु गुप्तेश्वर राम को जिला अभियंता जिला परिषद रांची का प्रभार दिया गया, जो गलत है। रांची जैसे बड़े जिले में जहां पर वरिष्ठ कार्यपालक अभियंता होते हुए भी जिन्हें 10 से अधिक वर्षों का अनुभव प्राप्त है, उनकी जगह पर गुप्तेश्वर राम जैसे नौसिखिया सहायक अभियंता को जिला अभियंता जैसा महत्वपूर्ण पद कैसे दिया गया, ये भी गहन जांच का विषय है। इसी तरह का खेल राज्य के कई जिलों में चल रहा है, जिसके कारण राज्य के विकास का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस विषय की सूचना विभाग के मंत्री को भी पूर्व में भी दी जा चुकी है, परंतु कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर विभाग द्वारा इस विषय में आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो परिषद द्वारा आंदोलन किया जायेगा, ताकि ग्रामीण विकास विभाग में हो रही लूट-खसोट को रोका जा सके। बैठक में झारखंड छात्र परिषद के प्रभारी पीयूष आनंद, राहुल सिन्हा, राकेश सिंह, रंजीत उरांव, ज्योति साहू, आयुष सिंह, अर्जुन राम, श्रवण कुमार, अकबर कुरेशी सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल थे।

# वैश्य मोर्चा का स्थापना दिवस आज

## तैयारी पूरी, पूरे प्रदेश से शामिल होंगे प्रतिनिधि



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि डॉ राममनोहर लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि पर 12 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में वैश्य मोर्चा का 5वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल होंगे, जबकि शान-ए-वैश्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास रहेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन रांची के सांसद संजय सेठ करेंगे, जबकि अति सम्मानित अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक नवीन जायसवाल और गुड़गांव के पूर्व विधायक सह अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव उमेश अग्रवाल होंगे। अतिथि के रूप में पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी और झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री होंगे। इसके पूर्व तैयारी को लेकर केंद्रीय समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष माहेश्वर साहू एवं संचालन उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता ने किया।

इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहू, तैयारी समिति के अध्यक्ष अश्विनी कुमार साहू, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, मोहन साव, प्रधान महासचिव बीरेंद्र कुमार, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा, संगठन सचिव अनिल वैश्य, राजधाम साहू, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहू, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू, केंद्रीय सदस्य कृष्णा साहू, नरेश साहू, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहू, छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहू, उमेश ठाकुर, पवन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# 84 करोड़ का मजदूर : आयकर विभाग के नोटिस के बाद खुला राज, मचा हड़कंप

**चिट्ठी में भुजाली पासवान के नाम आयकर विभाग में 2 करोड़ 3 लाख 81 हजार 375 रुपये का बकाया टैक्स अंकित था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा के बसंतराय प्रखंड के जहाज कित्ता गांव के मजदूर भुजाली पासवान के घर जब आयकर विभाग की एक चिट्ठी आयी तो परिवार समेत पूरा गांव, फिर पूरा जिला अचंभित रह गया। इस चिट्ठी में भुजाली पासवान के नाम आयकर विभाग में 2 करोड़ 3 लाख 81 हजार 375 रुपये का बकाया टैक्स अंकित था। इसके बाद जब उसने बैंक में जाकर इसकी शिकायत की तो पता चला कि उनके बैंक खाते से 10 वर्षों में 84 करोड़ रुपये की लेनदेन की गयी है, जिसे सुन भुजाली पासवान हैरान रह गये। भुजाली पासवान गोड्डा के जहाज कित्ता गांव के निवासी हैं, जो दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। भुजाली को दो कमरों का एक मकान और एक टूटी फूटी झोपड़ी है, जिसमें परिवार के कुल आठ सदस्य रहते हैं। दो बेटियों की शादी के बाद अब भी दो बेटियों की शादी करनी बाकी है। गरीबी और लाचारी से भुजाली पासवान किसी प्रकार जीवन व्यतीत कर रहे हैं, लेकिन, आयकर विभाग के एक नोटिस ने पूरे परिवार में हड़कंप मचा दिया है।

**दस साल में बैंक तक नहीं गये**

भुजाली ने बताया कि करीब 10 वर्ष पहले उनके घर बैंक वाले आये थे और उनका आधार कार्ड और अंगूठा लेकर बैंक खाता खोला था। तब से लेकर अब तक उन्हें बैंक खाते का कोई काम नहीं पड़ा और न ही कभी बैंक खाते में लेनदेन किये। कभी बैंक गये भी नहीं थे। कुछ महीने पहले भी उनके घर आयकर विभाग की चिट्ठी आयी थी, लेकिन, घर में कोई पढ़ा लिखा नहीं था, जिस वजह से वह चिट्ठी में लिखे शब्दों को नहीं समझ पाये। वहीं कुछ दिन पहले जब वह अपने वृद्धा पेंशन की स्वीकृति के बाद पैसे निकालने बैंक गये तो पैसे नहीं निकले। फिर उनके घर पर एक बार फिर आयकर विभाग का नोटिस आया, जिसे उन्होंने बैंक में जाकर दिखाया तो उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई।

**पेंशन के लिए खुल रहा दूसरा खाता:** वहीं, इस मामले पर जिले के सामाजिक सुरक्षा सहायक निर्देशक अविनाश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पूरे मामले की जांच की गयी है और आयकर विभाग से भी बातचीत की गयी है। भुजाली पासवान को किसी भी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। विभाग द्वारा भुजाली पासवान के पुराने खाते की जांच की जा रही है कि किन के द्वारा इतनी बड़ी रकम की लेनदेन की गयी है। फिलहाल, वृद्धा पेंशन के लिए भुजाली का दूसरा खाता खुलवाया जा रहा है।

# झारखंड पुलिस अकादमी: प्रशिक्षण में फेल हुए 12 डीएसपी और कमांडेंट, 41 हुए पास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में सीधे नियुक्त हुए 53 में से 12 डीएसपी और कमांडेंट प्रशिक्षण में फेल हो गये। डीएसपी और गृह रक्षा वाहिनी के जिला कमांडेंट का 21 अगस्त से 28 अगस्त तक बाह्य विषयों की परीक्षा आयोजित करायी गयी थी, जिनमें कुल 53 अधिकारी शामिल हुए थे। 53 में से 41 अधिकारी प्रशिक्षण में पास हुए, जबकि 12 अधिकारी फेल हो गये। 12 पदाधिकारी जिस विषय में फेल हुए हैं, उनमें फॉरेंसिक साइंस, डिजास्टर मैनेजमेंट, कम्युनिटी पुलिसिंग, क्रिमिनोलॉजी और आइपीसी शामिल है।

**प्रशिक्षण में 41 डीएसपी हुए पास:** प्रशिक्षण में 41 डीसीएपी और कमाडेंट पास हुए हैं। इनमें अनुभव भारद्वाज, अजय आर्यन, आकाश भारद्वाज, अमित कुमार सिंह, अर्चना स्मृति खलको, अमित रविदास, अकरम रजा, चिरंजीव मंडल, दुसरु वानसिंह, फैजान अहमद, प्रशांत कुमार 1, कुमार गौरव, कैलाश प्रसाद महतो, नीलम कुजुर, प्रदीप कुमार साव, मो. अरमानुल हक, प्रशांत कुमार,चंद्र शेखर, राजीव रंजन, पूजा कुमारी, प्रभात कुमार बेक, अमरेंद्र कुमार, पूजा कुमारी 2, रामप्रवेश कुमार, रविकांत साव, रूपक कुमार सिंह, राजेश यादव, रमाकांत रजक, सन्नी वर्धन, शिव शंकर मरांडी, विनित कुमार किंडो, आशीष मिश्रा, अमरेंद्र कुमार, किरण कुमारी, चंदन कुमार तुरी, कौशिक कुमार, मो इम्तियाज, रोहित आनंद, सतीश कुमार पाठक और सूरज कुमार का नाम शामिल हैं।

**ये 12 डीएसपी और कमांडेंट हुए फेल**

**प्रशिक्षण में जो डीएसपी फेल हुए, उसमें दिवाकर कुमार, वसीम रजा, प्रदीप कुमार 1, रोहित कुमार साव, कुमार विनोद, सुनील कुमार सिंह और ताराश सोरेन शामिल हैं। इसके अलावा गृह रक्षा वाहिनी के कमांडेंट चारो उरांव, दीपक कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह, सूर्यकांत कुमार और नीलिमा सुरीन भी प्रशिक्षण में फेल हुए हैं।**

# श्री श्याम मंदिर में रणदीरा एकादशी पर्व मनाया गया

**लाल गुलाब, जूही, बेला, मोगरा, रजनीगंधा व गेंदा के फूलों से श्री श्याम प्रभु का किया गया श्रृंगार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अग्रसेन पर स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को आश्विन कृष्ण पक्ष की रणदीरा एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा सहित भक्ति में वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया साथी मंदिर में विराजमान बजरंगबली और शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह आठ बजे श्रृंगार आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ अनावृत बनी रही। लाल गुलाब, जूही, बेला, मोगरा रजनीगंधा और गेंदा के फूलों से श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखंड पावन ज्योत प्रज्वलित की गयी। भक्तगण मंगल दर्शन कर ज्योति आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल मांग रहे थे। श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन प्रारंभ किया गया। तुझको मनायेंगे भजन तेरा गायेंगे... तेरा हूं दिवाना दिलदार सांवरे... खड़ा हूं तेरी चौखट पर... शरण में ले लो अब प्यारे... किस्मत वाले को मिलता है श्याम तेरा दरबार इत्यादि भावपूर्ण भजनों ने पूरे वातावरण को श्याम मय बना दिया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा और केसरिसा दूध व मगही पान का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, सुदर्शन चितलंगियां, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, जीतेश अग्रवाल, नितेश लाखोटिया, विकाश पाडिया का सहयोग रहा।

## भाजपा की बैठक में बूथ समिति को मजबूत बनाने का निर्णय



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांके विधानसभा क्षेत्र के लालगंज महुआ टोली निवासी सह भाजपा नेता संजीत सिंह की अध्यक्षता में उनके आवास पर भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांके के पूर्व विधायक जीतू चरण राम उपस्थित थे। बैठक में बूथ समिति को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुये भाजपा नेता संजीत सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर संगठन को मजबूत करने का काम करे। बैठक में मुख्य रूप से खटंगा और डूमरडांगा पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिश्रा मंडल प्रभारी राजेंद्र शाही मंकी, अध्यक्ष राजा महतो, कर्नल सह भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह, खटंगा पंचायत प्रभारी पप्पू महतो, पंचायत संयोजक संजीत सिंह, बालवीर यादव, चिंतामणि साहू, महानंद महतो, सोनू गोप आदि उपस्थित थे।

# भाजपा के नेता केंद्रीय एजेंसियों का प्रवक्ता बनकर घूम रहे हैं : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने राज्य में राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा संबंधी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मांग पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। मंगलवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेता आजकल केंद्रीय एजेंसियों के प्रवक्ता बनकर घूम रहे हैं। पिछले चुनाव में जनता ने इन्हें नकार दिया था। बाबूलाल मरांडी ने भाजपा के विरोध में वोट मांग कर चुनाव जीता और भाजपा में ही शामिल हो गये। वे रोज सरकार को अपदस्थ करने का सपना देख रहे हैं। राज्य में राष्ट्रपति शासन के लिए दलीलें देना यह प्रमाणित करता है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर उनका विश्वास नहीं है। विनोद पांडेय ने कहा कि एक साल में राज्य में विधानसभा के चुनाव होंगे। बाबूलाल मरांडी को चाहिए कि वे जनता की अदालत में दो-दो हाथ कर लें। उन्हें अपनी झूठी लोकप्रियता का पता चल जायेगा। बाबूलाल मरांडी जब से भाजपा में गये हैं, तब से मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। लगता है कि उन्हें हेमंत फोबिया हो गया है। वे राज्य भर में दौरा कर अनाप-शनाप बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग अपने हित में करना चाहती है। झारखंड में यह कभी सफल नहीं होगा।

## आदित्य पवनसुत शिव दुर्गा शक्ति मंदिर और झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की बैठक



**रांची (आजाद सिपाही)।** आदित्य पवनसुत शिव दुर्गा शक्ति मंदिर ट्रस्ट और झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार की दुर्गा पूजा के निमित्त संयुक्त बैठक हुई। मंगलवार को रातू आम टांड़ रातू में संयुक्त सचिव दीपा कुमारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक बिक्रम सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूजा कलश स्थापना आरंभ से लेकर विजयादशमी तक और कलश विसर्जन यात्रा संपूर्ण सदस्यों के उपस्थिति में होगी। महा अष्टमी को बाली के पश्चात महानवमी को खिचड़ी भोग का वितरण किया जायेगा। इस दौरान विशेष लाइट और बाजा की व्यवस्था की जायेगी। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह का कोई असुविधा न हो इसका विशेष ख्याल रखा जायेगा। सदस्यों के द्वारा जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश सिंह, सचिन, सुदामा नाथ शाहदेव, संयुक्त सचिव दीपा कुमारी, पूजा प्रभारी एवं मुख्य पुजारी मुकेश तिवारी, राजा साहू, शांति देवी, रेखा देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

**कार्यक्रम का आयोजन सीआइपी, रांची के नशामुक्ति केंद्र की ओर से किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान के आरबी डेविस हॉल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विषय था मानसिक स्वास्थ्यः एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है। कार्यक्रम का आयोजन सीआइपी, रांची के नशामुक्ति केंद्र और नशामुक्ति कार्यक्रम द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ अंशुल यादव, सीनियर रेजिडेंट, डीएसी, सीआइपी, रांची ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाने के महत्व को साझा करके की। पंकज कुमार पाल, प्रशिक्षण और क्षेत्र समन्वयक, सीआइपी, रांची ने परिचयात्मक भाषण दिया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में व्याप्त कुछ मिथकों की ओर भी ध्यान दिलाया। अनुभव-साझाकरण सत्र में लगभग 20 रोगियों ने भाग लिया।

# डीएसपीएमयू में रक्तदान सह चिकित्सा जांच शिविर का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी और श्री जगन्नाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रांची के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में रक्तदान सह चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य चिकित्सा जांच, आंखों से संबंधित तथा फिजियोथेरेपी संबंधित चिकित्सा परामर्श श्री जगन्नाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के विशेषज्ञ मेडिकल टीम के द्वारा प्रदान किया गया। इसके अलावा नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक, रांची के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 300 विद्यार्थियों और कर्मियों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी जांच करायी, जबकि 27 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने इस शिविर के आयोजन पर कहा कि जैसे किसी भी विश्वविद्यालय का आइना उसकी अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को माना जाता है, उसी प्रकार रक्तदान करना समाज और मानवता के प्रति हमारी जागरूकता को दर्शाता है। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कहा कि देश एनसीसी और एनएसएस के बैनर तले युवाओं को राष्ट्र प्रेम के सही अर्थ से जोड़ता है। मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ शमा सोनाली, एनसीसी अधिकारी डॉ जीसी बास्की के साथ चिकित्सीय दल में डॉ डीपी सिंह, डॉ सुरुचि पल्लवी, डॉ निलय, डॉ सौम्य संस्कृति के अलावा 200 एनएसएस और एनसीसी विद्यार्थियों की सहभागिता रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## संजीत सिंह ने कांके बीडीओ का पदभार ग्रहण किया, लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने दी बधाई



**कांके (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कांके प्रखंड कार्यालय में नये बीडीओ संजीत कुमार सिंह के पदभार ग्रहण के अवसर पर लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल गुड लक पौधा भेंट करते हुये शुभकामना और बधाई दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के जिला संयोजक प्रमोद प्रसाद, कांके प्रखंड अध्यक्ष देव पूजन ठाकुर, गोंदा मंडल अध्यक्ष अनिल मुंडा, कांके प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष रामानंद ठाकुर, गणेश लोहरा, रविंद्र कुमार, दशमी देवी सहित पार्टी के कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्री श्याम मंदिर में इंदिरा एकादशी मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आये आपके दर्शन हमको दे दो। मंगलवार को श्री श्याम मंदिर में प्रातः श्रृंगार आरती के बाद जयकारा से गूंज रहा था। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः से भक्तजन उमड़ पड़े। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने कहा कि इंद्र एकादशी के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डूगोपालजी, शिव परिवार, हनुमानजी एवं गुरुजनों को नवीन पोशाक पहनाया गया। आश्विन मास की इंदिरा एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि में प्रारंभ हुआ। संजय सिंघानिया रेखा सिंघानिया ने खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान करवाया।

# भाजपा का बस्ती संपर्क अभियान



**भाजपा हिनू मंडल ने मनी टोला में बस्ती संपर्क अभियान के तहत घर- घर जाकर केंद्र की योजनाओं के लाभुकों की जानकारी जुटायी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी हिनू मंडल के मनी टोला में मंगलवार को मंडल अध्यक्ष पप्पू जयसवाल के नेतृत्व में बस्ती संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत घर घर संपर्क अभियान चलाया गया। इसमें गरीब जरूरतमंद लोगों से केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों की जानकारी ली गयी। हिनू मंडल के मनी टोला के 30 घरों में जनसंपर्क किया गया जिसमें लोगों ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गरीबों के लिए चलायी जा रही दर्जनों योजनाओं की सराहना की और कहा कि वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार में एक भी गरीब भूखा नहीं सोता। लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश में गरीबों को मुफ्त अनाज, मुफ्त गैस कनेक्शन, शौचालय और पीएम आवास योजना के तहत आवास देकर उनकी बुनियादी सुविधाओं को पूरा किया है और अन्य विकास योजनाओं के माध्यम से देश को प्रगति पथ पर लाकर खड़ा कर दिया है। कार्यक्रम के तहत आगे भी 13 अक्टूबर तक महानगर भाजपा के विभिन्न मंडलों में एससी-एसटी बस्तियों में जाकर कार्यकर्ताओं द्वारा लाभुकों की विस्तृत जानकारी लेने के लिए अभियान चलाया जायेगा। इस मौके पर विशेष रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्यनारायण सिंह, रविनाथ किशोर, सीमा सिंह, मुकेश सिंह, पवन पासवान, कुमार कुश, अर्चना सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रंजय ओझा सहित मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अडाणी फाउंडेशन ने लगाया चिकित्सा शिविर




**बड़कागांव (हजारीबाग)। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फाउंडेशन ने पिछले दस दिनों में बड़कागांव प्रखंड के चार स्थलों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। इस दौरान प्रखंड के करीब दस गांव के 138 पुरुष और 131 महिलाओं समेत कुल 314 ग्रामीणों का इलाज किया गया। इन सभी को जरूरत के हिसाब से निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गयी। शिविर में मरीजों का इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ बिजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकतर ग्रामीणों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याएं पायी गयी है, जिसमें अर्थराइटिस, पॉली अर्थराइटिस, एग्जीमा, कुपोषण, सामान्य सर्दी, गैस्ट्रिसिस, एनीमिया, डायरिया, आंखों की समस्याएं और सामान्य दर्द शामिल है। जिन जगहों पर ये चिकित्सा शिविर लगाये गये, उसमें ब्लॉक मोड़ हाई स्कूल मैदान, शिवाडीह, कुमारडीहा और पिपरडीह शामिल हैं। इस चिकित्सा दल में डॉक्टर के अलावा फार्मासिस्ट संगीता कुमारी, एसपीओ त्रिलोक कुमार झा और वाहन चालक ननकू प्रसाद दांगी शामिल थे।**

## बड़कागांव के कांग्रेस नेता उपेंद्र कुमार समर्थकों के साथ आजसू में शामिल

# राज्य सरकार ने युवाओं को हर मोर्चे पर छला : सुदेश

**आज युवा रोजगार न मिलने के चलते अपने गांव शहर से न चाहते हुए भी पलायन को हैं मजबूर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को हर मोर्चे पर छला है। युवाओं से नौकरी और बेरोजगारी भत्ता का वादा कर सत्ता में आयी इस सरकार ने युवाओं और राज्य की जनता को ठगने का काम किया है। आज युवा रोजगार न मिलने के चलते अपने गांव शहर से न चाहते हुए भी पलायन को मजबूर हैं। इस वादाखिलाफी का जवाब प्रदेश के युवा इस सरकार को सत्ता से उखाड़ कर देंगे। आज राज्य के नौजवान आजसू को उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं जिसका नतीजा है कि लगातार कई युवा पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर हमसे जुड़ रहे हैं। सुदेश महतो मंगलवार को रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में बड़कागांव विधायक के पूर्व प्रतिनिधि सह कांग्रेस नेता उपेंद्र कुमार की अगुवायी में सैकड़ों युवाओं, समाजसेवियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को पार्टी की सदयस्ता दिलाने के बाद संबोधित कर रहे थे। पार्टी में शमील हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुये श्री महतो ने कहा कि आप सभी अपनी ऊर्जा और पार्टी के अनुभव का उपयोग कर जनता की सेवा और राज्य के विकास के लिए काम करें।

**15 सालों से एक ही परिवार का राज फिर भी बड़कागांव विकास से कोसों दूर :** पार्टी में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व नेता उपेंद्र कुमार ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पिछले 15 सालों से एक ही परिवार का राज है इसके बावजूद भी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। इसी को दूर करने और अपने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को विकास से जोड़ने के लिए हम अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थाम रहे हैं। इस दौरान रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, संदीप कुशवाह, गौतम वर्मा, तपेश्वर कुमार तापस, पार्टी के वरिष्ठ नेता लीलारधन साव, तुलेश्वर राम, सुरेश दांगी, हुलास प्रसाद दांगी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जातिगत गणना से विपक्ष को उम्मीद

कांग्रेस वर्किंग कमिटी की सोमवार को हुई बैठक पहले से तय थी, फिर भी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की तारीखें घोषित होने से इसकी अहमियत थोड़ी और बढ़ गयी। वैसे बैठक का एजेंडा भी पहले से तय था। यह निश्चित था कि इसमें कास्ट सर्वे का मसला छाया रहेगा। असल में, बिहार कास्ट सर्वे के नतीजे सार्वजनिक होने के बाद से यह मुद्दा सबकी प्राथमिकता में आ गया है। विपक्ष जहां कास्ट सर्वे से अधिक राजनीतिक फायदा लेना चाहता है, वहीं बीजेपी इस मुद्दे की वजह से ओबीसी वोटरों पर अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने देना चाहती। कांग्रेस कास्ट सर्वे के पक्ष में खुलकर बोल रही है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से इसे हिंदू समाज को बांटने की कोशिश बताया है, कांग्रेस के भी एक हिस्से में इस पर सतर्कता से आगे बढ़ने की जरूरत बतायी जाने लगी। जाहिर है, कोई भी पार्टी इस तरह के बड़े मुद्दे पर बंटे हुए मन से चुनाव में नहीं उतरना चाहेगी। इसलिए कांग्रेस की वर्किंग कमेटी की बैठक में इस मसले पर सोमवार को विचार हुआ। कांग्रेस ही क्यों, विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए भी इसके पक्ष में है। इन दलों को लग रहा है कि इसके जरिए वे 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी को पराजित कर देंगे। लेकिन हैरानी की बात यह भी है कि कांग्रेस सरकार ने ही कर्नाटक में 2015 में ऐसा एक सर्वे कराया था, जिसकी रिपोर्ट उसे 2018 में मिल गयी थी। इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है और अभी भी कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में इसे सामने लाने पर दो राय है। एक वर्ग मानता है कि रिपोर्ट सामने लायी जाये, तो दूसरा लोकसभा चुनाव तक यथास्थिति बनाये रखने की बात कह रहा है। उसे डर है कि रिपोर्ट सार्वजनिक करने पर कहीं लोकसभा चुनाव में नुकसान न हो जाये। असल में, बिहार में पिछड़े और अति पिछड़े तबकों की संख्या राज्य की कुल आबादी का 63 फीसदी दर्ज हुई, उसे देखते हुए अन्य राज्यों में भी कास्ट सर्वे कराने का सीधा मतलब है आरक्षण पर 50 फीसदी की अधिकतम सीमा वाली रोक हटाने के पक्ष में माहौल बनाना। जैसे-जैसे यह मुद्दा गरमायेगा, बीजेपी को हासिल ओबीसी तबकों का समर्थन उससे छिटकने लगेगा। मगर क्या यह गणित इतना आसान है? जाहिर है, बीजेपी ऐसा नहीं मानती। उसकी दलील है कि केंद्र सरकार द्वारा चलायी गयी एलपीजी कनेक्शन, आवास और मुफ्त राशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं ने ओबीसी वोटरों के बड़े हिस्से में पार्टी की पैठ काफी मजबूत कर दी है। ध्यान रहे, जहां 2014 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 34 फीसदी ओबीसी वोटरों का समर्थन हासिल था, वहीं 2019 में यह बढ़कर 44 फीसदी पर पहुंच गया। बहरहाल, इस मामले में विपक्ष और बीजेपी का पहला इम्तिहान नवंबर में पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव होगा।

**विपक्ष जहां कास्ट सर्वे से अधिक राजनीतिक फायदा लेना चाहता है, वहीं बीजेपी इस मुद्दे की वजह से ओबीसी वोटरों पर अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने देना चाहती। कांग्रेस कास्ट सर्वे के पक्ष में खुल कर बोल रही है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हाथ सूजा हो तो एक्स-रे, पेट में दर्द हो तो अल्ट्रासाऊंड या बुखार चल रहा हो तो ब्लड टेस्ट के लिए कहता है कि नहीं? देखिए, टेस्ट करने से बीमारी खत्म नहीं हो जाती, लेकिन टेस्ट करवाना इलाज का पहला जरूरी कदम है। तो बस आप यूं ही समझ लीजिए कि जातिवार जनगणना जाति व्यवस्था नामक बीमारी का इलाज करने के लिए करवाया गया एक्स-रे है।**

# जाति नामक रोग का एक्स-रे है जनगणना

**योगेंद्र यादव**



आप जैसे बुद्धिजीवी भी जाति जनगणना जैसे देश तोड़ने के विचार का समर्थन कैसे कर सकते हैं? आपसे मतभेद जरूर हैं। लेकिन मैं मानता था कि आप लोग कम से कम सामाजिक सद्भाव में विश्वास करते हैं। मैं हैरान हूं! यह वही अंकल थे, जो अक्सर मुझे पार्क में घूमते हुए मिल जाते हैं। भाजपा के समर्थक हैं, मोदी जी के भक्त और आरक्षण के घोर विरोधी। राजनीतिक असहमति के बावजूद हमेशा स्नेह से नमस्कार करते हैं, परिवार का कुशलक्षेम पूछते हैं और शालीनता बनाये रखते हैं। आज उनकी आवाज में जरा तल्खी थी।

एक बार तो मन में पलटवार करने की इच्छा हुई। सोचा एक बार तो पूछ लूं कि दिन-रात हिंदू-मुसलमान करने के बाद आपको देश की एकता की चिंता कैसे हो गयी? लेकिन फिर मैं संभल गया। तर्क का जवाब तर्क से दिया जाना चाहिए, आरोप या कुतर्क से नहीं। जो बात अंकल कह रहे हैं, वैसी बात न जाने कितने लोगों के मन में होगी। उसका तार्किक और सच्चा उत्तर देना जरूरी है। इसलिए तैश को पीकर मैंने उन्हें उत्तर दिया-आप सही कहते हैं अंकल! मुझे और आपको भूल कर भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जिससे देश टूटने का खतरा हो, लेकिन मैं हैरान हूं कि आपको जाति जनगणना से यह खतरा दिखायी देता है। और मैं उससे भी ज्यादा हैरान हूं कि आप जैसा व्यक्ति जाति जनगणना का समर्थन क्यों नहीं कर रहा? उनके चेहरे पर हैरानी का भाव पढ़ कर मैंने बात आगे बढ़ायी। देखिए अंकल, मेरे-आपके जो भी मतभेद हों हम दोनों इस बात से सहमत हैं न कि जाति व्यवस्था भारतीय समाज की एक बीमारी है? इस बीमारी का इलाज किया जाना चाहिए या नहीं?

**इस जनगणना से पहली बार मुसलमानों में पसमांदा यानी पिछड़ी जातियों की सच्चाई सामने आयी है।**

**अगर आपका एक्स-रे इतना अच्छा है, तो सिर्फ हिंदू समाज का ही क्यों? मुसलमानों में भी तो जातियां हैं, उनकी जनगणना क्यों नहीं करते? सवाल सरल था, और जवाब भी, अंकल, लगता है आपने बिहार के जातिवार सर्वेक्षण की रिपोर्ट नहीं पढ़ी। उसमें जैसे हिंदुओं की हर जाति की गिनती की गयी है, ठीक उसी तरह मुसलमानों की भी कोई दो दर्जन जातियों में हर एक का अलग-अलग ब्योरा दिया गया है।**

अनमने ही सही, उन्होंने हामी भरी और बोले बीमारी तो है, लेकिन आप उसका इलाज कहां कर रहे हो? जाति जनगणना से आप तो बीमारी को और बढ़ा रहे हो? जातियों की गिनती करने से देशभर से जाति व्यवस्था कैसे खत्म होगी? संवाद शुरू हो गया था सो मैंने तर्क पेश करना शुरू किया। देखिए अंकल, अगर हमें कोई बीमारी होती है तो हम डाक्टर के पास जाते हैं या नहीं? और डॉक्टर हमें देखते ही अक्सर सबसे पहले कोई न कोई टेस्ट करवाने को कहता है कि नहीं?

हाथ सूजा हो तो एक्स-रे, पेट में दर्द हो तो अल्ट्रासाऊंड या बुखार चल रहा हो तो ब्लड टेस्ट के लिए कहता है कि नहीं? देखिए, टेस्ट करने से बीमारी खत्म नहीं हो जाती, लेकिन टेस्ट करवाना इलाज का पहला जरूरी कदम है। तो बस आप यूं ही समझ लीजिए कि जातिवार जनगणना जाति व्यवस्था नामक बीमारी का इलाज करने के लिए करवाया गया एक्स-रे है। मेरी बात काटते हुए वह बोले, यह एक्स-रे नहीं, यह तो वजन तोलने की मशीन भर है। किस जाति की कितनी जनसंख्या है, यह गिनने से जाति व्यवस्था की बीमारी की जांच कैसे होगी? उनकी मुस्कान खिलने से पहले ही मैंने जवाब शुरू कर दिया। यही तो जातिवाद जनगणना के बारे में सबसे बड़ी गलतफहमी है। जनगणना के विरोधी और समर्थक दोनों इस बात को नहीं समझते हैं।

अच्छा हुआ आपने पूछ लिया। वैसे तो बीमार का वजन देखना भी जरूरी होता है, लेकिन जनगणना सिर्फ वजन या आकार नापने का तरीका नहीं है। जातिवार जनगणना हमें हर जाति की शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति का ब्योरा पेश करती है। अभी तो बिहार सरकार ने आंकड़ों की पहली किस्त ही पेश की है। जब विधानसभा सेशन में दूसरी किस्त आयेगी, तो उसमें यह ब्योरा मिलेगा कि बिहार में और राज्य के किस जिले की किस तहसील में किस जाति के कितने लोग अशिक्षित हैं, कितने मैट्रिक पास हैं, कितने ग्रेजुएट हैं, कितने सरकारी नौकरी में हैं, कितनों के पास कितनी जमीन है, कितनों के घर में जीप या कार है, कंप्यूटर है और कितने दिहाड़ी की मजदूरी कर अपना गुजर-बसर करते हैं। यानी कि जातिवार जनगणना से हर जाति के पिछड़ेपन या तगड़ेपन की पूरी तस्वीर दिख जायेगी। इसीलिए मैं इसे एक्स-रे कहता हूं।

आप कहते हैं तो मैं मान लेता हूं। लेकिन कौन आगे, कौन पीछे इसके आंकड़े प्रकाशित करने से क्या मिलेगा? समाज में ईर्ष्या भाव बढ़ेगा झगड़े बढ़ेंगे? अब उनका स्वर थोड़ा नरम था। अंकल, मैं तो सोच रहा था कि आप इसी कारण से जाति जनगणना का समर्थन करेंगे। देखिए, आपकी मान्यता है कि इस देश में केवल गरीब- अमीर का अंतर है, जाति का अंतर अब धीरे-धीरे समाप्त हो चुका है। अगर आपकी बात सही है तो जातिगत जनगणना से इसकी पुष्टि हो जायेगी, पता लग जायेगा कि सभी जातियों में गरीब और अमीर का अनुपात कमोबेश एक जैसा है। आपको तो इन आंकड़ों और प्रमाण का स्वागत करना चाहिए। आप सशंकित क्यों हैं?

बाजी पलटती देख कर अब अंकल फिर तल्ख हुए, अगर आपका एक्स-रे इतना अच्छा है, तो सिर्फ हिंदू समाज का ही क्यों? मुसलमानों में भी तो जातियां हैं, उनकी जनगणना क्यों नहीं करते? सवाल सरल था, और जवाब भी, अंकल, लगता है आपने बिहार के जातिवार सर्वेक्षण की रिपोर्ट नहीं पढ़ी। उसमें जैसे हिंदुओं की हर जाति की गिनती की गयी है, ठीक उसी तरह मुसलमानों की भी कोई दो दर्जन जातियों में हर एक का अलग-अलग ब्योरा दिया गया है। इस जनगणना से पहली बार मुसलमानों में पसमांदा यानी पिछड़ी जातियों की सच्चाई सामने आयी है।

आखिर में बात मोदीजी तक पहुंचनी ही थी। वह बोले देश के प्रधानमंत्री ने कहा है कि जाति जनगणना से देश की एकता को खतरा है। अब मैं हंसे बिना नहीं रह सका, मतलब प्रधानमंत्री यह कह रहे हैं कि 2010 में जाति जनगणना का संसद में समर्थन कर भाजपा ने देश तोड़ने का अपराध किया था? सन 2018 में उनके ही गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने संसद के पटल पर जातीय जनगणना का आश्वासन क्यों दिया था? बिहार की भाजपा आज भी इस जनगणना का समर्थन क्यों कर रही है? अंकल मेरे जवाब का इंतजार किये बिना आगे निकल चुके थे।

# आतंकी संगठन हमास के खिलाफ लड़ाई



**सुखदेव वशिष्ठ**



शनिवार की सुबह इस्राइल को निश्चित ही उसके दुश्मन हमास ने पूरी तरह हैरान कर दिया। लड़ाई के शुरू के पलों में इस्राइल को भारी नुकसान हुआ है। कम से कम 250 लोग मारे गये ,1400 लोग घायल हुए और दर्जनों लोगों को बंधक बनाया गया है। 50 वर्ष पहले शुक्रवार को शुरू हुए योम किपर युद्ध में पिछली बार सोवियत संघ के साथ लड़ना पड़ा था और इस बार ईरान एवं सीरिया एवं लेबनान में उसके प्रतिनिधियों के साथ लड़ना पड़ रहा है।

योम किपर युद्ध ने इस्राइल में लेबर पार्टी की मजबूत पकड़ खत्म कर दी थी और लगभग यही स्थिति इस बार लिकुड पार्टी के साथ भी हो सकती है।

इस युद्ध में 1973 के मिश्र और सीरिया युद्ध की तरह हमास का स्पष्ट उद्देश्य विनाशकारी इस्राइली प्रतिक्रिया को भड़काना ही है। भारी संख्या में फिलिस्तीनी घायलों की संख्या निश्चित ही इस्राइल और सऊदी अरब की शांति वार्ता में गतिरोध पैदा करेगी। इससे न केवल यहूदी राज्य के प्रति मुस्लिम विरोध तीव्रता से भड़केगा, इस्राइल के दक्षिणपंथियों को फिलीस्तीन के साथ किसी भी समझौते का विरोध करने का मजबूत तर्क भी मिलेगा।

इस्राईल की जवाबी कार्यवाई में रविवार को हमास के कार्यालय वाली बिल्डिंग सहित अनेकों व्यापारिक और रिहायशी बिल्डिंग नेस्तनाबूद हो गयी हैं। हमास के हमले के 24 घंटे के बाद भी दक्षिणी इस्राईल के कम से कम सात शहरों में पर आंतकी कब्जा किये हुए हैं।

लेबनान के ईरान समर्थित आतंकी समूह हिज्बुल्ला ने रविवार को इस्राईल के तीन ठिकानों पर हमला किया है, जिससे इस्राईलकी उत्तरी सीमा पर भी लड़ाई भड़कने का खतरा उत्पन्न हो गया है। इस्राईल के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत ने कहा कि दर्जनों अमेरिकी भी इस समय हमास के बंधक हैं।

आंतकवाद को कभी भी जायज नहीं ठहराया जा सकता। इस आपदा के बारे में जल्दी ही सोचना पड़ेगा कि इस का सबसे बेहतर परिणाम समय रहते कैसे पाया जाये। भारत तो लगातार राष्ट्रीय स्तर पर और विश्व स्तर पर हमेशा ये बात कहता रहा है कि आतंक से जो लड़ाई है वो किसी एक देश की लड़ाई नहीं है। वो पूरे विश्व की लड़ाई है। सऊदी अरब हमेशा से ईरान के साथ करीबी सैन्य रिश्ते होने के कारण हमास पर अविश्वास करता रहा है। मिश्र हमास को मुस्लिम ब्रदर हुड की फिलिस्तीनी शाखा के रूप में देखता है जिसे वह अपने मुल्क में कुचलता है। फलीस्तीनी प्राधिकरण हमास को सत्ता केलिये प्रमुख प्रतिद्वंदी मानता है। अमेरिका पहले ही हमास को आतंकी गुट करार चुका है।गाजा को सांझा हितों वाले क्षेत्र में बदल कर इस समस्या को हमेशा केलिये खत्म किया जा सकता है। इस्राईल भारत का स्वाभाविक मित्र रहा है। क्या भारत खुद को इस कूटनीतिक प्रयास में एक महत्वपूर्ण भागीदार बना सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

## मेक्सिको में झारखंड के छऊ कलाकारों ने बिखेरा जलवा

# विदेशियों को भाया महिषासुर मर्दिनी और कंस वध का नृत्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सात समंदर पार उत्तरी अमेरिका के मेक्सिको में मानभूम छऊ शैली के कलाकारों ने जलवा बिखेरा है। सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड के जामडीह गांव की पुरुलिया छऊ नृत्य डांस एकेडमी के कलाकार सह उस्ताद परेश प्रसाद पारित के नेतृत्व में आठ सदस्यीय टीम ने छऊ नृत्य से विदेशियों को मन मोह लिया। झारखंडी छऊ नृत्य में महिषासुर मर्दिनी और कंस वध को विदेशियों ने खूब सराहा। उत्तरी अमेरिका के मैक्सिको में विदेशियों ने छऊ नृत्य को खूब पसंद किया। वहां 1 से 15 अक्टूबर तक लुसिया फेस्टिवल के साथ अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा है। **विदेशियों को भाया महिषासुर मर्दिनि और कंस वध का नृत्यः** उत्तरी अमेरिका के मेक्सिको में आयोजित लूसिया फेस्टिवल में झारखंडी छऊ नृत्य के प्रसिद्ध महिषासुर मर्दिनि, कंस वध विदेशियों को खूब भाया। इसके साथ ही छऊ कलाकारों भक्त प्रह्लाद, शुंभ निशुंभ वध जैसे नृत्य दिखा कर विदेशियों का खूब मनोरंजन किया। छऊ उस्ताद परेश प्रसाद पारित ने बताया कि उत्तरी अमेरिका के मैक्सिको में आयोजित लूसिया फेस्टिवल में हमारी छऊ नृत्य का खूब सराहा जा रहा है। विदेशी छऊ नृत्य सिखने को लेकर काफी उत्साहित भी हैं।

**छऊ उस्ताद को किया गया सम्मानित**

**हमारी आठ सदस्य टीम ने छऊ मुखौटा पहन कर अनपा नृत्य प्रस्तुत किया, जो लोगों को काफी पंसद आया। छऊ नृत्य देखने के लिए काफी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं हमारी छऊ टीम के लिए रहने-खाने का अच्छा प्रबंध वंहा के आयोजकों के द्वारा किया गया है। वहीं विदेशियों द्वारा छऊ उस्ताद परेश प्रसाद पारित को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।**

## बारीनगर कब्रिस्तान और रजा कॉलोनी में पथ निर्माण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

# हेमंत सरकार में राज्य के सभी वर्गों का हो रहा सर्वांगीण विकास : कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** शहर के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र स्थित उत्तरी घोड़ाबांधा पंचायत अंतर्गत बारीनगर कब्रिस्तान के पास विधायक के पहल पर पेवर्स पथ निर्माण कार्य का शुरूवात की गयी। मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधायक निधि से निर्मित कब्रिस्तान गेट के अंदर से कब्रिस्तान के चारदिवारी के किनारे तक पेवर्स पथ निर्माण कार्य व जमशेदपुर प्रखंड उत्तरी घोड़ाबांधा पंचायत अंतर्गत बारीनगर रजा कॉलोनी में विधायक निधि से निर्मित पेवर्स पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा हेमंत सरकार में समाज के प्रत्येक वर्ग का सर्वांगीण विकास हो रही है। हेमंत सरकार सभी क्षेत्र में विकास कार्य के प्रति कटिबंध है। बर्तमान हेमंत सरकार झारखंड के जरूरतमंद अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहचाने में जुटी है। लेकिन विपक्ष हेमंत सरकार के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है। झारखंड की जनता सब देख रही है। आने वाले चुनाव भी नजदीक है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य डॉक्टर परितोष, मुखिया छोटा टूडु, मो समीउल्ला, मेहंदी, मो शाहिद, जहिर सिदिकी, मो सरफराज, आमिर सोइल, अली, सेएद, अरमान, अल्तमज, रियाजद्दीन खान, रजत, बिनित, आमिर सहित सैकड़ो झामुमो व कांग्रेस समर्थक मौजुत रहे।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चौका थाना अंतर्गत खूंटी गर्ल्स स्कूल के समीप अवैध रूप से बालू का परिवहन करते चौका प्रभारी ने गस्ती के दौरान पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार बालू के अवैध कारोबारी एन एच मुख्य सड़क छोड़कर ग्रामीण इलाकों के अंदर से ही बालू का अवैध परिवहन हो रहा है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ने अहले सुबह गस्ती में थे। मौके पर उन्होंने गर्ल्स स्कूल के समीप एक ट्रैक्टर में अवैध से बालू परिवहन करते पाया गया। जिसमें नंबर प्लेट भी उस ट्रैक्टर में नहीं था। तत्पश्चात थाना प्रभारी व पुलिस बल के सहयोग से ट्रैक्टर को पकड़ा गया। वही पुलिस की गाड़ी देखते हुए चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। फिलहाल ट्रैक्टर के इंजन नंबर और चेचिस नंबर पर केस दर्ज करने व अवैध करोबार में सम्मिलित व्यक्ति की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा क्षेत्र में कोई भी इस तरह का अवैध धंधा करते हुए पाया गया तो कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर के दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां कर दी गयी है। मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में आदित्यपुर व गम्हरिया के पूजा पंडालों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दी गयी। बीडीओ प्रवीण कुमार ने बताया डीसी के द्वारा दिए गये गाइडलाइन का जायजा लिया जा रहा है। साथ ही पूजा पंडालों में किये जा रहे तैयारी व खासकर पार्किंग और सुरक्षा के बिंदुओं पर जांच कर पूजा कमेटी को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया आदित्यपुर के प्रवीण सिंह सेवा संस्थान द्वारा तैयार किया जा रहे पंडाल में कुछ खामियां पाई गयी। जिसे समय के पूर्व दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। मौके पर सीओ, आदित्यपुर थाना प्रभारी, ट्रैफिक थाना प्रभारी पूजा कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन और जुस्को की टीम ने शहर के विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर में आने वाले त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए जिले के एसपी कौशल किशोर ने पहल शुरू कर दी। मंगलवार को जिला प्रशाशन की टीम व जुस्को प्रबंधन के द्वारा शहर के बागबेड़ा, सोनारी, साकची व बारिडीह नदी जाने वाली विसर्जन घाट घाटों का निरिक्षण किया गया। उन्होंने नदियों के डेंजर जोन, विसर्जन के रूट, लाइटिंग,पेयजल समेत तमाम सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही की कई दिशा निर्देश दिये।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ग्रामीणों ने समाहरणालय पहुंच कर किया डीलर के खिलाफ धरना-प्रदर्शन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला अकाल के कगार पर है तो जनता अब डीलर के द्वारा वितरण सरकारी अनाज से भी मोहताज है। बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के सुखनदी गांव के सैकड़ों राशन कार्डधारी लाभुकों ने समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त को लिखित आवेदन दिया है। आवेदन देने के बाद डीलर के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। लाभुकों ने बताया कि राशन जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उमेश डीलर के द्वारा सितंबर और अगस्त माह का राशन उठाव को लेकर पॉस मशीन में अंगूठा लगवा कर और साथ में पर्ची भी दिया गया है और राशन नहीं दिया गया है। इसी को देखते हुए जिला समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त महोदय को कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया है लाभुकों ने कार्रवाई करने के लिए धरना-प्रदर्शन भी किया है।

### ग्रामीणों ने ढाढरा नदी पर विधायक से पुल निर्माण कराने की मांग की



**केतार (आजाद सिपाही)।** बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय बलीगढ़ के प्राचार्य, अभिभावक और छात्रों ने क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही को आवेदन सौंपकर बलीगढ़ गांव स्थित ढाढरा नदी पर पुल निर्माण कराने का आग्रह किया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होने के पश्चात महाविद्यालय में 2022-24 एवं 2023-25 के लिए नामांकन लिया गया है। हम सभी शिक्षक और छात्र - छात्राओं को ढाढरा नदी को पार कर क्लास करने कॉलेज जाना पड़ता है। वर्षा के दिनों में हमलोगों को नदी पार होने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिस कारण हम लोग नियमित कॉलेज नहीं जा पाते हैं। जिससे पढ़ाई भी बाधित हो रही है। इस आवेदन में छात्रा पूजा कुमारी, सोनी कुमारी, प्रिया कुमारी, निर्मला कुमारी, खुशबू कुमारी, रूपा कुमारी, चांदनी कुमारी, तारा कुमारी, सुषमा कुमारी, पुनीता कुमारी, कमलेश कुमार, विजय कुमार, रितेश कुमार, समीर अंसारी, मंटू सिंह, मुखलाल गुप्ता सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का हस्ताक्षर मौजूद है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा सिंह और छात्रों ने विधायक भानु प्रताप शाही से ढाढरा नदी पर जल्द पुल निर्माण कराने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि उक्त पुल का निर्माण होने से महाविद्यालय के छात्रों सहित गांव के ग्रामीणों को भी काफी सहुलियत होगी। मौके पर भूमिदाता योगेन्द्र सिंह, सदस्य गणेश सिंह, रामाश्रय सिंह, नवनीत कुमार सिंह, विजय कुमार गुप्ता, चाहत सिंह, प्रमोद कुमार प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में पेंशन दिवस पर अनुपस्थित रहे प्रतिनियुक्त प्रखंड कर्मी



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में पेंशन दिवस का आयोजन किया गया। पेंशन दिवस के अवसर पर पेंशन से संबंधित समस्या का निष्पादन किया गया। जिन लाभुकों का पेंशन रुका हुआ था उनसे आधार कार्ड व पासबुक की छाया प्रति एवं आवेदन मांगा गया। इस पेंशन दिवस के अवसर पर प्रखंड से नियुक्त कर्मी अनुपस्थित रहे। मुखिया मूंगा साह ने लाभुकों से दस्तावेज प्राप्त किए।

### पंचायत स्वयंसेवक संघ की बैठक में आंदोलन तेज करने और संघ की मजबूती पर की गयी चर्चा



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी वन विभाग के परिसर में मंगलवार को प्रखंड के सभी पंचायत स्वयंसेवक संघ की बैठक जिला अध्यक्ष लवकुश प्रजापति के अध्यक्षता में हुई। इस दौरान समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से राजभवन रांची के समीप विगत तीन महीने से चल रहे आंदोलन को तेज करने और संघ की मजबूती पर चर्चा की गयी। संघ के जिला अध्यक्ष प्रजापति ने कहा कि जब तक सरकार हमारे संघ की मांगें पूरी नहीं करती तब तक कोई भी स्वयंसेवक आवास का काम नहीं करें। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्वयं सेवक अपनी मांगों को लेकर एकजुट हैं। जरूरत पड़ेगी तो रांची राज भवन पर भी जाकर हम लोग अपने संघ के समर्थन में खड़ा होंगे। इस बैठक मे स्वयं सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश राम, मीडिया प्रभारी सुभाष कुमार, सचिव, मुनिलाल, चंदन कुमार, चंदा देवी, गीता कुमारी, कुंटल प्रजापति, जुगेश कुमार काफी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** मंत्री ने किया डंडा में 33 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र का शिलान्यास

# संपूर्ण रूप से विकसित राज्य बनेगा झारखंड : मंत्री मिथिलेश

**निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से संपूर्ण डंडा प्रखंड को मिलेगी निर्बाध बिजली**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के डंडा प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को झारखंड संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत 33/11 केवी के विद्युत शक्ति उपकेंद्र का शिलान्यास किया गया। इसका शिलान्यास गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से संपूर्ण डंडा प्रखंड को निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि डंडा प्रखंड पहले बिजली के लिए दूसरे ग्रिड पर निर्भर था। जिससे पावर कट की समस्या बनी रहती थी। इस समस्या को देखते हुए 2/5 एमवीए क्षमता की 10 किलोमीटर लंबी 33 केवी लाईन का डंडा ग्राम में विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण किया जा रहा है। यहां बी मोड़ ग्रिड से फरठिया शक्ति उपकेंद्र, फरठिया शक्ति उपकेंद्र से कुंडी शक्ति उपकेंद्र तथा कुंडी शक्ति उपकेंद्र से डंडा शक्ति उपकेंद्र को 33 केवी लाईन की आपूर्ति की जाएगी। इस ग्रिड के निर्माण से डंडा प्रखंड के तीनों पंचायत के सभी सात गावों की लगभग 22 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। अब संपूर्ण डंडा प्रखंड में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला का प्रत्येक गांव बिजली से रौशन होगा। सिंचाई, उद्योग आदि कार्यों में सुविधा होगी। सरकार जनता को 100 यूनिट बिजली फ्री दे रही है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा सहित झारखंड संपूर्ण विकसित राज्य के रूप में प्रस्तुत होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने विकास के क्षेत्र में कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने जनता को सिर्फ वोट का मशीन समझा। मंत्री ने कहा कि वे उच्च विद्यालय डंडा को प्लस टू करने के लिए प्रयासरत हैं। डंडा सहित संपूर्ण गढ़वा में शिक्षा का अलख जगेगा। मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के गांव-गांव में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधा पहुंचाने के लिए दृढ़ संकलिप्त है। मुख्यमंत्री की यह सोच है कि जब तक प्रत्येक गांव, टोला विकसित नहीं होगा, सभी गरीब, गुरबों को हक अधिकार नहीं मिलेगा तब तक विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्यों से विपक्षियों की नींद उड़ गई है।

मौके पर मुख्य रूप से विद्युत अधीक्षण अभियंता असगर अली अंसारी, विद्युत कार्यपालक अभियंता, डंडा बीडीओ, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, पूर्व जिप अध्यक्ष सुषमा मेहता, बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर, संजय चौधरी, उप प्रमुख नंदू चौधरी, डंडा मुखिया रूपा देवी, वीरेंद्र चौधरी, नारद तिवारी, विजय चौधरी, कामेश्वर चौधरी, तौकीर अंसारी, पार्वती देवी, अनिल चौधरी, दशरथ ठाकुर, उदय मेहता, चंदन चौधरी, बिंदेश्वर चौधरी, नंददेव शर्मा, नरेश विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने मेगा रक्तदान शिविर लगाया

**शिविर में 187 लोगों ने निबंधन कराकर किया रक्तदान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सदर अस्पताल के नेतृत्व में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला के उपायुक्त शेखर जमुआर, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय एवं जिला सदर अस्पताल के असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अवधेश सिंह तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रक्तदान शिविर में 187 लोगों ने निबंधन कराकर रक्तदान किया। जिसमें विश्वद्यालय द्वारा संचालित सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने इस मानव कल्याण कार्य हेतु अपना रक्तदान किया।

उपायुक्त ने रक्तदान करने आये लोगों को धन्यवाद दिया तथा रक्तदान से होनेवाले व्यक्तिगत लाभ एवं समाज कल्याण कार्यों को बताकर रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदाताओं के मनोबल को बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से मानव शारीर में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कते नहीं होती हैं। बल्कि इससे शारीर और स्वस्थ हो जाता है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने रक्तदान से होने वाले फायदे को विस्तृत रूप से बताते हुए रक्तदान महाकल्याण के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने स्वागत भाषण दिया तथा ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी पवन कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मंच का संचालन डॉ. पीडी तिवारी द्वारा किया गया तथा शिविर के समन्वयक डॉ एके सिन्हा, सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, शंभू राम, हरेन्द्र सिंह, पंकज कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, सुभाष कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## जमीरुद्दीन को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर किया गया स्वागत

**गढ़वा, मेराल, चिनिया, मझिआंव व रमना का प्रखंड अध्यक्षों की हुई नियुक्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय अशोक विहार गढ़वा में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर जमीरुदीन अंसारी का स्वागत किया गया। वहीं राजद महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूदा देवी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद पलामू कामेश्वर बैठा, राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह उपस्थित थे। जिसमें रुदा देवी के द्वारा गढ़वा, मेराल, चिनिया, मझिआंव व रमना का प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही महिला प्रकोष्ठ जिला कमेटी का विस्तार किया गया। साथ ही आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारी को बूथ स्तर पर काम करने का दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में हर एक प्रखंड में अंबेडकर पर परिचर्चा की रूपरेखा बनी और नये एवं पुराने साथियों को पार्टी से जोड़ने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी अभय पांडे, राजद प्रखंड अध्यक्ष नौशाद अली, जगदीश यादव, महासचिव अशोक सिंह, नूरजहां खातून, सोनी देवी, सरिता देवी, खुशबू देवी, बसंती देवी, दुर्गावती देवी, अनीता देवी, बबीता देवी, संतावती देवी, मनी देवी, पूनम देवी सहित राष्ट्रीय जनता दल के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## जीएन कांवेंट स्कूल में डेंगू, चिकनगुनिया नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल में राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग गढ़वा के विशेषज्ञों द्वारा परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक मदन केशरी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि डेंगू, एक अत्यंत खतरनाक बिमारी है, जो संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से होती है। जिसके कारण अचानक तेज बुखार, पहचान खोना, सिर में तेज दर्द, आँखों के पिछले हिस्से में दर्द, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द, छाती, और हाथों में खसरा जैसे चकते, मसूड़ों से खून आना, भोजन से अरुचि, भूख न लगना आदि जैसे लक्षण प्रकट होते हैं। ऐसी स्थिति में निकट के सरकारी अस्पताल या योग्य चिकित्सक से सलाह लेना अत्यावश्यक है। बचाव ईलाज से बेहतर होता है। किसी भी बूवार को हल्का में नहीं लेना है, यह 'डेंगू' चिकनगुनिया हो सकता है। मच्छरों से बचाव लिए घर के आस पास सफाई रखें। पानी के बर्तनों को ढंक कर रखें, क्योंकि एडिस मच्छर स्वच्छ जल में ही पनपते हैं। एडीस मच्छर, मुख्यतः शरीर के निचले हिस्सों में काटते हैं अतः हाथ एवं पैरों को ढंक कर रखें। हमेशा मच्छरदानी के अन्दर सोयें। संभव हो तो कीटनाशीयुक्त मच्छरदानी का प्रयोग करें। बुखार होने पर खूब पानी पीयें एवं आराम करें। अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, गढ़वा की ओर से आए विशेषज्ञों फिरोज खान एवं संजय कुमार सिंह के द्वारा छात्र-छात्राओं को डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया से बचाव एवं उपचार से संबंधित बहुमूल्य जानकार दी गयी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश कुमार भारती, संजीव कुमार, अजय कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुनिता कुमारी, सुषमा तिवारी, निलम कुमारी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद आदि भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर मंच संचालन इस कार्यक्रम के इंचार्ज संजीव कुमार और धन्यवाद ज्ञापन मुकेश भारती ने किया।

### मंझिआंव में शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा त्योहार मनाने का लिया गया निर्णय



**मंझिआंव।** थाना परिसर में आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण ढंग से नवरात्र का त्योहार मनाने को लेकर शांति समिति की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड के कार्यपालक पदाधिकारी ने की। वहीं मौके पर सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण तरीके व हर्षोल्लास से मनायें। थाना प्रभारी ने विशेष रूप से कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर किसी तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले कमेटी अश्लीलता पर विशेष ध्यान रखेंगे। बैठक का संचालन सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता के द्वारा गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्षा सुमित्रा देवी, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम शंकर दुबे उर्फ मुन्ना दुबे, जेएमएम प्रखंड एसएन त्रिपाठी, अध्यक्ष शोभा जयसवाल, संजय कमलापुरी, मारुति नंदन शोनी, मुखिया महताब आलम, मुखिया प्रतिनिधि इंदल सिंह, इंतखाब खान, पूर्व मुखिया शेख अमरुद्दीन, अशोक कमलापुरी, युवा समाजसेवी अनूप कुमार दुबे उर्फ मीनू दुबे, जितेंद्र प्रसाद यादव, उप मुखिया प्रकाश यादव, ब्रजेश पांडे, ओमप्रकाश मेहता, योगेंद्र प्रजापति, ईबरार खान, पूर्व बीडीसी राजेंद्र राम सहित नगर पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बरडीहा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडे एवं बीडीओ सह सीओ सुश्री निधि रजवार की उपस्थिति में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में विभिन्न गांव से गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर खास नजर रखी जायेगी। किसी प्रकार का बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों पर समिति के लोग विशेष निगरानी रखेंगे। साथ कोई अप्रिय घटना होने से पहले तुरंत पुलिस को सूचना देंगे ताकि अप्रिय घटना होने से समय पर कार्रवाई की जा सके। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष शिवप्रसाद गुप्ता, रामदेव विश्वकर्मा, शिवनाथ शाह, संजय राम, प्रमुख प्रतिनिधि ललन यादव, शौकत अंसारी के साथ कई लोग उपस्थित थे।

### मेराल थाना में शांति समिति की बैठक में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा त्योहार मनाने पर हुई चर्चा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में सीओ यशवंत नायक, बीडीओ जागो महतो, पुलिस इंस्पेक्टर स्वर्ण लता कुजूर, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद, उपप्रमुख निजामुद्दीन खान सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों तथा दोनों समुदाय के बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कई पंचायत के पूजा समिति के पदाधिकारियों द्वारा छोटी मोटी समस्याओं को रखा गया। बैठक का संचालन मेराल के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा किया गया। बैठक में झामुमो नेता विकास सिंह कुशवाहा, करीब अंसारी, अतहर अली, दशरथ प्रसाद, लक्ष्मी विश्वकर्मा, हरेंद्र चौधरी, मुखिया मनदीप सिंह, संजय राम, राम प्रताप साव, अनिल चौधरी, अजीज अंसारी, जहूर रंगसाज, हरे कृष्णा मेहता, धर्मराज दुबे, गोपाल चौबे, शिवकुमार चौधरी, उदय कुशवाहा कुमार कुशवाहा, शिवकुमार चौधरी, खालीद खान, अशोक राम, रमेश राम, डॉ लाल मोहन सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

**बैठक :** सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजित बैठक में बीडीओ ने कहा

# जागरूकता के साथ-साथ गरीब असहाय का होगा कल्याण

**6 दिसंबर को 101 कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के द्वारा चलाए जा रहे दहेज प्रथा एं बाल विवाह का बहिष्कार हेतु अभियान तथा 6 दिसंबर को आयोजित 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह को सफल करने के लिए जिले के चीनिया प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी काली दास मुंडा, प्रखंड प्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष मगरू सिंह, थाना प्रभारी राज बल्लभ कुमार, मुखिया बिलैती खैर गोपाल यादव, समाज कल्याण सुपरवाईजर पूनम कुमारी, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर शमा परवीन, आंगनबाड़ी सेविका, रोजगार सेविका एवं सेवक के साथ संस्था सचिव विकास कुमार माली बैठक में उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रमुख तथा 20 सूत्री अध्यक्ष ने इस कार्य को सराहनीय बताते हुए सभी लोगों को मदद करने के लिए तथा अपनी-अपनी कन्याओं को इस संस्था से निबंधित कराने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। संस्था सचिव विकास कुमार माली ने कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के उद्देश्य एवं लक्ष्य के बारे में सारी जानकारी दी। साथ ही साथ सभी पंचायत प्रतिनिधि के समक्ष आग्रह किया गया कि अपने-अपने पंचायत में बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसे अभिशाप को जड़ से मिटाना है। संस्था द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से जिले के सभी पंचायत की वैसी कन्याओं को संस्था से जोड़कर लाभान्वित कराएं। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा यह सभी कृतियों को दूर करने के लिए तथा इस सोसाइटी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में सभी प्रतिनिधि अपने-अपने स्तर से प्रचार प्रसार कर अपने-अपने क्षेत्र से वैसी अत्यंत निर्धन गरीब असहाय कन्याओं के माता-पिता जो अपने पुत्री की विवाह नहीं कर सकते हैं। वैसे लोगों की सूची बनाकर प्रखंड कार्यालय को प्रस्तुत करें। जिससे कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा सूची के माध्यम से सर्वे कर वैसी कन्याओं को लाभान्वित किया जा सके। साथ ही साथ बाल विवाह दहेज प्रथा का बहिष्कार किया जा सके।

बैठक में बीडीओ के अलावा प्रमुख पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव सहित संस्था के लोग आदि उपस्थित थे।

### रक्तदान कर मरीज की बचायी जान



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत खूरा गांव निवासी मधुसूदन राम ने लातदाग पंचायत के गोना निवासी एस कुमार एक्का के लिए एक यूनिट रक्तदान कर मरीज की जान बचाई है। एस कुमार एक्का को बी पोजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। इस पुनित कार्य के लिए मधुसूदन राम को उन्होंने बहुत बहुत बधाई दी है। इस अवसर पर लवली उरांव, पवन कुमार टोप्पो, विजय उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने किया जलछाजन योजनाओं का निरीक्षण

# किसानों की प्रगति से ही ग्रामीण विकास का लक्ष्य पूरा होगा : चंद्रशेखर

**ग्रामीणों को उन्नत खेती की दिशा में अग्रसर करने के लिए उन्हें जागरूक करना आवश्यक है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने मंगलवार को जिले के मुरहू प्रखंड में संचालित जलछाजन योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कूड़ापूर्ति पंचायत के किताहातू गांव में प्रदान संस्था द्वारा किये संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों के साथ आयोजित बैठक में लिया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों की सहमति से ही इस गांव में योजनाओं का चयन किया गया है। इनमें डोभा, तालाब, टीसीबी, लूज बोल्डर आदि कार्य किये गये हैं। कृषि स्थायी समिति के सदस्य एतवा मुण्डा ने सचिव को बताया कि किताहातु गोव में पत्तल बनाने की एक मशीन भी लगी है, जिसमें ग्रामीण पत्तल निर्माण कर उनकी बिक्री कर रहे हैं। बताया कि गांव में जलछाजन योजना से लाह, ड्रैगन फ्रूट, मडुआ आदि की खेती में मदद की गयी है। बैठक के बाद सचिव ने किताहातु गांव में डोभा का निरीक्षण किया। किसानों ने बताया कि सभी डोभा में मछली पालन किया जा रहा है। मौके पर सचिव ने बताया कि ग्रामीणों को उन्नत खेती की दिशा में अग्रसर करने के लिए उन्हें जागरूक करना आवश्यक है। किसानों को कृषक मित्र के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएं। किसानों से विकास से ग्रामीण विकास के लक्ष्य भी पूर्ण होंगे। इसी कड़ी में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव द्वारा गुटुहातु के लतरडीह गांव में जलछाजन के संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने काम में तेजी लाकर हर तालाब और डोभा के मेड़ पर फलदार वृक्ष लगाने के निर्देश दिये। इस दौरान झारखण्ड राज्य जलछाजन मिशन से कौशलेंद्र कुमार, एनके मिश्रा, लखन लाल, विपुल आकाश, मुरहू के बीडीओ मिथलेश कुमार, खूंटी के डीटीइ पीयूष श्रीवास्तव, आत्मा के उपनिदेशक अमरेश कुमार के अलावा प्रदान की कविता बोदरा, विजय वीरू, ओम प्रकाश, प्रशांत कुमार, पम्मी कुमारी, नवीन कुमार, आदर्श, अनु आदि उपस्थित थे।

## मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सदर अस्पताल में कानूनी जागरूकता शिविर

# मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को निःशुल्क स्वस्थ्य सेवा पाने का अधिकारः डालसा सचिव

**डालसा की डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी ने निशुल्क सेवाओं और अधिकारों के बारे में दी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नयी दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को सदर अस्पताल में विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सौ दिवसीय बच्चों के हित संबंधित विशेष कानूनी जागरूकता अभियान के तहत आयोजित शिविर में डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य मानव विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य कानून के प्रावधानों का वर्णन करते हुए कहा कि मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के अधिकारों को डालसा के माध्यम से सुरक्षित और संवर्द्धित किया जा रहा है। उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक जीवन जीने का अधिकार है। डालसा चीफ राजीव कमल ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के अधिकारों को सुररक्षित रखना और उन्हें निःशुल्क इलाज को अवसर प्रदान करना है। डालसा के डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी ने दलसाई के निशुल के सेवाओं अधिकारों के बारे में जानकारी दी। सदर अस्पपताल के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने मानसिक स्वास्थ्य के कई पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डालसा पीएलवी अंजू, चंदन, देवराज भगत और सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## पर्यटन सचिव ने अधिकारियों के साथ किया पेरवाघाघ और डोंबारी बुरू का दौरा

# खूंटी के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा पेरवाघाघ : मनोज कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज, निदेशक पर्यटन, अंजली यादव, उपायुक्त लोकेश मिश्र, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव मोइउद्दीन खां और अन्य अधिकारियों ने मंगलवार को तोरपा प्रखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पेरवाघाघ का भ्रमण किया और विकास की संभावना का जायजा लिया। जिला प्रशासन द्वारा बताया कि जिले के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए योजनाएं क्रियान्वित हैं। साथ ही पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आवश्यक साधनों की भी व्यवस्था की जा रही है। पर्यटन के सामुदायिक विकास को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। पर्यटन सचिव ने कहा कि खूंटी जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पेरवाघाघ को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उदेद्श्य से उक्त स्थल का सौंदर्यीकरण कराया जाना है। पर्यटकों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय, पेयजल, यात्री शेड, वाहन पड़ाव, बोटिंग आदि की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। पेरवाघाघ, पंचघाघ, दशम फॉल, लटरजंग, पेलौल डैम आदि पर्यटन स्थलों को भी विकसित करने को लेकर कार्य योजना तैयार की जा रही है, जिसके आधार पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जायेगा। ज्ञात हो कि पेरवाघाघ चारों ओर से जंगल व पहाडियों से अच्छादित अत्यंत ही मनमोहक जलप्रपात है। ऊंचे पहाडों. औरर घने जंगलों के बीच स्थित पेरवाघाघ जलप्रपात को आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। आसपास के लोग बताते हैं कि पहाडों की गुफाओं में कबूतरों भी निवास है। इसलिए इसका नाम पेरवाघाघ पड़ा। पेरवाघाघ में कई अन्य छोटे-बड़े जल प्रपात भी हैं। बाद में अधिकारियों ने डोंबारी बुरू जाकर वहां पर्यटन विकास की संभावना पर विचार विमर्श किया।

# एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बिरसा कालेज खूंटी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्र- छात्राओं ने अपने-अपने गांवों से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश में जमाकर देश के लिए अपना सर्वोच्च अलिदान देनेवाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या प्रो जी किड़ो के नेतृत्व में पंचप्रण की शपथ विद्यार्थियों ने ली। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो जी किड़ो और प्रोग्राम आफिसर डॉ पुष्पा, लुगून, प्रो जेबी कुजूर, राज के अलावा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पिपरवार के होशिर में तेज रफ्तार कोल वाहन का कहर, चार घरों को किया ध्वस्त

# ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



दुर्घटना स्थल पर विरोध करते ग्रामीण।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के होशिर गांव में तेज रफ्तार कोल वाहन ने चार घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। कोल वाहन के इस कहर से स्थानीय ग्रामीण बाल बाल बच गये। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की आधी रात कोयला लेकर तेज रफ्तार से जा रही एक ट्रक जेएच 29ऐ- 3570 पिपरवार थाना क्षेत्र के होशिर मिडिल स्कूल के पास एक साथ लगातार चार घरों को अपनी चपेट मे ले लिया।घरों को ध्वस्त करने के बाद ट्रक सड़क के किनारे एक घर के समीप पलट गया। घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके से फरार हो गया। वहीं घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। जिसके बाद मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और कोल वाहनों का परिचालन बंद कर दिया। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रक ने गणेश महतो पिता स्व.रूपण महतो, इंजन महतो पिता सोमर महतो, संतोष महतो पिता स्व. सदानन्द महतो का घर पुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। वही छठु महतो पिता सुकर महतो के घर के आगे ट्रक पलट गया,जिसके कारण घर का रास्ता पूरी तरह से जाम हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर कोल वाहनों का परिचालन काफी तेज रफ्तार से होती है, जिसके कारण आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है। घनी आबादी वाले इलाके से बेधड़क कोल वाहनों का परिचालन हो रहा है, इसके रोकथाम के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है।ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त घर का मुआवजा देने और घनी आबादी वाले सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उक्त ट्रक खलारी के डकरा का बताया जा रहा है।

## विधायक ने राशन वितरण में अनियमितता और राशन में कटौती को लेकर की बैठक



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली स्टेडियम परिसर स्थित किसान भवन में मंगलवार के दिन प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को विधायक सुदेश कुमार महतो ने राशन डीलरों के साथ बैठक की। बैठक जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अलबर्ट बिलुंग, राहें बीडीओ हारुण रसिद एवं सिल्ली सोनाहातु, राहें, अनगड़ा के बीएसओ तथा चारो प्रखंड के राशन डीलर शामिल हुए। बैठक में गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, पुर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन, संजय सिद्धार्थ, पीडीएस डीलर अरविंद कुशवाहा, अजित सहित सिल्ली विधानसभा के डीलर उपस्थित रहे ।

## सिल्ली पुलिस ने बालू लदा हाइवा किया जब्त

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बालू से लदे एक हाइवा को जप्त किया है। थाना प्रभारी आकाश दीप ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बालू माफिया पुलिस को चकमा देकर अवैध तरीके से बालू ले जा रहे है। इसके बाद इस हाइवा को सिल्ली टाटा मार्ग पर से बनता के समीप से जप्त किया गया। जप्त हाइवा की सूचना खनन विभाग को दे दी गयी है। ज्ञात हो कि सिल्ली पुलिस अवैध बालू की ढुलाई के खिलाफ लगातार छापामारी कर रही है रविवार को भी पुलिस ने एक बालू लदे टर्बो को जप्त किया है।

## पुलिस पदाधिकारियों को एसपी ने किया सम्मानित

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ राडूंग उर्फ लम्बू के दस्ता सदस्यों के विरुद्ध सफल अभियान चलाकर दस्ते के कई सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी और भारी मात्रा में हथियार, गोली और अन्य सामान की बरामदगी के लिए अभियान में शामिल पुलिस पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिन पुलिस पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, उनमें रमेश कुमार, तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) खूंटी, अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खूंटी, पुअनि चुड़ामणि टुडू थाना प्रभारी मुरहू, पुअनि रितेश कुमार महतो थाना प्रभारी सायको, पुअनि दिगम्बर पांडेय मुरहू थाना, पुअनि विक्की ठाकुर मुरहू थाना, पुअनि लक्ष्मण चौधरी मुरहू थाना, पुअनि विनोद , पुअनि सुशांत और पुअनि विष्णु कुमार शामिल हैं।

# दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक क्राइम मीटिंग का आयोजन हुआ। मौके पर थानावार पुराने मामलों की एसपी ने समीक्षा की। साथ ही विभिन्न कांडों के डिस्पोजल और वारंट, कुर्की के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गयी। क्राइम मीटिंग में एसपी ने दुर्गा पूजा के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। एसपी ने सभी थानेदारों को संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बनाए रखने और उपद्रवी तत्वों पर 107 के तहत कार्रवाई का निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।




# सीसीएल स्तरीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सीसीएल के सभी क्षेत्रों की टीम हुई शामिल, खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम**

आजाद सिपाही संवाददाता





**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र की मेजबानी मे बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे मंगलवार से दो दिवसीय सीसीएल स्तरीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय उपस्थित थे। इस मौके पर स्थानीय अधिकारियो ने बुके देकर जीएम सहाय का स्वागत किया, जिसके बाद जीम ने खेल ध्वज फहराकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दो दिवसीय इस सीसीएल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सीसीएल के सभी क्षेत्रो की टीम शामिल है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला सीसीएल के मगध संघमित्रा बनाम अमरपाली चंद्रगुप्त एरिया के बीच खेला गया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए जीएम सीबी सहाय ने कहा कि हमारा सबसे पुराना खेल कबड्डी है और कई राज्यो मे यह प्रमुख खेल है। उन्होंने कहा कि सीसीएल द्वारा समय-समय पर सभी तरह के खेलों का आयोजन कराया जाता है। इस बार पिपरवार में अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्साह के साथ सभी क्षेत्रों की टीम शामिल है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और कंपनी का नाम रोशन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। खेल हमारे स्वस्थ शरीर के लिए काफी जरूरी है। दो दिवसीय इस कबड्डी प्रतियोगिता का आज समापन किया जायेगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा होगें। इस अवसर पर जीएम सीबी सहाय, कार्मिक और प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष श्रमिक प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि सहित कई सीसीएल अधिकारी, खेल प्रेमी मौजूद थे। प्रतियोगिता में कमेंट्री की भूमिका रविंद्र और पिंटू कुमार ने निभाया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## सहारा इंडिया के निवेशकों को मिला पैसा, खलारी के निवेशकों में भुगतान की खबर से जगी आस



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सहारा इंडिया के निवेशकों के लिए अच्छी खबर मिलनी शुरू हो गयी है, जिससे सहारा में निवेश करने वाले निवेशकों में आस जगी है। अपने रकम की आस लगाए सहारा इंडिया के निवेशकों के लिए अब राहत भरी खबर है। उनके जमा किए गए मेहनत की राशि अब केंद्र सरकार की पहल पर मिलना प्रारंभ हो गया है। खलारी प्रखंड में भी निवेशकों को इस राशि का भुगतान शुरू कर दिया गया है। प्रखंड के कई निवेशकों को इसका भुगतान सेंट्रल रजिस्ट्रार ऑप को-ऑपरेटिव सोसाइटी (सीआरसीएस) के माध्यम से किया गया है। रिफंड के रूप में उन्हें 10 हजार की राशि का भुगतान किया गया है। यह भुगतान क्लेम नम्बर पर आधारित है। जिन निवेशकों के द्वारा केंद्रीय पंजीयक सहारा रिफंड पोर्टल पर क्लेम किया गया था उनका भुकतान क्रमबद्ध शुरू कर दिया गया है। हालांकि कई ऐसे निवेशक हैं जिनके क्लेम में त्रुटि पाई गई है जिस कारण उनका भुकतान शुरू नहीं हो पाया है। भुगतान होने पर निवेशक काफी खुश हैं। साथ ही साथ इसकी खबर मिलने पर अन्य निवेशकों में आस जगी है। खलारी एफसी के संचालक अक्षय कुमार सिंह ने बताया कि जिन निवेशकों ने पोर्टल पर क्लेम किया था उनका भुगतान मिलना प्रारंभ हो गया है और जो निवेशक परिपक्वता अवधि पूरी होने के बावजूद अभी तक पोर्टल के माध्यम से क्लेम नहीं किये हैं वे सहारा कार्यकर्ता के सहयोग से या खुद से पोर्टल पर क्लेम कर सकते हैं। यदि किसी तरह की परेशानी होती है तो कार्यकर्ता या एफसी से सम्पर्क कर सकते हैं। हाल ही में भुगतान पाने वालों में रूबी देवी, ओम प्रकाश गुप्ता, नंदलाल पंडित, कुंती देवी, नरेसा खातून, किरण देवी, फुलसो देवी, अजय यादव, मंजू देवी, बबिता देवी, दिलीप कुमार, विक्रम यादव, लवकेश कुमार उपाध्याय, मनोज कुमार जैना, नारद राम, राकेश कुमार नोनियां, दिलीप पटेल, प्रवीण केशरी, कर्मा गंझू, वीरेन्द्र कुमार, ललिता देवी, कुणाल मायस एवं अन्य लोग शामिल हैं।

## सिल्ली स्टेशन के समीप मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली रेलवे स्टेशन के समीप मुरी छोर पर बीते रात एक माल गाड़ी की एक बोगी पटरी से उतर गई. इस घटना ने कोई भी हताहत नहीं हुआ है. जानकारी के मुताबिक बीते रात करीब ढाई बजे माल गाड़ी सिल्ली स्टेशन के यार्ड वाले पटरी से गुजर रही थी तो बेपटरी हो गई. इस घटना से रेल आवागमन पर कोई असर नही पड़ा है. इस घटना के बाद सुबह लगभग 8:00 बजे हटिया से रेलवे के रिलीफ वेन घटनास्थल पहुंचकर मालगाड़ी को उठाया: मुरी जीआरपी द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर शांति। मुरी-मुरी जीआरपी द्वारा वैष्णवी दुर्गा पूजा पंडाल बाजार छोटा मुरी में दुर्गा पूजा को लेकर शांति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जीआरपी प्रभारी जमादार मुंडा ने किया। जिसमें छोटा मुरी में रेल क्षेत्र में होने वाली दुर्गा पंडाल के अधिकारी गण मौजूद थे। इस बैठक में लोगों ने पंडाल का समस्या पुलिस प्रशासन के समीप रखा।धुमधाम से पूजा मनाने का निर्णय लिया गया।

## प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर सांकेतिक अभियान

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर सांकेतिक अभियान चलाया गया इस अभियान के तहत नगर पंचायत बुंडू के सुभाष चौक से काली मंदिर परिसर तक प्रतिबंधित प्लास्टिक को युग ना करने से मना किया गया तथा नगर पंचायत की ओर से पर्यावरण को कम नुकसानदेह प्लास्टिक और कपड़े का थैला बांटा गया साथ ही 2 दिन के बाद प्रतिबंधित प्लास्टिक यूज करने पर जुमार्ना लिया जायेगा इसका नेतृत्व कार्य पालक पदाधिकारी ने किया

## बुंडू में बैसाखी देवी रिक्शा चलाकर आइसक्रीम बेचकर करती है अपने परिवार का भरण पोषण



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** अगर जज्बात सही हो तो हर काम आसान सा लगता है इसी को कर दिखाया है तमाड़ के सलगाडीह जोजोडीह की एक विधवा औरत बैसाखी देवी ने लोक लाज लज्जा छोड़ कर रिक्सा चलाकर बुडू मे आइसक्रीम बेचती है और अपना भरण पोषण करती है मिली जानकारी के अनुसार तमाड के सालगाडीह जोजोडीह की रहने वाली है वैसाखी देवी उनके पति का नाम सवगीय संजय मुंडा है इनका एक 11 साल का बेटा है 2012 मे इनके पति की मृत्यु हो गयी इसके बाद छोटे से बच्चे को लेकर गांव मे ही रहती थी गाँव मे गुजारा नही चल पा रहा था तबियत भी खराब रहती थी तीन साल पहले घर द्वार छोड़ कर बुडू आ गयी और एक किराया का मकान मे रहने लगी बच्चे को पढ़ाने के लिए बुडू सरस्वती शिशु मंदिर मे नामांकन करा दिया और वह पढाई कर रहा है उसे बुडू मे आइसक्रीम बेचने का काम मिला वह रिक्सा चलाकर बुडू मे आइसक्रीम बेचती है रोज लगभग 200 से 250 रूपए कमा लेती है गर्मी के दिनों मे 300 तक कमा लेती है इसके इस जज्बात को आजाद सिपाही सलाम करती है।

## सीसीएल प्रबंधन कूड़ा कचरा और गंदगी के अंबार की साफई करवाये: मनोज भुइयां



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया की डकरा परियोजना के बगल में स्थित उड़िया धौड़ा, चदरा धौड़ा, नया धौड़ा, प्रगति नगर और चानक धौड़ा क्षेत्र की सबसे पुरानी आवासीय बस्ती में कुड़ा कचरा और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसकी सफाई करवाना सामाजिक सरोकार के तहत एनके एरिया प्रबंधन की जिम्मेवारी है। उक्त बात डॉ.अम्बेडकर विचार मंच खलारी के संरक्षक मनोज भुइयां ने मंगलवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा। उन्होने कहा कि उक्त सभी बस्तियों में बनी नालियां भी जाम है जिससे कि मलेरिया, डेंगू सहित अन्य बीमारियों का फैलने का खतरा बना हुआ है। इस बस्तियों में सीसीएल कामगारों के अलावा हजारों की संख्या में ग्रामीण निवास करते है। उन्होने सीसीएल प्रबंधन तथा सामाजिक प्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि इन बस्तियों में कुड़ा और गंदगी के अंबार को हटवाया जाए तथा नालियों को साफ करवाकर रासायनिक प्रक्रिया के द्वारा क्षेत्र को मच्छरों से मुक्त किया जाए। क्योकि स्वास्थ्य सुविधा एवं स्वच्छता को ध्यान देना सीसीएल प्रबंधन का सामाजिक सरोकर एवं नैतिक कत्तव्य है।

## तुरी जाति कल्याण समिति ने की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुरी जाति कल्याण समिति की एक बैठक भूतनगर डकरा बस्ती में हुई। बैठक की अध्यक्षता कमलेश तुरी एवं संचालन राजेश कुमार तुरी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से तुरी जाति कल्याण समिति के जिला कमिटी और प्रखंड कमिटी के पांच साल का कार्यकाल पुरा होने के बाद पुरानी कमिटी को भंग करके नया कमिटी के गठन को लेकर विषेश रूप विचार विमर्ष किया गया। वहीं बैठक में जानकारी दी गई कि समाज को भविश्य में सूचारु रूप से चलाने के लिए गांव-गावं जा कर जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में उपस्थित इंदिरा देवी ने कहा कि समाज के लोगों को एकजुट होकर अपनी चट्टानी एकता को दिखाते हुए तुरी जाति कल्याण समिति के जिला कमिटी और प्रखंड कमिटी का गठन करना है।

## नगड़ी में कार्डिनल को मानव शृंखला बनाकर की दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** ईसाईयों के धर्मगुरु कार्डिनल टेलिस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर मंगलवार को मांडर के लीबंस हॉस्पिटल से रांची संत मारिया महागिरजाघर लाने के क्रम में रास्ते भर उनके अनुयायी एवं अन्य लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में सपारोम पल्ली और पतरा चौली पल्ली के इसाई संप्रदाय के लोगों ने दालादिली चौक से लेकर कटहल मोड़ तक मानव श्रृंखला बनाकर अपने धर्मगुरु के पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा की। सपारोम पल्ली के सहायक पल्ली पुरोहित फादर रेमंड, कैथोलिक सभा के विपिन एवं प्रताप के नेतृत्व में चौक पर दिवंगत कार्डिनल को श्रद्धांजलि दी गई। कार्डिनल की श्रद्धांजलि यात्रा में हटिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल ने भी सम्मिलित होकर उन्हें पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## मांडर में कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को उनकी अंतिम यात्रा में दी गयी श्रद्धांजलि

**मांडर (आजाद सिपाही)।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को उनकी अंतिम यात्रा में जगह-जगह श्रद्धांजलि दी गई। उन्हें मांडर स्थित कांस्टेंट लिवंस हॉस्पिटल से अंतिम संस्कार के लिए रांची के संत मारिया चर्च ले जाया गया। इस दौरान रास्ता के दोनों तरफ श्रद्धांजलि देनेवालों का तांता लगा रहा। लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। इस दौरान वंडरलैंड स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों के द्वारा कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को उनकी अंतिम यात्रा में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के निदेशक एम डी नेसार आलम के द्वारा माल्यार्पण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। यात्रा के दौरान प्रधानाध्यापिका अनामिका राज के साथ अन्य शिक्षकों व बच्चों ने भी पुष्प अर्पित किया। समाजसेवी सईद अख्तर ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर पुष्पांजलि , अंजुलता तिर्की, शिखा टोप्पो, रफत आरा, अनुभव तिर्की,अनामिका खलखो, रोजी, अर्चना, शगुफा, व अन्य भी मौजूद थे।

## रातूगढ़ किला मुख्य द्वार पर कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**रातू (आजाद सिपाही)।** रातूगढ़ किला के मुख्य द्वार पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव व रातू राजपरिवार के सदस्य अजय नाथ शाहदेव ने अंतिम दर्शन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि समाज की भलाई के लिए उनके अतुलनीय योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मैं उन्हे कोटि-कोटि नमन करता हूं। इस अवसर पर लाल पृथ्वीनाथ शाहदेव, रमेश दयाल सिंह, दामोदर मिश्र, पूर्व जिला परिषद सदस्य अमर उरांव, रमेश नाथ शाहदेव, रातू प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कुशल उरांव, बाजपुर मुखिया सबिता तिर्की, सोमनाथ उरांव, अतुल राज ठाकुर, बीरू दयाल, बसंत साहू, शकील अंसारी, मकसूद अंसारी, शक्ति महतो, मोइन अंसारी, जॉन सिंह, झामुमो के बेलाल अंसारी, शमीम बड़ेहार, अनिल ठाकुर, कृष्ण ठाकुर एवं सैंकड़ों की संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## पद्मश्री सिमोन उरांव ने दी कार्डिनल को श्रद्धांजलि



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पद्मश्री सिमोन उरांव ने मंगलवार को मांडर के लिवंस अस्पताल पहुंचकर दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक कर्मठ बिशप और मानव सेवा के लिए समर्पित इंसान को खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत कार्डिनल के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पद्मश्री के साथ केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव उपाध्यक्ष लीला मुंडा सचिव धनंजय कुमार राय पड़हा राजा विशाल उरांव, पीटर तिर्की, जोसेफ तिर्की, देवनिश तिग्गा, रशीद मीर ने भी अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी।

## जिप सदस्य के प्रयास से चान्हो पंडरी में लगा नया ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों में हर्ष

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो पश्चिमि के जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम के सफल प्रयास से ग्राम पंडरी मे 24 घंटे मे नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया गया। ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य का आभार व्यक्त किया। जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि एकबाल अंसारी के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। गांव में नया ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीण काफी प्रसन्न दिखे। मौके पर खलील अंसारी, असीर अंसारी, हुसैन अंसारी, मिन्हाज अंसारी सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर पिठौरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**पिठौरिया (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर मंगलवार को पिठौरिया थाना परिसर में पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान थाना क्षेत्र में आने वाले सभी पूजा पंडाल समितियों के पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मौके पर थाना प्रभारी अभय कुमार ने पूजा समिति के पदाधिकारियों को सरकार के द्वारा पूजा पंडाल से संबंधित गाइडलाइन की जानकारी दी। लोगों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी तरह के अफवाह से बचे। सोशल मीडिया पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। उपद्रवियों को किसी भी हाल में बख्सा नही जाएगा। त्यौहार को देखते हुवे अतिरिक्त पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। मौके पर मौजूद पूर्व जीप सदस्य हकीम अंसारी ने कहा कि सभी के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न किया जाएगा। पूर्व जिप सदस्य ऐनुल हक अंसारी ने त्योहार को देखते हुए प्रशासन से नशेड़ियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई करने की अपील की। इस दौरान मजीबुल अंसारी, नकुल महतो, सरवन गोप, सुरेश राम, मनोज राम, मुन्नी देवी, झामुमो नेता जुल्फिकार खान, रितेश कुमार, सरवर खान, मीना देवी ने भी अपनी बातें रखी। बैठक में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर राजकुमार यादव, एसआई राहुल कुमार, नीतीश कुमार, गणेश यादव, एएसआई कृष्णा ओझा, सोहन सिंह, अमृत मेहता, फांसी जमा, रमन कुमार, जुल्फान खान, वसीम अकरम, मतीउर रहमान, लाखो उरांव, मधु साहू, गुफरान अंसारी, मुश्ताक आलम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### कार्यक्रम : रिनपास में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया

# मानसिक रोगियों के साथ संवेदना प्यार की जरूरत है : स्वास्थ्य मंत्री

**झारखंड के कई जिलों में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत केंद्र खोले गए हैं, जिससे कि मरीज के साथ-साथ उनके परिवार वालों को भी फायदा हो रहा है : निदेशक**

आजाद सिपाही संवाददाता






**कांके।** रांची इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूरो सायकेट्री और एलाइड साइंसेज (रिनपास) में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना के साथ मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, अपर स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह, रिम्स निदेशक डा. राजीव कुमार गुप्ता, प्रोफेसर डॉ एनएन राजू, पूर्व अध्यक्ष इंडिया सेक्रेटरी ऑर्गेनाइजेशन रिनपास निदेशक डॉ जयति सिमलाई, ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी डॉ मसरूर जहां ने किया।

इस मौके पर बोलते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सभी को बधाई दी। उन्होंने झारखंड सरकार की योजनाओं को बताया और कहा कि मानसिक रोगियों के साथ संवेदना प्यार की जरूरत है। मानसिक स्वास्थ्य रहने के लिए एकाग्रता का होना जरूरी है।

अपर स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि इस बिल्डिंग का नाम जेइ धंजीबाई जो अस्पताल के पहले सुपरिंटेंडेंट के नाम से एकेडमिक और रिसर्च सेंटर का नाम रखा गया है जो गर्व की बात है।

इस मौके पर रिनपास के निदेशक डा. जयति ने कहा कि हमारे द्वारा झारखंड के कई जिलों में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत केंद्र खोले गए हैं। जिससे कि मरीज के साथ-साथ उनके परिवार वालों को भी फायदा हो रहा है, उन्हें अब रिनपास लाने की जरूरत नहीं होगी। कार्यक्रम के समापन पर ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी डा. मसरूर जहां ने सभी कर्मचारियों अधिकारियों सहित झारखंड सरकार को धन्यवाद दिया।

इस मौके पर रिनपास संस्थान के डॉ मनीषा किरण, डॉ भुवन ज्योति, डॉ अमूल रंजन सिंह, डॉ पी पी शाह, डॉ के एस सेंगर, सेवानिवृत्ति पूर्व निदेशक डॉ अशोक कुमार नाग समेत छात्र-छात्राएं और कर्मचारी मौजूद थे।

## वाइबीएन विवि में मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**मानसिक स्वास्थ्य पर सभी को ध्यान देने की जरूरत है तभी हमारा राष्ट्र स्वस्थऔर समृद्ध बन सकेगा : सीइओइ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में मंगलवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कला एवं मानविकी संकाय ने बड़े व्यापक पैमाने पर किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गयी। इस अवसर पर कुलाधिपति बैद्यनाथ यादव ने अपने मुखारविंद से सरस्वती वंदना का पाठ किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. ज्योति यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव ने किया। अपने वक्तव्य में सीईओइ दीपक कुमार ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य पर सभी को ध्यान देने की जरूरत है। तभी हमारा राष्ट्र स्वास्थ्य और समृद्ध बन सकेगा।

कुलपति एसपी यादव ने विश्व मानसिक दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और हर किसी के मानसिक स्वास्थ्य के लिये सकारात्मक बदलाव लाने के बारे में कहा। संकाय अध्यक्ष डॉ आरती गुप्ता ने अपने विचार साझा करते हुये कहा कि मानसिक समस्या स्ट्रेस के कारण होती है, इसलिए सकारात्मक सोंच के साथ अपने ऊपर ध्यान दें। अंत में डॉ. ज्योति यादव, सहायक शिक्षिका, जियोग्राफी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति की उपस्थिति के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मुख्य रुप से उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सेविका चयन में भेदभाव बरतने का दिव्यांग लीला कुमारी ने लगाया आरोप

**लीला कुमारी ने सवाल खड़ा किया है कि तमाम अहर्ता रखने के बावजूद उसका चयन सेविका के लिए नहीं किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** दिव्यांग लीला कुमारी ने विगत दिनों गेतलसूद में हुए आंगनबाड़ी सेविका के चयन में उसके साथ भेदभाव बरतने का आरोप लगाया है। लीला कुमारी ने सवाल खड़ा किया है कि तमाम अहर्ता रखने के बावजूद उसे योग्य नहीं माना गया तथा उसका चयन सेविका के लिए नहीं किया गया। कहा कि उसकी दिव्यांगता 50 प्रतिशत है तथा स्नातक पास है। प्रखण्ड में 155 आंगनबाड़ी केन्द्र हैं। जिसमें दिव्यांग अधिकार अधिनियम के तहत दिव्यांगजन महिलाओं को सेविका व सहायिका के चयन में पांच प्रतिशत आरक्षण है तथा उम्र सीमा में भी 10 साल की रियायत है। बहाली में सामान्य जाति की दिव्यांग महिला के लिए अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष, पिछड़ा और अति पिछड़ा के लिए 47 वर्ष, एसटी-एससी के लिए 50 वर्ष निर्धारित है। लीला कुमारी ने आरोप लगाया कि अहर्ता एवं आरक्षण के बावजूद आज तक एक भी आगंनबाड़ी केन्द्र में दिव्यांग महिला का ना तो सेविका में और ना सहायिका में चयन किया गया है। इस संबंध में लीला कुमारी ने सीएम, विधायक, निःशक्ता आयुक्त, उपायुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर चयन को रद्द करने तथा फिर से ग्रामसभा आयोजित कर उसे सेविका पद पर चयनित किए जाने की मांग की।

## बथान पूजा के पुजारी के निधन पर शोक की लहर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रातू प्रखंड के तिगरा टिकरा टोली निवासी 95 वर्षीय कंदरु महतो का मंगलवार को उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ थे। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं तीन पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक कंदरु महतो पूरे झारखंड प्रदेश में सुप्रसिद्ध बथान पूजा के मुख्य पुजारी थे। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों की लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार बिलचि नदी मुक्ति धाम में किया गया। वहीं मारुति मंगल परिवार के अध्यक्ष विक्रम महतो ने कंदरु महतो के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

### बैठक : अनगड़ा थाना में शांति समिति की बैठक में दुर्गा पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय

# विधि व्यवस्था के लिए महिला और पुरुष बलों की तैनाती की जायेगी : डीएसपी

**सदस्यों ने भीड़-भाड़ वाले इलाके में विशेष नजर रखने सहित कई मुद्दे उठाये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति के सदस्यों एवं पूजा कमेटी के पदाधिकारियों की एक बैठक डीएसपी सिल्ली क्रिस्टोफर केरकेट्टा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दुर्गा पूजा का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। सदस्यों ने भीड़-भाड़ वाले इलाके में विशेष नजर रखने, जाम की समस्या से निजात दिलाने, असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने, अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने, बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था करने आदि मुद्दे उठाए। डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, इंस्पेक्टर नीरज कुमार एवं थानेदार दिलेश्वर कुमार ने श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष रूप से महिला एवं पुरूष बल की तैनाती की जाएगी।

मौके पर केन्द्रीय शांति समिति के सदस्य डॉ रिझु नायक, मुस्तफा अंसारी आदि ने कहा कि अनगड़ा प्रखंड सांप्रदायिक सौहार्द और एकता की मिसाल है। यहां सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर एक-दूसरे का त्योहार मनाते आ रहे हैं। बैठक में पूर्व विधायक रामकुमार पहान, प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, रामकृष्ण चौधरी, विरेन्द्र सिंह भोगता, नीलकंठ चौधरी, नरेश साहू, कामेश्वर महतो, राजेन्द्र मुण्डा, दुर्गा पहान, हिमांशु शेखर चौधरी, राजेन्द्र महतो, जयशंकर मुण्डा, अजय तिर्की, शिबू मुण्डा, सलीम अंसारी, अजय महतो, मधुसूदन मुण्डा, घनेनाथ महतो, ज्योतिष महतो, सिकंदर अंसारी, रामसाय मुण्डा, सीआई रमेश रविदास आदि मौजूद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सीआइटी में अमृत कलश यात्रा एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एआईसीटीई के निर्देश पर विश्वविद्यालयों के अधीन संस्थानों में चलाये जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सीआईटी में अमृत कलश यात्रा व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पंच प्रण शपथ लेकर देश के विकास में सहभागी बनने समेत एक जिम्मेवार नागरिक के रूप में देश सेवा की शपथ ली। इसके बाद दर्जनों फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस व उन्नत भारत अभियान सेल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। मौके पर कैंब्रिज ग्रुप के प्रसाशनिक निदेशक नवनीत सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं जनमानस में देश प्रेम की भावना को प्रगाढ करता है। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उशमानी, डॉ नैयर मुमताज, प्रो. स्वेता सोनाली द्याल, प्रो तापस कुमार आदि शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## लापुंग प्रखंड के सापुकेरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बाल श्रम, बाल विवाह , दहेज प्रथा, डायन प्रथा, सड़क दुघर्टना से संबंधित कानूनों की जानकारी दिया गया तथा प्रभात फेरी निकाली गई। पीएलवी सतीश कुमार ने वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन की जानकारी दी व पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। मौके पर पंचायत के पांच गांव के लोग उपस्थित थे। इस मौके पर पीएलभी भूप्रताप महतो, सतीश कुमार, उमेश कुमार, सधनी कुमारी, प्रतिमा कुमारी, ललिता देवी तथा मुखिया सविता उरांव रुपुस भेंगरा , धनिया बरला, दुर्गा मुंडा का महत्वपूर्ण योगदान रहा साथ मे दर्जनों महिला पुरुष भाग लिए।

## भारथी ग्रुप आफ इंस्टीयूशन में विश्व मानसिक दिवस मनाया गया

**मांडर (आजाद सिपाही)।** भारथी ग्रुप आफ इंस्टीयूशन मांडर में मंगलवार को विश्व मानसिक दिवस मनाया गया। जिसमें द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के द्वारा मानसिक स्वास्थय के बारे में जानकारी दी गई। विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही मनोरोगियों के कानूनी अधिकार होते हैं, इस बात पर रोशनी डाली गई। शैक्षिणिक सचिव दीपाली पराशर ने सभी को अपने मानसिक स्वास्थय का विषेश ध्यान रखने की सलाह दी एवं विद्यार्थियों के पहल की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव, एनजेला गाडी, राखी कुमारी, प्रतिमा कुजूर, अदिति ज्योति ढ़ागा, अब्दाल अंसारी, खुशबू कुमारी, सुषमा कुमारी एवं सभी छात्र/छात्राऐं उपस्थित थे।

## टिकैत उमरांव सिंह शेख भिखारी बालिका उवि की छात्राओं ने प्रतियोगिता में लहराया परचम



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना कार्यक्रम के तहत डायड रातू में नाट्य मंचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रांची जिले के सभी उच्च विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। ओरमांझी प्रखंड के टिकैत उमरांव सिंह शेख भिखारी बालिका उच्च विद्यालय के बच्चियों ने जनसंख्या आधारित इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रखंड का नाम रौशन किया है। द्वितीय बुढ़मू तथा तृतीय स्थान खलारी प्रखंड के बच्चियों ने प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर खुशी व्यक्त करते हुए ओरमांझी बीईईओ सीमा कुमारी एवं बीपीओ रीना यादव ने कहा कि निश्चित रूप से हम सभी के लिए व ओरमान्झी प्रखंड के लिए गर्व की बात है। इसके लिए विद्यालय परिवार बधाई का पात्र है।

## सिकिदिरी-ओरमांझी पथ को तीन महिलाओं ने लेटकर किया जाम, पुलिस ने पहुंचकर हटाया

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी ओरमांझी सड़क के सांड़ी गांव स्थित हर्बल सिटी रेस्टोरेंट के समीप तीन महिलाओं ने सड़क पर लेट कर रो रोकर ड्रामेबाजी करते हुए कुछ देर के लिए रोड जाम कर दिया। घटना मंगलवार 10:30 बजे लगभग की है। सूचना मिलने पर सिकिदिरी पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर सिकिदिरी-ओरमांझी सड़क को चालू कराया। साथ ही उक्त महिलाओं को सिकिदिरी पुलिस थाने ले गई। बताया जाता है कि सांडी गांव निवासी मुस्लिम अंसारी व अलीम अंसारी रेस्टोरेंट की गिरी हुई चारदीवारी का कार्य करा रहे थे। उसी क्रम में दूसरा पक्ष इस्लाम अंसारी पिता मजलूम अंसारी सांडी गांव निवासी अपनी पत्नी व बच्चों के साथ चल रही चारदीवारी कार्य को रोकने पहुंच गया। उसी बीच ईंटा पत्थर चलने लगा। जिसमें इस्लाम अंसारी को चोट आयी है। इस घटना के बाद इस्लाम अंसारी की पत्नी व दो बेटियां सिकिदिरी-ओरमांझी सड़क के बीच में आकर लेट गयीं। जिससे आवागमन कुछ देर लिए बंद हो गया था। घायल व्यक्ति को सिकिदिरी पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा। साथ ही मामले की छानबीन कर रही है।

## नगड़ी के नारो बाजार टांड़ में जिउतिया जतरा सह मेला का आयोजन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के नारो बाजार टांड़ में जिउतिया पर्व के उपलक्ष्य में जतरा सह मेला का आयोजन किया गया। बिरसा मुंडा फाउंडेशन नारो के द्वारा आयोजित जतरा मेला का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद दर्जनों गांव के पड़हा समिति के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर नाच गान का प्रदर्शन किये और अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने का संकल्प लिया। जतरा में अतिथि के रूप में जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार उपस्थित थे जतरा की अध्यक्षता प्रभात तिर्की और संचालन छोटू अंसारी और धन्यवाद ज्ञापन बांदे उरांव ने किया। मेला जतरा के सफल संचालन में केदार महतो, बंधन महतो, दानिएल एक्का, सुनील कच्छप, बबलू तिर्की, राजेन्द्र महतो, सुरेश महतो, चूड़ामणि महतो, अब्बास अंसारी, प्रकाश तिर्की, बापी कच्छप, बुधराम उरांव, विजय तिर्की, सुदेश लकड़ा, सीरिया पाहन, दीपक तिर्की, राजेश, मनीष, सोनू, बबलू उरांव सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# डीलर की मनमानी से नाराज कार्डधारियों ने पीडीएस दुकान पर किया हंगामा

**समाजिक कार्यकर्ता मोड्ड सत्तार खलीफा ने डीएसओ को लिखा पत्र, जांच कर कार्रवाई की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विश्रामपुर / पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित वार्ड 11 डीहरिया के डीलर आस्था सिन्हा के पीडीएस दुकान पर कार्डधारियों ने मंगलवार को जम कर हंगामा किया। इस बीच कार्डधारियों ने डीलर आस्था सिन्हा के द्वारा मनमानी करने पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मोड्ड सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी पहुंच कर कार्डधारियों की परेशानी को जाना। तथा जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर जांच कर उचित कार्रवाई करने का मांग किया है। कार्डधारियों का आरोप है कि डीलर आस्था सिन्हा नियमित राशन नहीं देता है। देता भी है तो कम मात्रा में देता है। हंगामा करने वालो में रयुफ अंसारी, जरीना, जैबुन, जुलेखा बीबी, समजीदा बीबी, हुसैन अंसारी, हैदर अली, उस्मान अंसारी, जोहरा, सुलेमान अंसारी, अंजू देवी, तौहरुन, चिराग आलम, कोरैसा बीबी, सलमुद्दीन अंसारी सहित कई कार्डधारियों का नाम शामिल है।

# क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया

**जबतक गांव सबल नहीं होगा तब तक देश सबल नहीं हो सकता किसान और मजदूर देश के मेरुदंड है अगर वह टूट गया तो देश बिखर जायेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** शहर के जेपी चौक परिसर में हुसैनाबाद नव निर्माण संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता केडी सिंह ने कहा की संघर्ष के बल पर ही भारत के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा किया जा सकता है और विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। जबतक गांव सबल नहीं होगा तब तक देश सबल नहीं हो सकता किसान और मजदूर देश के मेरुदंड है अगर वह टूट गया तो देश बिखर जायेगा। मौके पर श्याम नारायण सिंह ने कहा की आज सामाजिक और राजनीतिक जीवन मे आज एक बार पुनः गांधी के विचारों को आत्मसात करते हुए आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुसैनाबाद नव निर्माण संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश खान ने की जबकि संचालन अर्जुन सिंह ने किया। मौके पर रामप्रवेश सिंह, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान, नंदकिशोर पाठक, अवधेश सिंह, रामजी सिंह, भोला सिंह, अरुण सिन्हा, जगदीश राम, मीना देवी, मालती सिन्हा, नदीम खान, रंजित पासवान, श्रीराम सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालय परिसर में किसान मित्रों की हुई बैठक में फसल राहत योजना हेतु क्लस्टर चयन पर चर्चा

**विश्रामपुर / पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यलय के सभागार में किसान मित्रो की एक बैठक हुयी। बैठक में फसल राहत योजना हेतु क्लस्टर चयन पर विशेष चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला पार्षद विजय रविदास व संचालन एटीएम शशि रंजन ने किया। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत फसल विस्तार योजना से मक्का,चना व सरसो बीज का प्रत्यक्षण हेतु क्लस्टर चयन के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। जिला परिषद विजय रविदास ने किसानों को अल्प वर्षा में कम अवधि में तैयार होने वाले फसलों के बारे में बताया। इसके अलावा कृषकों को बैकल्पिक खेती के बारे में भी बताया गया। एटीएम शशि रंजन ने कहा कि किसानों को अपने खेतो का मिट्टी जांच कराकर खेती करने की जरूरत है। सरकार द्वारा संचालित फसल राहत योजना का लाभ लेने हेतु अपना पंजीकरण ऑन-लाइन कराये। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, सांख्यकी पदाधिकारी बैजनाथ राम, मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, मंजू देवी, रंभा मिश्रा, किरण देवी सहित कई किसान मित्र मौजूद थे।

## फुटपाथ विक्रेताओं को सुदृढ़ और सबल बनाने को ले नप कार्यालय परिसर में स्वनिधि समृद्धि शिविर का हुआ आयोजन

**विश्रामपुर / पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय परिसर में आज स्वनिधि समृद्धि शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नप क्षेत्र के फुटपाथ विक्रेताओं को सुदृढ़ और सबल बनाने हेतु विभाग द्वारा संचालित कई योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन कहा कि स्वनिधि से समृद्धि योजना का उद्देश्य फुटपाथ विक्रेताओं को सुदृढ़ एवं सबल बनाना है। उन्होंने बताया कि स्वानिधि योजना अंतर्गत अब तक 556 फुटपाथ विक्रेताओं को कारोबार हेतु दस हजार रुपये,152 फुटपाथ विक्रेताओं को दो हजार रुपये तथा 11 फुटपाथ विक्रेताओं को पच्चास हजार रुपये का ऋण भी दिलाया जा चुका है। शिविर में सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम,प्रभात कुमार,जेई बिभूति भूषण,अजित टुडू,मुकेश कुमार,सुमित कुमार,रमेश कुमार,सुबोध केशरी,रवि चौधरी,दीपक कुमार,मुबारक अंसारी सहित कई फुटपाथ बिक्रेता शामिल थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर पांकी थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**पांकी (पलामू) (आजद सिपाही)।** पांकी थाना मे आगामी पर्व दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पांकी थाना प्रभारी उपेन्द्र नारायण सिंह के नेतृत्व में हुई। इस बैठक में दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण तरीके हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। पर्व के दौरान जुलूस को लेकर रोड मैप की चर्चा की गई, व्हाट्सएप ग्रुप धर्म के प्रति अभद्र पोस्ट पर सतर्क किया गया। थाना प्रभारी उपेन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि भड़काऊ मैसेज मिले तो सीधे थाना को सूचित करें। वही पर्व को लेकर सरकार द्वारा जो गाइडलाइंस है उसे सभी पूजा पंडालो से उसके अनुरूप पूजा मनाने का अपील किया। पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उपप्रमुख अमित चौहान, पांकी मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पांडे, पांकी मध्य जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, पांकी मुखिया प्रेम प्रसाद, सुनील चौहान, शंकर प्रसाद गुप्ता, जमालुद्दीन अंसारी, रईस अंसारी, प्रिंस कुमार, राजेंद्र यादव, लोकनाथ सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी जनता की फरियाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम-पंचायत झरगाडा के ग्रामीणों ने उपायुक्त से अपने इलाके में पुलिस कैम्प देने का अनुरोध किया। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छुटुकदाना निवासी रवींद्र यादव ने उपायुक्त से डीप बोर की निर्माण कराने का अनुरोध किया। इसी तरह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नौडीहा निवासी दिव्यांग प्रमोद कुमार ने उपायुक्त से ट्रायसाईकल एवं एक जोड़ा बैसाखी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मझिगॉवा निवासी अभय कुमार चौरासिया ने उपायुक्त से निवेदन किया कि मेरे दोनों किडनी खराब है,आर्थिक स्थिति खराब के कारण इलाज करवाने में असमर्थ हूँ। जिस पर उपायुक्त ने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना से इलाज करवाने का आश्वासन दिया। इसी तरह पांडु थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्ह निवासी पप्पू कुमार ने उपायुक्त से दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ देने का अनुरोध किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र सहायक नगर आयुक्त के कार्यकाल के जांच की मांग की

**आजद सिपाही संवाददाता**



**विश्रामपुर / पलामू ।** कांग्रेस के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर पूर्व सहायक नगर आयुक्त मो परवेज के कार्यकाल के जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में श्री पांडेय ने पूर्व सहायक नगर आयुक्त पर कई गंभीर आरोप लगाया है। ऋषि पांडेय ने कहा कि चुकी नगर विकास विभाग का मंत्रालय भी मुख्यमंत्री के पास ही है। इसलिए उन्हें पत्र लिखकर जांच कर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि मो परवेज ने अपने कार्यकाल के दौरान सिर्फ नियम विरुद्ध कार्य किया है। अगर गहनता से जांच हो तो व्यापक अनियमितता उजागर होगी।

# दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने दिये दिशा निर्देश

**उन्होंने कहा कि वाट्स एप पर गलत मैसेज देने वालों, किसी समुदाय को आहत करने वाले गाने बजाने, हुड़दंगियों व नशेड़ियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




शांति समिति के बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य

**हरिहरगंज/पलामू।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार के अध्यक्षता में मंगलवार को हरिहरगंज थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक का संचालन पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने किया। इस दौरान पूजा के समय और विसर्जन के दौरान होने वाली समस्या से पूजा समिति के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया। जबकि पदाधिकारियों ने उत्पन्न होने वाले बाधाएं दूर करने की बात कही। मौके पर डीएसपी अजय कुमार ने पूजा पंडालों में भड़काऊ गाना व तेज आवाज में बाजा नहीं बजाने व विसर्जन नियत समय व रास्ते का प्रयोग करने का निर्देश दिया। वहीं थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति के सदस्यों को सहयोग करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि वाट्स एप पर गलत मैसेज देने वालों, किसी समुदाय को आहत करने वाले गाने बजाने, हुड़दंगियों व नशेड़ियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने दूर्गा पूजा भाईचारे के साथ मिल-जुलकर मनाने और सरकार की गाइडलाइन का पालन करने की हिदायत दी। मौके पर बीडीओ जयप्रकाश नारायण, विद्युत जेइ धनंजय प्रसाद, डॉ गोपाल प्रसाद, एसआइ प्रकाश गुप्ता, निरंजन सिंह, शिवशंकर उरांव, एएसआई संजय सिंह, मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार, संजय कुमार यादव, भाजपा नेता अरुण मिश्रा, राजीव रंजन, भोला गुप्ता, धनंजय जायसवाल, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश शौंडिक, मुखिया उमेश साव, एनसीपी नेता मनीष सिंह, अजय सिंह, संतोष प्रजापति, कृष्ण सिंह, अतहर, आनंद, संजय, मथुरा रजक, अजय, इरफान शाहिद, अनिल सहित शांति समिति के कई सदस्य बैठक में शामिल थे।

## बाइक से गिर कर महिला घायल, बीएचयू रेफर



**हरिहरगंज/पलामू (आजद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पत्थरा पुलिस पीकेट समीप दुबरीडीह गांव स्थित सड़क पर बनी ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर बाइक पर सवार महिला गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला थाना क्षेत्र के एकौनी गांव निवासी देवशरण यादव के पत्नी किसमतिया देवी (55) बताया जाता है। किसमतिया देवी बाइक पर सवार होकर अपने भाई रामबरन यादव के साथ औरंगाबाद रिसियप से एकौनी गांव जा रही थी। इस दौरान ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होने से पीछे की ओर गिर गयी। जिससे सिर में गंभीर रूप से चोटें आयी है। वहीं जानकारी के बाद परिजनों ने गंभीर हालत में औरंगाबाद ले गये। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए बनारस के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक घायल महिला के नाक और कान से खून का रिसाव जारी है।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में गुड टच-बैड टच पर कार्यशाला सह जागरूकता का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजद सिपाही)।** सीबीएससी के आदेशानुसार आरपीएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यार्थियों में गुड टच बैड टच की समझ विकसित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों को शिक्षिका श्रीमती रंजना, सुश्री अमृता, श्रीमती स्वेतलीना, सुश्री अनिता द्वारा स्मार्ट बोर्ड में विभिन्न जागरूकता वाली कोमल विडियो दिखाई गई इसमे सही और गलत स्पर्श की जागरूकता दी गयी। जिससे वे अपने आप को सुरक्षित रख सके एवं ऐसी स्थिति में लिए जाने वाले सकारात्मक कदम उठा सके। बच्चो में आत्मविश्वास आए एवं अपने पालक या शिक्षक को सूचित करें। इस अवसर पर हमारे पाठशाला में छात्र संगठन जिससे वे सम्पर्क कर सके, इसके बारे में भी उनको जागरूक किया गया। विद्यालय की इस पहल पर अभिभावक भी प्रसन्न हुए। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनुज शर्मा ने कहा कि आज के परिवेश को देखते हुए इस तरह के जागरूकता अभियान और भी अधिक महत्वपूर्ण एवं मूल्यवान हो जाते हैं क्योंकि एक अच्छी सोच और अच्छी कार्यशैली हमें और हमारे पूरे समाज को सुदृढ़ बनाती है।

## महुअरि मुखिया ने किया छात्र-छात्राओं के बीच बैग का वितरण



**हुसैनाबाद (आजद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरि पंचायत के प्राथमिक विद्यालय इमलियाबांध में पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने छात्र-छात्राओं के बीच बैग का वितरण किया। इस दौरान मुखिया सरिता कुमारी ने झारखंड सरकार के इस पहल को सराहनीय बताया।उन्होंने कहा कि गरीब छात्रों को सरकार हर मोड़ पर उसका साथ दे रही है ताकि गरीब का हर बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। मौके पर वार्ड सदस्य सोनू कुमार,समाजसेवी बिमलेश पासवान,विद्यालय के शिक्षक बिनय कुमार सिंह,नतिम अंसारी,विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष अभय सिंह समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

## स्पोर्ट्स




बड़े स्कोर का दबाव नहीं झेल सका बांग्लादेश : वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने 137 रन से हराया, मलान की सेंचुरी, टॉप्ली को 4 विकेट मिला।

# बड़े स्कोर का दबाव नहीं झेल सका बांग्लादेश : वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने 137 रन से हराया, मलान की सेंचुरी, टॉप्ली को 4 विकेट

**एजेंसी**




डेविड मलान 79 (59) जो रूट 69 (58)

**धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश)।** इंग्लैंड को वर्ल्ड कप के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश को हराया।

इंग्लैंड ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में पहला मुकाबला जीत लिया है। डिफेंडिंग चैंपियन ने धर्मशाला में बांग्लादेश को 137 रन के बड़े अंतर से हराया। इंग्लैंड को अपने पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड के हाथों 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

टॉस गंवाने के बाद इंग्लैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 364 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश 48.2 ओवर में 227 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। इंग्लैंड की तरफ से डेविड मलान ने 140 रन बनाए। जो रूट ने 82 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की तरफ से लेफ्ट आर्म पेसर रीस टॉप्ली ने 4 विकेट लिए।

बांग्लादेश पर बड़ी जीत के बाद इंग्लैंड अब पॉइंट्स टेबल में 10वें से पांचवें नंबर पर आ गया है। एक हार और जीत के साथ इंग्लैंड के 2 पॉइंट्स हैं। वहीं, बांग्लादेश के भी 2 मैच में एक जीत और एक हार से 2 पॉइंट्स हैं, टीम छठवें नंबर पर है।

**मैच में बने टॉप रिकॉर्ड्स**

1. इंग्लैंड की वर्ल्ड कप में बांग्लादेश पर सबसे बड़ी जीत कर इंग्लैंड ने बांग्लादेश को वर्ल्ड कप में तीसरा मैच हराया। टीम को 2 में हार भी मिली हैं। बांग्लादेश के खिलाफ रनों के लिहाज से टीम की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2019 में कार्डिफ के मैदान पर इंग्लैं ने 106 रन से मैच जीता था।

**2. धर्मशाला के मैदान पर सबसे बड़ा स्कोरः** इंग्लैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ 364 रन बनाए। ये धर्मशाला के मैदान पर सबसे बड़ा वनडे स्कोर है। इससे पहले 2014 में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 330 रन बनाए थे।

**बेयरस्टो की 16वीं फिफ्टीः** इंग्लैंड की ओर से ओपनिंग करने उतरे जॉनी बेयरस्टो अर्धशतक बनाकर आउट हुए। उन्होंने 59 बॉल में 52 रन की पारी खेली। उनके वनडे करियर की यह 16वीं फिफ्टी रही। उन्हें शाकिब ने आउट किया। बांग्लादेश के खिलाफ बेयरस्टो का 100वां वनडे था।

**बेयरस्टो और मलान के बीच सेंचुरी पार्टनरशिपः** बेयरस्टो और मलान ने सेंचुरी पार्टनरशिप कर अपनी टीम को सटीक शुरूआत दिलाई। दोनों ने 107 बॉल पर 115 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप को शाकिब अल हसन ने तोड़ा।

**मलान की छठवीं सेंचुरीः** इंग्लैंड के ओपनर डेविड मलान शतक बनाकर आउट हुए। उन्होंने 107 बॉल में 140 रन की पारी खेली। उनके वनडे करियर की यह छठवीं सेंचुरी है।

**रूट-मलान ने जोड़े 150+ रन**

115 रन पर पहला विकेट गिरने के बाद भी इंग्लिश बल्लेबाजों ने पारी को संभाले रखा। डेविड मलान और जो रूट ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 117 गेंदों में 151 रनों की साझेदारी की। इसमें रूट ने 69 (58) और मलान ने 79 (59) रन बनाए। इस पार्टनरशिप को मेहदी हसन ने तोड़ा। बांग्लादेश के पावरप्ले में 4 विकेट गिर गए। तंजिद हसन तमीम 1 रन, नजमुल हुसैन शांतो 0 रन, कप्तान शाकिब अल हसन 1 रन और मेहदी हसन 8 रन बना कर पवेलियन लौटे।

## मासस ने किसान महाजुटान रैली से कराया अपनी शक्ति का एहसास

# आइएनडीआइए गठबंधन के माथे पर घोषणा से पड़ेगा बल

### रैली के बहाने आगामी लोकसभा चुनाव में पेश की दावेदारी, प्रत्याशी उतारने की हुई घोषणा

शब्बीर हुसैन

**धनबाद।** मंगकवार को मार्क्सवादी समन्वय समिति ने धनबाद जिला मुख्यालय में किसान संग्राम समिति के बैनर तले किसान महाजुटान कार्यक्रम कर अपनी शक्ति का एहसास कराया। माना यह जा रहा है की जिले के निरसा और सिंदरी विधानभसा में फिलहाल चुनाव लड़ने वाले दल द्वारा लोकसभा चुनाव से पहले इस प्रकार से जिला मुख्यालय में अपनी ताकत दिखाना कहीं न कहीं लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन में अपनी दावेदारी पेश करने जैसी है। धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित किसान महाजुटान रैली में निरसा, सिंदरी, धनबाद, झरिया, टुंडी, कतरास, चंदनकियारी, बोकारो इत्यादि क्षेत्रों से वाहनों पर सवार होकर हजारों समर्थक व कार्यकर्ता पहुंचे थे। सभी के लिए भव्य पंडाल बनाया गया था। इसके साथ भव्य मंच बनाया गया था जहां से नेताओं रैली में पहुंचे लोगों को संबोधित किया। मंच पूर्व विधायक आनंद महतो सहित मासस के कई केंद्रीय नेता मौजूद थे।

**मासस आगामी लोकसभा चुनाव में धनबाद से देगी प्रत्याशी : अरूप चटर्जी :** मासस के केंद्रीय सचिव सह निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने पत्रकारों से कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से मासस यह मांग करती है कि राज्य को सुखाड़ घोषित किया जाए। इसके अलावे उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि जिस तरह से पिछले 10 वर्षों से केंद्र की मोदी सरकार में पब्लिक सेक्टर के उपक्रमो की बदहाली और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावे उन्होंने कहा विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सीबीआई और ईडी को केंद्र सरकार इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर कहा स्थानीय सांसद से यहां की जनता परेशान हो गयी है और आगामी लोकसभा चुनाव में परिवर्तन कर इसका जवाब देगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में मासस भी अपना प्रत्याशी देगी। : **झारखंड की पारंपरिक नृत्य और लौंडा नाच रहा आकर्षण का केंद्र**

आदिवासी नृत्य और मांदर नगाड़ों की थाप, दुर्लभ वाद्य यंत्र के अलावे कई प्रकार के पारंपरिक आदिवासी संगीत यंत्र के धुनों में नृत्य करती महिलाएं आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। इसके अलावे लौंडा नाच ने भी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।



### पूरा राज्य सुखाड़ घोषित हो : जगदीश रवानी

वहीं मार्क्सवाद युवा मोर्चा के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी ने कहा कि आज के कार्यक्रम के माध्यम से जिस प्रकार हमलोगों ने एकता का परिचय दीया है वह काबिल ए तारीफ है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सही समय पर बारिश नहीं होने की वजह से रोपनी पूरी तरह नहीं हो सका इस लिए राज्य को सुखाड़ घोषित किया जाए। इसके लिए धनबाद सहित राज्य भर में विस्थापित होने वाले गांव के लोगों को रोजगार मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड से केंद्र सरकार को 40 प्रतिशत टैक्स जाता है फिर भी यहां बेरोजगारी हैं। कहा कि आगे भी इसी तरह से हम सभी एकज्जुट रहेंगे तो हमे कामयाबी मिलेगी।

### पंडाल हुआ क्षतिग्रस्त, तो लोग खड़े होकर सुनते रहे भाषण

रैली के लिए बना भव्य पंडाल अचानक से क्षतिग्रस्त हो गया। पंडाल के छत पर लगा कपड़ा लटक गया। जिससे थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी मच गई। लोग अपनी अपनी कुर्सी छोड़ पंडाल से बाहर निकल गए। हालांकि थोड़ी ही देर में स्तिथि सामान्य हो गयी और लोग बाहर से हु खड़े होकर अपने नेताओं का भाषण सुनते रहे। भीड़ यथावत बनी रही।



### मासस ने कराया अपनी ताकत का एहसास आइएनडीआइए गठबंधन के माथे पर पड़ेगा बल

लोकसभा चुनाव में भले ही अभी कुछ महीनों के समय हो पर धनबाद में इन दिनों राजनीति पारा चढ़ा हुआ है। पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का संकल्प यात्रा, उसके बाद कांग्रेस की धनबाद लोकसभा समन्यव समिति की बैठक और अब किसानों के बहाने मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) की विशाल सभा धनबाद में बढ़ते राजनीति तापमान को दिखाने के लिए काफी हैं। हालांकि धनबाद लोकसभा में मुख्यत: पिछले दो दशक से लड़ाई कांग्रेस और भाजपा के ही बीच रही है। 2014 में तीन बार के सांसद रहे एके रॉय की जगह पूर्व विधायक आनंद महतो को पार्टी ने मैदान में उतारा। इसके बाद 2019 में धनबाद लोकसभा में मासस की केंद्रीय कमिटी ने प्रयाशी देने के बजाय कांग्रेस को सपोर्ट किया था। वहीं आगामी 2024 के चुनाव को लेकर मासस ने अभी से ही अपनी अपना दमखम दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार के कार्यक्रम के बहाने धनबाद लोकसभा सीट पर मासस ने अपनी मजबूत दावेदार पेश कर दी है। जिससे आईएनडीआईए गठबंधन के माथे पर बल पड़ना स्वाभाविक है क्योंकि धनबाद सीट पर कांग्रेस की शुरू से दावेदारी रही है।

## रेल मंडल में चलाया गया विशेष टिकट जांच अभियान



**धनबाद।** धनबाद मंडल के धनबाद से कोडरमा,कोडरमा से पहाड़पुर एवं गोमो से चन्द्रपुरा खंडों में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में एक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 396 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रीगण, महिलाओं के आरक्षित कोच में मिलने वाले पुरुष यात्रीगण एवं बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण भी शामिल थे। इस दौरान उनसे 140865 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। जांच अभियान के दौरान मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/ टिकट चेकिंग सहित सीटीआई, सीआईटी एवं बड़ी संख्या में टीटीई, आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौजूद थे। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस (13305), दुमका-रांची-दुमका इंटरसिटी एक्सप्रेस (13319/20), जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस (13152), पटना- रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस(12365), पुरूषोत्तम एक्सप्रेस (12801/ 02),पूर्णिया- हटिया- पूर्णिया एक्सप्रेस (18625/ 26),आसनसोल-वाराणसी- आसनसोल मेमू एक्सप्रेस(13553/54) गाड़ियों में चेकिंग की गई। इस तरह की चेकिंग धनबाद मंडल रेल द्वारा आगे भी लगातार की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य टिकेट काउंटर की बिक्री बढ़ाना एवं ऐसे यात्रियों पर लगाम लगाना है जो बिना टिकेट के यात्रा करते है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे।

## झाड़ियों में मिला युवक का शव, दो दिनों से था लापता

**चिरकुंडा।** मैथन ओपी अंतर्गत काली पहाड़ी दक्षिण पंचायत भवन से थोड़ी दूर झाड़ियों में मंगलवार को एक युवक का शव पाया गया। शव की पहचान कमलपूर निवासी लगभग 19 वर्षीय पिंटू महतो के रूप में हुई। मृतक पिंटू महतो के बारे मे बताया जाता है कि वह रविवार को अपने घर से निकला था शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने अपने स्तर से पिंटू की खोजबीन की। रिश्तेदारों के यहां भी पता किया लेकिन पिंटू का कुछ पता नहीं चला। पिता कन्हाई महतो द्वारा सोमवार को मैथन पुलिस को पिंटू के लापता होने की सूचना भी दी गई। मंगलवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मैथन पुलिस को सूचना दिया गया कि काली पहाड़ी दक्षिण पंचायत के पीछे कुछ दूर पर झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलने पर मैथन ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचे और शव का तलाशी ली। शव के पॉकेट से एक कीट नाशक का शिशी मिला। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने बताया कि मृतक के पिता द्वारा कल सूचना दिया गया था लेकिन कोई लिखित शिकायत नहीं कि गयी थी। अगर परिजनों को किसी तरह का कोई संदेह है तो लिखित शिकायत दें आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक पिंटू महतो को एक पुत्र और एक पुत्री है।

## विद्यालय परिवार ने सम्मान समारोह आयोजित कर किया स्वागत

# 15वीं स्टेट आर्चरी प्रतियोगिता में महुदा के शिवम ने प्रथम स्थान लाकर जीता गोल्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा के कुमारडीह में स्थित श्री श्री मंगल प्रभा जैन महाराज शिशु मंदिर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया 15 वां स्टेट आर्चरी प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रथम वर्ग का छात्र शिवम कुमार सिंह ने स्वर्ण पदक लाकर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य ने खेल भावना का परिचय देते हुए शिवम कुमार 75 प्रतिशत विद्यालय फीस माफ कर दिया। स्टेट लेवल आर्चरी प्रतियोगिता में शामिल होकर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने पर बाघमारा बीडियो ने उन्हें 500 रुपये पुरस्कार के रूप में देकर उनका सम्मान किया वहीं विद्यालय परिवार ने उसे मोमेंटो देकर मोमेंटो सम्मान किया। वहीं बीडीओ ने आश्वासन दिया कि वह कहीं पर भी रहे बच्चों से संबंधी किसी तरह की दिक्कत हो तो हमेशा खड़े रहेंगे आशीर्वचन देते हुए सभी को शुभकामना एवं बच्चों का उज्जवल भविष्य की कामना किया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य ने आश्वासन दिए की दुर्गा पूजा के बाद तीर-धनुष का प्रशिक्षण विशेष रूप से दिया जाएगा।




## बिजली बहाल हजारों की आबादी के चेहरों पर लौटी मुस्कुराहट

**लोयाबाद।** ढेड़ माह अंधेरे में रहने के बाद सोमवार को लोयाबाद सात नंबर की बिजली बहाल हो गई।करंट घरों में दौड़ते ही करीब पांच हजार आबादी के चेहरे पर मुस्कुराहट लौट आयी। अब अंधेरे में रहने वाले लोगो के घरों में रोशनी फैल गई।सभी ने नेताओं और अधिकारियों का आभार जताया हैं।बताया जाता है कि लोयाबाद सात नंबर के ट्रांसफार्मर में डेढ़ महीने पहले खराबी आ गयी थी। बारिश के वजह से खराब हुआ 750 केवीए का ट्रांसफर्मर बनाने में काफा समय लगता, तो बीसीसीएल प्रबंधन ने बदले में एक हजार केवीए का ट्रांसफर्मर देने पे राजी हुआ।शुरू में कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद और भाजपा नेता मनोज मुखिया ट्रांसफार्मर के लिए प्रयास किया।

# मोबाइल का देर रात तक प्रयोग करने से चिड़चिड़ापन स्वाभाविक है : सिविल सर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत एक कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन बोकारो डॉ. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में कॉम्प-2 एएनएम सेंटर के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सिविल सर्जन के द्वारा द्वीप प्रज्जलित कर किया। साथ ही सिविल सर्जन द्वारा जनमानस हेतु मानसिक स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधित फोबिया, आत्महत्या व मोबाईल के लत संबंधित पम्पलेट का विमोचन किया। जो लोग देर रात तक मोबाइल का प्रयोग करते है उनके दिनचर्या में अधिक गुस्सा का आना और चिडचिडापन सौभाविक है। डॉ. दिनेश कुमार ने सभी को बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के बिना हम पूर्ण स्वास्थ्य की परिकल्पना नही कर सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है जिस पर लोग खुलकर बात नहीं करना चाहते हैं बल्कि झाड़-फूक से उपचार कर अपने स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में हम सभी स्वास्थ्य कर्मी की जिम्मेदारी बनती है कि मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियों की पहचान मानसिक स्वास्थ्य कैम्प के दौरान करके बिना भेदभाव उन्हें मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराया जाय। साथ ही यह देखा गया है कि आज कल लोग मोबाईल का प्रयोग देर रात तक करते है जिसके वजह से वह समय पर नींद नही लेते है जिसकी वजह से उनके दिनचर्या में अधिक गुस्सा का आना और चिडचिडापन सौभाविक है। उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ. अरबिंद कुमार द्वारा बताया कि मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धित पम्पलेट का मुख्य उददेश्य आमजनों में मानसिक रोगों के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को समाप्त करना, मानसिक रोगों के विषय में जागरूकता लाना व विषम परिस्थितियों में कहां से मदद मिल सकती है यह बतलाना व मानसिक रोगों को प्रारम्भ में पहचान कर उसका उपचार करने में समर्थ बनाना है। अन्त में नोडल पदाधिकारी, कर्मी व मीडिया बंधुओं से अनुरोध किया गया कि इस कार्यक्रम को सफल तभी बनाया जा सकता है। जब हम सब बिना कोई संकोच किये इस विषय पर खुल कर बाते करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक हो।



## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ समापन

# देश के लिए बलिदान देनेवाले बहादुर सेनानियों के नाम रहा कार्यक्रम : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता




झरिया। झरिया क्षेत्र की जिस मिट्टी के कण कण में देशभक्ति का जज्बा बसा हो वह मिट्टी अब अमृत कलश के साथ नई दिल्ली जाएगी। आजादी के 76वें वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार के नये नवाचार के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन जिले भर में किया गया था जिसका आज समापन है। उक्त बाते भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने मंगलवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित मेरी माटी मेरा देश समापन कार्यक्रम के दौरान कहीं। समापन कार्यक्रम में धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह और धनबाद महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह भी मौजूद थे। इस दौरान सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान उन बहादुर सेनानियों को नमन करने के लिए शुरू किया गया है, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान दिया है। देश के लिए अगले 25 साल अमृतकाल के हैं। अमृतकाल में भारत को विकसित राष्ट्र की कतार में खड़ा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन-रात जुटे हैं। कहा कि यह अभियान भारत के जन-जन को महान भारत के निर्माण से जोड़ने का उपक्रम है। वही रागिनी सिंह ने कहा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मंगलवार को मिट्टी संग्रह किया।


## ई–प्रोक्योरमेंट सेल

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/BOKARO/21/2023-24 दिनांकः– 10.10.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | *Repairing & Renovation of Schedule Caste Boys Welfare Hostels (4 Nos.) at Mirdha, Chas, Bokaro for the Year 2023-24* | Rs. 91,90,800.00 | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.10.2023 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 19-10.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20-10.2023 को अपराह्न 12.00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 20-10.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9905899979/7667757032 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग।

PR 308804 Building(23-24)D



## ई-प्रोक्योरमेंट सेल

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/RAMGARH/22/2023-24 दिनांकः– 10.10.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of District Combined Dispensary Cum Office at Ramgarh | Rs. 85,08,600.00 | 7 (Seven) Months |
| 2 | Construction of Lecture Room in Library Building Ramgarh | Rs. 92,31,850.00 | 7 (Seven) Months |
| 3 | Construction of Additional 10 Cl ass Room in the Upgraded High School, Kothar, Ramgarh | Rs. 99,95,900.00 | 7 (Seven) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.10.2023 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 19-10.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20-10.2023 को अपराह्न 12.00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 20-10.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9110983022/7667757032 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव/ सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

**note:** *UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग।

PR.NO.308805 Building(23-24):D



## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक.........................खूँटी, **आम सूचना** दिनांक.....................

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी अन्तर्गत गया मुण्डा कम्प्लेक्स में वैसे दुकानदार जिनका दुकान किराया बहुत दिनों से बकाया है अनुमण्डल पदाधिकारी, खूँटी के निर्देशानुसार दिनांक 27.09.2023 को सील किया गया था तथा बराह दिन बीत जाने के बाद भी बड़े बकायेदारों द्वारा राशि कार्यालय में जमा नहीं किया गया है। अतः यह अंतिम स्मार दिया जाता है कि दिनांक 12.10.2023 समय 5.00 अपराह्न तीन दिनों के अन्दर बकाया राशि को जमा करें अन्यथा सील हुए दुकानों के एकरारनामा को रद्ध करते हुए झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के धारा 181 एवं 184 (1) के तहत विधि सवंत कारवाई करते हुए बकाया राशि की वसूली की जाएगी। साथ ही 10,000/– से अधिक जिनका किराया बाकी है। उन बकायेदारों को भी सूचित किया जाता है कि वे भी अपने बकाया राशि का भुगतान समय से कर दें। अन्यथा अक्टूबर माह में इन दुकानदार पर कारवाई नगर पचांयत के द्वारा किया जाएगा। इनका नाम सूची में अंकित नहीं है।

GAYAMUNDA COMPLEX

| NEVER PAID | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Sl.No. | Shop No. | GROUND FLOOR | | Amount. |
| 1 | 14 | अनिल खलखो | जोजोटोली, बाजार टांड़, खूँटी | 121500/- |
| 2 | 15 | सुनिल खलखो | जोजोटोली, बाजार टांड़, खूँटी | 121500/- |
| 3 | 24 | श्वेता प्रीति कुजूर | कठर टोली, राँची | 120000/- |
| 4 | 19 | सबिता कुमारी | जमुवादाग, थाना सोनाहातु | 95000/- |
| | | 1ST FLOOR | | |
| 5 | 02 | राजकुमार भगत | डाक बंगला रोड | 362960/- |
| 6 | 07 | राजकुमार भगत | डाक बंगला रोड | 81200/- |
| 7 | 08 | राजकुमार भगत | डाक बंगला रोड | 81200/- |
| 8 | 09 | राजकुमार भगत | डाक बंगला रोड | 81200/- |
| 9 | 23 | मो0 अताउल अंसारी | जन्नत नगर, खूँटी | 118080/- |
| 10 | 24 | मो0 अताउल अंसारी | जन्नत नगर, खूँटी | 118080/- |
| 11 | 28 | अभय निरज खलखो | अमृतपुर, कदमा | 127440/- |
| 12 | 29 | अभय निरज खलखो | अमृतपुर, कदमा | 127440/- |
| 13 | 42 | रमेश कुमार | कर्रा रोड | 137160/- |
| 14 | 40 | पीटर पुर्ति | कोटना, बुरजू | 123440/- |

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 308736 Urban Development(23-24)#D

## न्यूज रील्स

### बिहार के जेल में साइकोलॉजिस्ट की बहाली होगी

**पटना।** नीतीश सरकार बिहार के जेल में मानसिक रोगियों को विशेष सुविधा मिलेगी। सभी आठ सेंट्रल जेल में एक क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट की बहाली होगी। यह बहाली कांट्रैक्ट पर की जायेगी। नीतीश सरकार कैबिनेट ने मंगलवार को इसकी मंजूरी दे दी।

### एक करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे : योगी

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश में आनेवाले दिनों में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा। मंगलवार को सीएम योगी ने इसका एलान किया है। उन्होंने कहा कि छह साल में छह लाख से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी दी गयी। पहले की सरकारों में युवा नौकरियों से वंचित रहते थे। नौकरियां आती थीं, लेकिन भ्रष्टाचार के चलते एक ही वर्ग के लोगों को मिल जाती थीं। ये अन्याय हमने खत्म कर दिया है। सीएम एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## एशियाड में हिस्सा लेनेवाले खिलाड़ियों से मिले मोदी, कहा

# युवाओं को नशे के रास्ते पर जाने से रोकें, आपने देश का सिर गर्व से ऊंचा किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को एशियाड में हिस्सा लेकर लौटे भारतीय दल से मिले। यह कार्यक्रम नयी दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हुआ। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा- अब आपकी यह भी जिम्मेदारी है कि रास्ता भटक चुके युवाओं को नशे के रास्ते पर जाने से रोकें। आपने देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। कार्यक्रम में एशियन गेम्स के लिए भारतीय एथलीट, कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ खेल मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। भारतीय दल में 655 खिलाड़ी थे। चीन में हुए इन गेम्स में भारत ने 107 मेडल जीते।



इससे पहले सबसे ज्यादा मेडल भारत ने 2018 एशियाड में जीते थे। तब हमारी मेडल टैली 70 थी।

### मोदी के भाषण की अहम बातें

स्टेडियम में 1951 में पहला एशियन गेम्स हुए थे। आपके पराक्रम और परिणाम के कारण देश के हर कोने में उत्सव का माहौल है। 100 पार के लिए सभी ने दिन रात एक कर दिया। मैं देश की ओर से खिलाड़ियों के साथ कोच और सपोर्ट स्टाफ का आभार व्यक्त करता हूं। आपके माता पिता को भी वंदन, क्योंकि शुरूआत घर से होती है। करियर स्पोर्ट्स में बनाओ तो कभी-कभी विरोध होता है। मुझे संतोष है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं।

एथलेटिक्स और शूटिंग में सबसे ज्यादा मेडल भारत ने जीते। आर्चरी और स्क्वॉश, रोविंग और फीमेल बॉक्सिंग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। आप लोगो ने गोल्ड की झड़ी लगा दी। शॉटपुट, घुड़सवारी, बैडमिंटन और रीले में दशकों बाद मेडल मिले है।

### भारत के लिए शुभ संकेत

मोदी ने आगे कहा- हमारे मेडल का बढ़ना भारत के लिए शुभ संकेत है। आपने कई खेलों में सिर्फ मेडल का खाता ही नहीं, लेकिन रास्ता भी खोला है। एक ऐसा रास्ता जो ओलिंपिक के सफर को नया विश्वास देगा। इस बार हमारी नारी शक्ति का प्रदर्शन भी शानदार रहा। हमारे देश में टैलेंट की कमी नहीं रही। जीत का जज्बा हमेशा रहा है। पहले भी हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन चुनौतियों के कारण हम मेडल में पीछे रह जाते थे। अब हम आधुनिक बन रहे है। बजट में भी हमने बढ़ोतरी की है।

### पेरिस ओलिंपिक्स में हम नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे : अनुराग ठाकुर



खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि, भारतीय खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। हमारे खिलाड़ियों ने चीन की धरती परभारत के तिरंगे को ऊपर किया। इसी के साथ भारत ने अब की बार 100 पार का गोल भी अचीव किया। हम 2024 पेरिस ओलंपिक्स में हम नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

### बच्चे आपसे प्रेरणा लेते हैं

प्रधानमंत्री ने आगे कहा- इन एशियन गेम्स में 40 खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया से निकल कर मेडल जीते। इस बार मेडल टैली में कम उम्र के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। अब आपकी ये भी जिम्मेदारी है कि आप युवाओं को गलत रास्ते पर जाने से रोकें। नशा करने से रोके। नशीली दवाओं से खतरे कर बारे में बताएं और उन्हें जागरुक करें। आपने जिस तरह अपनी डाइट को मैंटेन किया है, इस बारे में युवाओं को बताएं। 22 अक्टूबर से पैरा एशियन गेम्स होने जा रहे है। मैं सभी पैरा एथलीट को शुभकामनाएं।

**टोक्यो ओलिंपिक्स के बाद प्लेयर्स के साथ किया था ब्रेकफास्ट :** 2021 में टोक्यो ओलिंपिक के बाद पीएम मोदी ने टोक्यो से लौटे भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की थी। पीएम ने खिलाड़ियों को अपने रेसिडेंस लोक कल्याण मार्ग में बुलाया था।

**भारत ने एशियन गेम्स में एतेहासिक प्रदर्शन किया :** एशियन गेम्स में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पहली बार मेडल की सेंचुरी लगाई। देश ने 72 साल के एशियाड इतिहास में अपना बेस्ट प्रदर्शन किया और कुल 107 मेडल जीते। इनमें 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज शामिल रहे। भारत ने 37 साल बाद मेडल टैली के टॉप-5 पोजिशन में भी फिनिश किया।

## केंद्रीय मंत्री ने मुलाकात कर दी बधाई, कहा

# युवा खिलाड़ी अमित का प्रदर्शन काफी सराहनीय



आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को नयी दिल्ली स्थित अपने आवास पर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करने वाले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी अमित रोहिदास से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया कि एशियाई खेल प्रतियोगिता में इस प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी का प्रदर्शन बेहद सराहनीय है। उनकी सफलता से प्रेरित होकर मेरा दृढ़ विश्वास है कि आने वाले दिनों में ओड़िशा से कई हॉकी खिलाड़ी उभरेंगे और अपने प्रदर्शन से हमारे देश और राज्य को गौरवान्वित करेंगे।

# पूर्व डीजीपी शरत चंद्र मिश्र का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** भुवनेश्वर से एक दुखद खबर आई है। राज्य के एक पूर्व आईपीएस अधिकारी का निधन हो गया है। पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शरत चंद्र मिश्र का निधन हो गया है। शरत ने 88 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। शरत के भाई और पूर्व डीजीपी बिपिन बिहारी मिश्र ने शरत की मौत से जुड़ी जानकारी दी। जानकारी के



मुताबिक शरत डेंगू से पीड़ित थे। उनका इलाज राजधानी भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। हालांकि, आज सुबह 7:22 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। इसकी जानकारी उनके भाई और पूर्व डीजीपी बिपिन बिहारी मिश्र ने दी। शारत का अंतिम संस्कार पूरी स्वर्ग द्वार में किया जायेगा। शरद 1959 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। शरत प्रशासनिक क्षेत्र में लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने खुद को साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में व्यस्त रखा। वे साहित्य के क्षेत्र में लिखने के साथ-साथ कई मीडिया माध्यमों में भी अपराध, कानून, सुरक्षा आदि पर अपने विचार व्यक्त करते थे। उन्हें ओड़िशा साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला।

उन्होंने केंद्र सरकार के रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (र) के लिए भी काम किया है।

## जगन्नाथपुरी में 1 जनवरी से ड्रेस कोड लागू होगा

# मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं के फटे जींस, स्कर्ट और स्लीवलेस कपड़े पहनने पर रोक लगायी


**मंदिर में भगवान रहते है। यह मनोरंजन की जगह नहीं है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओड़िशा।** ओड़िशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को अब ड्रेस कोड फॉलो करना होगा। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि अगले साल 1 जनवरी से ड्रेस कोड लागू किया जायेगा। ड्रेस कोड के बारे में श्रद्धालुओं को आज से ही जागरूक किया जायेगा। जानकारी के मुताबिक, ड्रेस कोड लागू होने के बाद लोग जगन्नाथ मंदिर में हाफ पैंट, फटे जीन्स, स्कर्ट और स्लीवलेस कपड़े



पहनकर नहीं जा सकेंगे। मंदिर की नीति सब-कमेटी की मीटिंग में यह फैसला लिया गया है। हालांकि, मंदिर में किस तरह के कपड़े पहनने की इजाजत होगी, अभी यह तय नहीं हुआ है। जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन के चीफ रंजन कुमार दास ने बताया कि कुछ लोग मंदिर के भीतर असभ्य कपड़े पहनकर आते हैं। कुछ लोग हाफ पैंट और स्लीवलेस कपड़ों में आते हैं, जैसे बीच या पार्क में घूमने आए हो। मंदिर में भगवान रहते है। यह मनोरंजन की जगह नहीं है। इससे दूसरे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती है।

























| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**